CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 25°C

लखनऊ, सोमवार 7 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 246 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

उप्र में नया क्यूआर कोड सिस्टम हुआ लागू

पेज 2

बर्मिंघम में टीम इंडिया की 58 साल में पहली जीत

खेल टाइम्स

बांग्लादेश के चुनाव आयोग के तत्कालीन सुधारों को समझिए

सम्पादकीय

अमेरिकी हमलों के बाद पहली बार सामने आए खामेनेई

पेज 2

पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ से सरकारी बंगला खाली कराएं

नई दिल्ली। पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपने सरकारी बंगले (5, कृष्ण मेनन मार्ग) में तय समयसीमा से ज्यादा रह गए हैं। अब सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा कि पूर्व सीजेआई से उनका बंगला जल्द खाली कराया जाए, ताकि हम उसे कोर्ट के हाउसिंग पूल में शामिल कर सकें। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई को मिलाकर 33 जज हैं। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सेंक्शन संख्या 34 है। शीर्ष कोर्ट के चार जजों को अभी तक सरकारी बंगला नहीं मिला है। तीन जज सुप्रीम कोर्ट के ट्रांजिट अपार्टमेंट, जबकि एक जज स्टेट गेस्ट हाउस में रह रहे हैं। शीर्ष कोर्ट ने जल्द से जल्द 5, कृष्ण मेनन मार्ग बंगला लौटाए जाने की मांग की है।

ब्रिटिश फाइटर जेट F-35 को ठीक करने 40 इंजीनियर पहुंचे

तिरुअनंतपुरम। ब्रिटिश फाइटर जेट एफ-35 को ठीक करने ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम रविवार को भारत पहुंच गई है। टीम तय करेगी कि विमान की मरम्मत यहीं हो सकती है या वापस यूके भेजना होगा। पहले ब्रिटेन की इस टीम को 2 जुलाई को आना था। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 23 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है।

मणिकर्णिका घाट की छत पर हो रहा अंतिम संस्कार

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा उफान पर है। गंगा में हर घंटे 1 सेमी पानी बढ़ रहा है। गंगा 62.62 मीटर पर बह रही है। खतरे का निशान 71.262 मीटर है। महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पानी में डूबा है, इसके कारण चिताएं छत पर जलाई जा रही हैं। मध्य प्रदेश में 21 जिलों में रविवार को बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लगातार बारिश जारी है। अगले 24 घंटे में 8 इंच बारिश की संभावना है। जबलपुर में बरगी बांध के 9 गेट खोले गए हैं। पहले से उफान पर नर्मदा नदी का जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। शहडोल में जिला अस्पताल के कई वार्ड में पानी भर गया। राजस्थान के श्रीगंगानगर में दो मकानों की छत गिर गई। हादसे में 5 साल के बच्चे की मौत हो गई। पांच लोग घायल हैं।

नितिन गडकरी का बेबाक मत

विश्व युद्ध में बदल सकती है सुपर पावर देशों की हनक

नागपुर, वार्ता

- इजरायल-ईरान जैसी पुनरावृत्ति हुई, तो हालात होंगे बदतर
- महाशक्तियों की तानाशाही से दुनिया से प्रेम होता जा रहा खत्म

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि दुनिया में रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान जैसे युद्धों के कारण दुनियाभर में टकराव का माहौल बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति बन रही है जिससे कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर में बियान्ड बॉर्डर्स नाम के पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में संघर्ष का वातावरण है। रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जारी हैं। ऐसे हालात बन रहे हैं कि कभी भी वर्ल्ड वॉर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर भारत की सांस्कृतिक विरासत की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध की धरती है, जिसने दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया है। नितिन गडकरी ने कहा कि युद्ध की तकनीक अब पूरी तरह बदल चुकी है। अब टैंक और पारंपरिक विमान कम उपयोगी हो गए हैं, जबकि मिसाइल और ड्रोन जैसे आधुनिक हथियारों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब मिसाइलें सीधे नागरिक बस्तियों पर गिराई जा रही हैं, जिससे मानवता की रक्षा करना मुश्किल होता जा रहा है। यह एक गंभीर समस्या है जिस पर वैश्विक स्तर पर चर्चा की जरूरत है।

दुनिया को नई व्यवस्था की जरूरत: मोदी

ग्लोबल साउथ देशों के बिना वैश्विक संस्थाएं बिना नेटवर्क वाले मोबाइल की तरह

रियो डी जनेरियो, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ब्रिक्स समिट में एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। पीएम ने कहा कि 20वीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं।

एआई के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होता। 20वीं सदी के टाइपराइटर 21वीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है, लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।

पीएम मोदी को 'की टू द सिटी सम्मान', भारत-अर्जेंटीना संबंधों में मील का पत्थर

ब्यूनस आयर्स। पीएम मोदी को शनिवार को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान की टू द सिटी (शहर की चाबी) सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान भारत और अर्जेंटीना के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया। यह सम्मान विश्व के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को ही दिया जाता है, जो किसी शहर के साथ विशेष संबंध बनाते हैं या उस शहर में सांस्कृतिक, राजनीतिक या आर्थिक जुड़ाव बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान के प्रति आभार जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ब्यूनस आयर्स के सिटी गवर्नमेंट प्रमुख जार्ज मैकरी से 'की टू द सिटी' प्राप्त करना मेरे लिए गौरव की बात है।

ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे सहित 67 सड़कें बंद

शाह टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी के समीप एनएच विभाग की ओर से करीब 24 मीटर लंबे स्पान के बैली ब्रिज का निर्माण कर रहा है। मौसम का साथ मिलने पर विभाग ने काम में तेजी लाई।

इसके साथ ही स्यानाचट्टी में सिंचाई विभाग की ओर से यमुना नदी में बनी झील के मुहाने से मलबा हटाने का कार्य जारी है। बीते 28 जून को यमुनोत्री हाईवे का हिस्सा ओजरी में बह गया था। राज्य में ऋषिकेश-यमुनोत्री-राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 67 सड़के बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रुद्रप्रयाग जिले में चार ग्रामीण सड़कें, उत्तरकाशी में एक एनएच सहित 11 ग्रामीण सड़कें, नैनीताल में दो, चमोली में एक राज्य मार्ग सहित 21 ग्रामीण सड़कें, पिथौरागढ़ में छह ग्रामीण, अल्मोड़ा में एक राजमार्ग और एक ग्रामीण, बागेश्वर जिले में 11 ग्रामीण, पौड़ी गढ़वाल में तीन ग्रामीण, देहरादून में दो ग्रामीण और टिहरी जिले में तीन ग्रामीण सड़के मलबा आने से बंद हैं।

राफेल लड़ाकू विमान के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा चीन

पेरिस। फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसियों ने अपनी एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा किया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिये फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की क्षमता पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के बाद इस दुष्प्रचार में तेजी आई है। चीन, राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले अपने लड़ाकू विमानों को बेहतर बनाकर पेश कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के दूतावासों में तैनात डिफेंस अताशे विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू जेट नहीं खरीदने पर जोर दे रहे हैं।

रॉयटर्स का एक्स अकाउंट ब्लॉक होने पर केंद्र ने दी सफाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट की गलती बताई

नई दिल्ली। भारत सरकार ने रविवार को कहा कि उसने अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स के एक्स अकाउंट को ब्लॉक करने का कोई निर्देश नहीं दिया है और अकाउंट को ब्लॉक करना माइक्रोब्लॉगिंग साइट की ओर से एक 'गलती' है।

केन्द्र सरकार की यह टिप्पणी भारत में रॉयटर्स के एक्स अकाउंट पर दिखाए गए एक नोटिस के जवाब में आई है, जिसमें कहा गया है कि कानूनी मांग के अनुरूप इसे 'विदहेल्ड' किया गया था। अधिकारी ने हाल ही में ऐसी कोई मांग करने से इन्कार करते हुए कहा कि इस मामले में एक्स से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने एक आदेश जारी किया था। लेकिन एक्स ने अब इसे लागू किया है, जो उनकी ओर से एक गलती है। इस बीच समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने, अब तक इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की। रिपोर्टों के अनुसार, भारत में केवल रॉयटर्स न्यूज़ एजेंसी और रॉयटर्स वर्ल्ड के आधिकारिक अकाउंट एक्स पर बंद हैं, लेकिन इसके अन्य संबद्ध हैंडल, जिनमें रॉयटर्स टेक न्यूज़, रॉयटर्स फैक्ट चेक, रॉयटर्स एशिया और रॉयटर्स चाइना आदि एक्स पर देखे जा सकते हैं।

वारदात के बाद आरोपी घंटों पीते रहे शराब

कोलकाता गैंगरेप

कोलकाता, वार्ता

- ढाबे पर खाना खाया, फिर घर लौटे
- गार्ड को धमकाया, किसी को कुछ मत बताना

कोलकाता लॉ कॉलेज गैंगरेप केस में पुलिस ने नए खुलासे किए हैं। जांच में सामने आया है कि वारदात के बाद मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा और उसके साथी (प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद) ने कॉलेज के गार्ड रूम में घंटों तक शराब पी।

सिक्योरिटी गार्ड पिनाकी बनर्जी को धमकाया कि वह इस घटना के बारे में किसी को कुछ न बताए। इसके बाद ईएम बाइपास पर एक ढाबे पर खाना खाने गए। फिर अपने-अपने घर लौट गए। पुलिस के अनुसार, घटना के अगले दिन 26 जून को मनोजीत मिश्रा को जब हालात की गंभीरता का एहसास हुआ तो उसने साउथ कोलकाता के देशप्रिय पार्क इलाके में रहने वाले एक प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क किया। वह व्यक्ति पहले भी उसकी मदद कर चुका था। हालांकि, इस बार उसने मनोजीत से पीछे हटने की सलाह दी। साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा यहीं का पूर्व छात्र है। बाकी 2 आरोपी मौजूदा स्टूडेंट्स हैं। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को 26 जून को गिरफ्तार किया गया था।

IFTM UNIVERSITY
(Established under Section 2 (f) of UGC Act 1956 by UP Govt. Act No. 24 of 2010)
Lodhipur Rajput, Delhi Road, Moradabad - 244102 (U.P.)
NAAC A
29 Years of Excellence in Quality Education
REGISTRATIONS / ADMISSIONS OPEN FOR THE SESSION 2025-26

MANAGEMENT 9458032396, 9837350198, 8791090789
• BBA -3 yrs. • MBA
• BBA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Com -3 yrs. • M.Com
• B.Com (Hons. with Research) - 4yrs.
• Diploma in Hotel Mgmt. (DHM)
• Bachelor of Hotel Mgmt. & Catering Technology (BHMCT)
• Master of Hotel Management (MHM)

PHARMACY 9451751810, 7906044144, 9927111259
• D. Pharm
• B. Pharm
• B. Pharm (2nd Year Lateral Entry)
• M.Pharm
- Pharmaceutics
- Pharmacology
- Pharmaceutical Chemistry
- Pharmacognosy

COMPUTER 9319160550, 9410013261, 9927048126
• BCA/BCA (Data Sci.) - 3 yrs. • MCA
• BCA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Tech • M.Tech
Computer Science & Engineering
Artificial Intelligence & Machine Learning
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry) • PGDCA

ENGINEERING 9997998354, 9458526285, 9997474743
• B.Tech
- Electronics & Comm. Engineering
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry)
• M.Tech
- Electronics & Comm. Engineering
- Electrical Engineering (Power Sys. Engg.)
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering (Structural Engg.)

BIOTECHNOLOGY 9837612666, 7017344483, 9760353953
• B.Tech • M.Tech
- Biotechnology
• B.Sc. - 3 yrs. • M.Sc.
- Biotechnology
- Food Technology
- Microbiology
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs.
- Biotechnology
- Microbiology

AGRICULTURE 8477061540, 9456981453, 9758531198
• B.Tech
- Agricultural Engineering
• M.Tech
- Farm Machinery & Power Engineering
- Soil & Water Conservation Engineering
- Process & Food Engineering
• B.Sc. (Hons.) - Agriculture
• M.Sc. (Ag.)
- Agronomy
- Horticulture (Veg. Sci., Floriculture & Landscaping)

POLYTECHNIC 7310703861, 9457636158, 8923771133
• Diploma in Engineering
- Electronics Engineering
- Electrical Engineering
- Computer Engineering
- Computer Engg (Artificial Intelligence)
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Production Engineering
- Refrigeration & Airconditioning
• Diploma in Engineering (2nd Year Lateral Entry)

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

SCIENCES 9412391675, 9259410042, 8077580771
• B.Sc. - 3 yrs.
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs.
- Physics - Zoology
- Chemistry - Botany
- Mathematics
• M.Sc.
- Physics - Zoology
- Chemistry - Botany
- Mathematics
• B.Sc.
- Home Science
• M.Sc.
- Home Science

HUMANITIES 9997473840, 7505488018, 7906392179
• BA -3 Yrs.
• BA (Hons. with Research) - 4yrs
- English - Hindi - Economics
- Sociology - Geography - Education
- Political Science - Home Science
- History - Sanskrit
• MA
- English - Hindi - Economics
- Sociology - Geography - Education
- Political Science
• Master of Social Work (MSW)
• B.Lib. M.Lib.
• BA (Journalism)
• MA (Journalism)

EDUCATION 8126543884, 7906512226, 8445230387
• BA-B.Ed. • B.Ed.
• B.Sc.-B.Ed. • M.Ed.

LAW 8791491123, 9837589666, 9412565607
• B.A.-LL.B. • B.B.A.-LL.B.
• LL.B. • LL.M.

SPECIAL FACILITIES
• Free Uniform to the students
• Fee waiver to meritorious students
• Separate Hostels for Girls and Boys
• Career- Oriented and Skill Development Courses
• Convenience of lift in most of buildings of the University
• Banking facility with ATM
• Post Office facility on Campus
• Wi-Fi / Internet facility
• Canteen / Cafeteria facility for students
• Medical facility (Dispensary and Ambulance)
• Sports facility (In-door & Out-door games)

छात्राओं के लिए ट्यूशन फीस में 10% की छूट
SUNDAY OPEN

Free Bus Service for Pick and Drop from the City and places nearby, namely, Hasanpur, Gajraula, Dhanaura, Nauganva Sadaat, Amroha, Bilari, Chandausi, Kanth, Seohara, Sherkot, Dhampur, Nagina, Noorpur, Ganva, Chandpur, Singhpur Sahni, Asmoli, Sambhal, Rampur, Thakurdwara, Milak, Behjoi, Bisauli, Saidnagli, Dilari, Shahbad, Tanda, Bhawalpur, Agwanpur, MDAColony and Lajpatnagar.
Telephone- 9639004077, 9837504666, (0591)- 2360817/18
E-mail : admissions@iftmuniversity.ac.in Website : www.iftmuniversity.ac.in

संक्षिप्त समाचार

हाईटेंशन लाइन से ताजिया टकराया एक युवक की मौत

अलीगढ़। यूपी के अलीगढ़ में ताजिए के हाईटेंशन लाइन से टकराने पर एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शहर के रोरावर थाना क्षेत्र के जलालपुर इलाके में हुई। रविवार शाम 4:45 बजे मुहर्रम का जुलूस निकाला जा रहा था। इस दौरान जलालपुर क्षेत्र में ताजिया अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन तार से टकरा गया, जिससे उसमें करंट प्रवाहित हो गया। करंट लगने से तीन लोग इसकी चपेट में आ गए। हादसे में रोरावर थाना क्षेत्र के अलहदादपुर नीवरी मोहल्ले के निवासी अरवान (20 वर्ष), पुत्र अनवार खान की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

राजौरी में दुर्घटनावश गोली लगने से सैनिक की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के धर्मसल इलाके में रायफल से दुर्घटनावश गोली लगने से सेना के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस ने आज यहां बताया कि जवान धर्मसल में अपनी यूनिट में ड्यूटी पर था, तभी उसकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुरानी व नई दिल्ली स्टेशनों के नाम बदले जाएं

नई दिल्ली। बीजेपी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के नाम बदलने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर 'अटल बिहारी वाजपेयी रेलवे स्टेशन' रखा जाए और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम 'महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन' किया जाए।

बिहार के लोगों के मताधिकार छीन रही सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार चुनाव आयोग के साथ मिलकर बिहार के लोगों के वोट देने के अधिकार को छीनना चाहती है, इसलिए चुनाव से ठीक पहले मतदाता पहचान पहचान के लिए सदन अभियान चलाकर मतदाता सूची तैयार करने का काम किया जा रहा है।

कांग्रेस का कहना है कि जो काम उसे समय से कर देना चाहिए था वह चुनाव से ठीक पहले शुरू किया जा रहा है, ताकि मतदाता समय पर शर्तों के अनुसार कागजात जमा नहीं कर पाएं और और उन्हें मतदान से वंचित रखा जा सके। पार्टी ने कहा कि बिहार वासियों सावधान। चुनाव आयोग के साथ मिलकर मोदी सरकार आपके वोट के अधिकार को छीन लेना चाहती है। इतना ही नहीं, आपकी नागरिकता भी खतरे में है। बूथ स्तर के एक अधिकारी-बीएलओ का साफ कहना है कि अगर आप कागज नहीं दिखा पाए, तो वोट देने का अधिकार तो गया ही आपकी नागरिकता भी खत्म कर दी जाएगी। कांग्रेस का कहना है कि चुनाव आयोग बिहार में मतदाता सूची की जांच कर रहा है। इसके लिए लोगों से कागज दिखाने को कहा गया है, लेकिन इसमें आधार कार्ड और वोटर पहचान पत्र शामिल नहीं हैं। बिहार के अधिकतर लोगों के पास पहचान साबित करने कि लिए सिर्फ आधार कार्ड है जिसे चुनाव आयोग मानने को तैयार नहीं है। इससे बिहार के करोड़ों मतदाताओं के ऊपर मतदान सूची से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है, जो सरासर अन्याय है। पार्टी ने कहा कि ये साजिश है। वोट का अधिकार छीन लेने की साजिश, जो मोदी सरकार और चुनाव आयोग ने मिलकर रची है।

पीएम मोदी को नहीं हटाया, तो ले लूंगा संन्यास

कांग्रेस नेता अजय राय ने दिया 2029 को लेकर बयान

वाराणसी। यूपी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर वाराणसी के पिंडरा विधानसभा में कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता अजय राय ने ऐलान कर दिया कि अगर वह 2029 में प्रधानमंत्री मोदी को वाराणसी से नहीं लौटा पाए, तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। वाराणसी के पिंडरा विधानसभा में कामरेड उदल पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल सहित इंडिया गठबंधन के नेता और सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस नेता अजय राय ने मंच से संबोधित करते हुए 2027 के साथ-साथ 2029 को लेकर भी बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आप लोग हमें 2027 चुनाव जिताइए, आपसे वादा करता हूं 2029 में पीएम मोदी बनारस छोड़कर भाग नहीं गए, तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। 2022 में वाराणसी के विधायक जीते नहीं, बल्कि ताकत के बल पर उन्हें जिताया गया, नहीं तो हम 2022 में यहां से जीत गए होते।

अमेरिकी हमलों के बाद पहली बार सामने आए खामेनेई

तेहरान, वार्ता

■ राजधानी तेहरान में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में ईरान के सर्वोच्च नेता की मौजूदगी दिखी

ईरान और इजरायल के बीच छिड़े 12 दिन के युद्ध के बाद अब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई पहली बार जनता के सामने आए हैं।

तेहरान में एक धार्मिक कार्यक्रम में खामेनेई की मौजूदगी दिखी। बीते दिनों अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके बाद से खामेनेई सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आ रहे थे। उनकी मौजूदगी को लेकर अफवाहें भी उड़ रही थीं। लेकिन अब उनकी तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। 86 साल के खामेनेई को काले कपड़ों में मंच पर बैठे देखा गया। उनके सामने मौजूद भीड़ हाथ हवा में उठाकर नारेबाजी कर रही थी कि हमारे खून की हर बूंद हमारे नेता के लिए है। ईरान के सरकारी टीवी ने बताया कि यह कार्यक्रम तेहरान की इमाम खोमैनी मस्जिद में हुआ। यह मस्जिद ईरान के इस्लामिक क्रांति के संस्थापक के नाम पर बनी है। यह कार्यक्रम शिया मुसलमानों के लिए बेहद अहम इमाम हुसैन की शहादत की बरसी पर आयोजित किया गया था। खामेनेई बीते कुछ दिनों से सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर थे। उनकी आखिरी सार्वजनिक उपस्थिति इजरायल के हमलों से ठीक दो दिन पहले हुई थी, जब वो सांसदों से मिले थे। हालांकि, पिछले हफ्ते उनका एक रिकार्डेड वीडियो सामने आया था, लेकिन उनकी शारीरिक स्थिति को लेकर सवाल उठ रहे थे। अब सार्वजनिक मंच पर नजर आने के बाद यह साफ हो गया है कि वो सक्रिय हैं और देश के हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

2011 की जनगणना के आधार पर होगा पंचायतों का आरक्षण

लखनऊ, वार्ता

■ 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं को आरक्षित

उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत ग्राम पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था 2011 की जनगणना के आधार पर होगी।

उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक श्रेणी में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, जबकि पिछले चुनाव में लागू नियमों में निर्धारित आरक्षण की चक्रानुक्रम प्रणाली का भी पालन किया जाएगा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने रविवार को यहां पत्रकारों से कहा कि पिछली बार की तरह इस बार भी ग्राम पंचायत की सीटें सामान्य, पिछड़ी, महिला या अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं, लेकिन इस बार सीटों में कुछ फेरबदल हो सकता है। उन्होंने बताया कि नए सिरे से परिसीमन के लिए ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण चल रहा है। उन्होंने कहा कि परिसीमन का काम पूरा होने पर आरक्षण की व्यवस्था शुरू हो जाएगी। राजभर ने कहा कि आरक्षण व्यवस्था में कोटा के भीतर कोटा लागू करने के लिए वह जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि उनकी पार्टी एसबीएसपी अकेले ही पंचायत चुनाव लड़ेगी। हमारी पार्टी जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव किसी पार्टी के सिंबल पर नहीं होते। ऐसे में इस चुनाव में गठबंधन का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने दो. हराया कि 2027 में पिछड़े वर्ग के सभी नेता एकजुट होकर एनडीए की सरकार बनाएंगे।

उप्र में नया क्यूआर कोड सिस्टम लागू हुआ

कांवड़ यात्रा मार्ग के दुकानदारों को बड़ी राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ दुकानदारों को अपनी पहचान नहीं करनी होगी सार्वजनिक, क्यूआर कोड में छिपी होगी हर जानकारी

■ ग्राहक दुकानदार का नाम, पता, लाइसेंस नंबर, मोबाइल नंबर और ईमेल जैसे विवरण जान सकेंगे

लखनऊ। यूपी में कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को अब अपनी पहचान सार्वजनिक करने की अनिवार्यता से छूट मिल गई है, लेकिन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने एक नया नियम लागू किया है। इसके तहत हर दुकानदार को अपनी दुकान पर क्यूआर कोड युक्त प्रपत्र प्रदर्शित करना होगा।

इस क्यूआर कोड को स्कैन करते ही ग्राहक दुकानदार का नाम, पता, लाइसेंस नंबर, मोबाइल नंबर और ईमेल जैसे विवरण आसानी से जान सकेंगे। कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों के नाम और मालिकों की जानकारी को लेकर पहले भी विवाद हो चुके हैं। पिछले साल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया गया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। अदालत ने इस पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके बाद 24 सितम्बर 2024 को यूपी सरकार ने राज्यभर के भोजनालयों के लिए मालिकों, प्रबंधकों और कर्मचारियों के नाम-पते प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया। हालांकि, एफएसडीए एक्ट में नाम जाहिर करने का कोई प्रावधान न होने के कारण अब दुकान का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। एफएसडीए ने ग्राहक संतुष्टि के लिए एक विशेष प्रपत्र तैयार किया है, जिसमें दुकान का लाइसेंस नंबर, नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल और टोल-फी नंबर के साथ क्यूआर कोड शामिल है। ग्राहक इस कोड को स्कैन कर दुकानदार की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और फूड सेफ्टी कनेक्ट एप के जरिये फीडबैक भी दे सकेंगे। यह व्यवस्था यात्रियों के लिए भोजन की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगी। नए सिस्टम के तहत ग्राहक खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत भी दर्ज कर सकेंगे। शिकायत अपलोड होते ही विभाग के कंट्रोल रूम को सूचना मिलेगी, और नजदीकी खाद्य निरीक्षक तुरंत जांच के लिए पहुंचेगा। प्राथमिक जांच में मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित खाद्य पदार्थ को नष्ट कराया जाएगा। मिलावटखोरी रोकने के लिए एफएसडीए ने व्यापक रणनीति बनाई है। कांवड़ यात्रा मार्गों और धार्मिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिनमें श्रद्धालुओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने के तरीके बताए जाएंगे। इसके अलावा, विभाग की मोबाइल वैन भी तैनात रहेगी, जहां लोग खाद्य पदार्थों की जांच करा सकेंगे।

ढाबों पर दिखे असली नेमप्लेट, किसी के साथ न हो धार्मिक छलः कपिल देव

सम्भल। योगी सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि कांवड़ यात्रा पर वाले रास्तों के ढाबों पर असली नेम प्लेट दिखनी चाहिए, क्योंकि यह विषय धार्मिक भावना से जुड़ा है। जो लोग हिंदू धार्मिक नामों से ढाबा चला रहे हैं, लेकिन वहां नॉनवेज परोसा जा रहा है, वह समाज में भ्रम और विवाद पैदा करते हैं। यदि किसी ढाबे पर वैष्णो या दुर्गा नाम लिखा हो और वहां मांसाहार परोसा जाए, तो श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। इससे सामाजिक सद्भाव बिगड़ता है। किसी को खाना बनाने या ढाबा चलाने से रोका नहीं जा रहा, बस पारदर्शिता जरूरी है।

सेंसेक्स 83432.89
निफ्टी 25461.00

सोना रु. 97021
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

अर्थ व्यापार

चांदी रु. 107580
प्रति किलो

इस सप्ताह सीमित दायरे में ऊपर-नीचे होते रहे सूचकांक

नई दिल्ली, वार्ता



शेयर बाजारों के भारत अमेरिका व्यापार वार्ता के परिणाम, कंपनियों के साप्ताहिक नतीजों की प्रतीक्षा

भारतीय शेयर बाजार में पिछला सप्ताह निवेशकों की सतर्क चाल और मिले जुले वैश्विक संकेतों के बीच कारोबार का दायरा सीमित रहा। सप्ताह के दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सीमित दायरे में नीचे ऊपर होते रहे।

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि विश्व स्तर पर भू राजनीतिक तनावों तथा अमेरिका के साथ विभिन्न देशों के व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय बाजारों में जून माह की तेजी के बाद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बारे में अनिश्चितता से विदेशी निवेशक सावधानी का रुख किए हुए है। जुलाई के प्रथम सप्ताह में विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव भी बढ़ा हुआ है। बाजार विश्लेषणों के अनुसार हाल के सत्रों में तेज उछाल के बाद बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में मुनाफावसूली का दौर देखने को मिला। मिश्रित वैश्विक संकेतों और भारत के खिलाफ ट्रम्प सरकार के आयात शुल्क संबंधी फैसले की 9 जुलाई की तारीख नजदीक आ गई है। निवेशकों को अमेरिका के निर्णय की प्रतीक्षा है जो सात जुलाई को घोषित किया जा सकता है। विश्लेषकों के अनुसार भारतीय बाजार में शेयरों का मूल्यांकन अब भी ऊंचा है। स्पष्ट संकेतों के अभाव में विदेशी संस्थागत निवेशक सतर्क हो गए हैं, लेकिन जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक बाजार को समर्थन बनाए हुए हैं। घरेलू निवेशकों के इस समर्थन से बाजार की स्थिति संभली हुई है। अमेरिका में प्रशुल्क दरों को लेकर अनिश्चितता से धातु, वाहन और वित्तीय क्षेत्र के शेयर दबाव में दिखे, पर बड़े रक्षा खरीद सौदे के सरकार के फैसलों से उत्साहित रक्षा शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जो रणनीतिक क्षेत्रों पर सरकार के निरंतर ध्यान को दर्शाता है। सरकार ने इसी सप्ताह 1.06 लाख करोड़ रुपये के रक्षा खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसका अधिकतर ठेका घरेलू कंपनियों को जाएगा। मुद्रास्फीति में कमी और ब्याज दरों में गिरावट जैसी अनुकूल स्थितियों तथा मानसून के अच्छा होने से बाजार की भावना को बल मिल रहा है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के बाद कोई अच्छा समझौता निकल है, तो स्थानीय शेयर बाजार उसका जोरदार स्वागत करेंगे। अमेरिका के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध से आईटी, फार्मा और ऑटो जैसे निर्यात की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों को लाभ होने की उम्मीद है।

सोने-चांदी की कीमत रॉकेट स्पीड में बढ़ीं

नई दिल्ली। सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 1,200 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ, वहीं, चांदी का भाव 2,300 रुपए से अधिक बढ़ गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 97,021 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 95,784 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 1,237 रुपए की बढ़त को दर्शाता है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 88,871 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 87,738 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 71,838 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 72,766 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 2,387 रुपए बढ़कर 1,07,580 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,05,193 रुपए प्रति किलो थी। चांदी अपने उच्चतम स्तर के करीब बनी हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ की सीमा 9 जुलाई को समाप्त होना और इसको आगे बढ़ाने को लेकर कोई स्पष्टता न होना इसकी एक अहम वजह है।

सप्ताह के दौरान विदेशी विनिमय बाजार में रुपये में स्थिरता बनी रही

नई दिल्ली, वार्ता

अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता तथा शेयर बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के दबाव के बावजूद जुलाई माह के पहले सप्ताह में विदेशी विनियम बाजार में भारतीय रुपये में कुल मिलाकर स्थिरता दिखी। अमेरिका के साथ अच्छे व्यापार समझौते की बाजार की उम्मीद पूरी हुई, तो इस सप्ताह रुपये को काफी सहारा मिल सकता है।

सप्ताह के दौरान जारी अमेरिका के गैर कृषि क्षेत्र के रोजगार आंकड़े बाजार की उम्मीद से बेहतर रहे। इससे वहां ब्याज दर में स्थिरता की संभावना के बीच डॉलर के मुकाबले रुपया सप्ताह के मध्य में मजबूत रहा। लेकिन सप्ताह के अंत में थोड़ी गिरावट के चलते करीब करीब यह पिछले सप्ताह के स्तर पर स्थिर रहा। जुलाई के पहले सप्ताह में बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। पहली जुलाई को रुपया 85.70 के आसपास खुलने के बाद मजबूत हो कर 85.59 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में बंद हुआ था।

गुरुवार को स्थानीय मुद्रा मजबूत होकर 85.31 प्रति डॉलर पर बंद हुई। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह मजबूती भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार समझौते को लेकर आशावाद और आने वाले समय में स्थानीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों की मजबूत वापसी की संभावना का संकेत है। शुक्रवार को रुपया फिर डॉलर के मुकाबले गिर कर 85.62 के आसपास स्थिर रहा। उससे एक दिन पहले अमेरिका में रोजगार के आंकड़े मजबूत होने से वैश्विक मुद्राओं के समक्ष अमेरिकी डॉलर को बल मिला था, जिससे रुपये में और तेजी सीमित हो गई। विश्लेषकों को आने वाले सप्ताह में भी रुपया, डॉलर विनिमय दर 85.30.85.90 के दायरे में रहने का अनुमान है।

मोदी और नड्डा ने मुखर्जी को उनकी जयंती पर किया नमन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर नमन किया है और भारत के निर्माण में उनके आदर्श और सिद्धांत को बहुमूल्य बताया है।

मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राष्ट्र के अमर सपूत डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि। देश की आन-बान और शान की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बहुमूल्य हैं। वहीं नड्डा ने लिखा, अपने प्रखर राष्ट्रवादी विचारों और कार्यों से मां भारती को गौरवान्वित करने वाले महान विचारक, करोड़ो कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज, विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तम्भ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्म-जयंती पर उन्हें भावपूर्ण नमन करता हूं। जम्मू-कश्मीर से दो विधान, दो निशान और दो प्रधान समाप्त करने के लिए श्रद्धेय डा. मुखर्जी जी अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक संघर्षरत रहे। कश्मीर से धारा-370 हटाकर उनके स्वप्न को प्रधानमंत्री नरेंद्र के नेतृत्व में हमारी सरकार ने साकार किया है। उन्होंने लिखा, मां भारती की एकता, अखंडता और सम्मान के लिए दिया गया आपका अमर बलिदान अनंतकाल तक देशवासियों को राष्ट्रसेवा और समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा।

राजनाथ कल रक्षा लेखा विभाग के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को यहां रक्षा लेखा विभाग के तीन दिन के नियंत्रक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में देश की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) एसजी दस्तीदार और रक्षा लेखा महानियंत्रक डॉ. मयंक शर्मा सहित शीर्ष सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। यह भारत की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने में इसकी महत्ता को दर्शाता है।

इटावा सफारी की योगी सरकार कर रही है अनदेखी: अखिलेश

इटावा, वार्ता

एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में देश दुनिया में लोकप्रिय इटावा सफारी पार्क को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा है और लाइन सफारी की अनदेखी करने का आरोप योगी सरकार पर लगाया है। इटावा सफारी पार्क में 18 एशियाई शेर शावक शेरनिया, 21 लेपर्ड, 6 भालू, 6 बारह सिंघा, 250 के आसपास ब्लैक बक ओर हिरण के अलावा करीब तीन सौ से अधिक प्रजाति के पक्षी है, जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय ने कहा कि सरकार की सोच पर्यावरणीय नहीं है और इसीलिए इटावा सफारी पार्क के अनदेखी सरकार करने में जुटी हुई है, समाजवादी सरकार में इटावा सफारी पार्क का निर्माण किया गया है और आज तक इटावा सरकारी पार्क के विस्तारीकरण के लिए कोई बजट नहीं दिया गया है। यह सब बातें इटावा सफारी पार्क की अनदेखी की ओर इशारा करती है, उनका कहना है कि जब तक पर्यावरण सोच वाली सरकार नहीं होगी तब तक इसी तरह से पर्यावरण का नुकसान होता रहेगा। इटावा सफारी पार्क में देश का पहला ब्रीडिंग सेंटर खोला गया है, जिसमें एशियाई शेरों की पैदाइश हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट के अभाव में इटावा सफारी पार्क का विस्तारीकरण बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। अखिलेश ने कहा इटावा की पहचान देश दुनिया में कभी को चंबल के कुख्यात डाकुओं के आतंक से देश दुनिया में बनी हुई थी, लेकिन आज इटावा की पहचान लाइन सफारी से बन चुकी है देश दुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक इटावा सफारी पार्क नियमित आने में जुटे हुए हैं। इटावा सफारी पार्क में आने वाले हर पर्यटक को एशियाई शेर हर हाल में देखने को तो मिलते ही है, इसके अलावा अन्य वन्य जीव भी पर्यटक देखकर के खासे आनंदित भी होते हैं। वैसे तो इटावा सफारी पार्क में बड़ी तादाद में अन्य वन्य जीव भी हैं, लेकिन सबसे बघ आकर्षण एशियाटिक शेर ही हैं। इन्हें देखने पर्यटक बड़ी तादाद में साल भर आते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

पूरे जिले में मातमी माहौल में दफन हुए ताजिये

शाह टाइम्स संवाददाता

सीतापुर/जगदीशपुर (अमेठी)। मोहर्रम की 10 वीं तारीख को जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मातमी जुलूस निकाला गया। या हुसैन की सदाओ से पूरा जिला गूंज उठा।

मातमी जुलूस के साथ कर्बला में ताजियों को दफन किया गया। दोपहर में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अलम व ताजिया के साथ जुलूस निकालकर मातमपुर्सी की। सीना. जनी व खुद को लहूलुहान कर मातम मनाया। शाम को जिले भर में ताजिया कर्बला मे दफन गया। जिसे परंपरागत मार्गों से कर्बला व तय स्थानों पर ले जाकर सिपुर्द-ए-खाक किया गया। जुलूस में शामिल लोगों ने या हुसैन की सदाओं के बीच छुरियों से खुद को लहूलुहान कर अपने गम का इजहार किया। पूरा दिन ताजिया जुलूसों का कर्बला पहुंचने का दौर जारी रहा। कर्बला में ताजियों को दफन किया गया। जिला मुख्यालय के अलावा सिधौली, खैराबाद, रेउसा, लहरपुर, तंबौर, महोली, पिसावां आदि कस्बो में ताजिया जुलूस निकाले गए। इस दौरान जिले भर में सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल पुलिस बल के साथ जिले के अलग-अलग क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नजर आए। उधर **जगदीशपुर (अमेठी) में** मोहर्रम के मौके पर नौ दिनो से चल रहे कार्यक्रम के बाद दसवे दिवस गमगीन माहौल में ताजिये करबला मे दफन कर दिए गए।

विकास खंड के अंतर्गत कमरौली बाबूपुर सरैया शेखपुर वारिसगंज देवकली गडरियाडीह रानीगंज समेत विभिन्न गांवो मे मोहर्रम माह के दसवे दिन गत वर्षो की भांति गांवो मे स्थापित ताजियो को नजदीकी करबला मे ले जाकर दफन कर दिया गया इस दौरान लोग मातम करते हुए या हुसैन या हुसैन की सदाओ के बीच गंतव्य की ओर पहुचें इस मौके पर निगरानी के लिए भारी संख्या मे पुलिस बल तैनात रहा।

डीएम व एसपी ने किया मुसाफिरखाना, जगदीशपुर व जायस का भ्रमण

अमेठी। मोहर्रम के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु रविवार को जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा कस्बा मुसाफिरखाना, जगदीशपुर व जायस का भ्रमण कर मोहर्रम के जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा संबंधित प्रभारी निरीक्षकों को आवश्यक दिशा/निर्देश दिये गये तथा उपस्थित लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने व अफवाहों को फैलने से रोकने व अफवाहों पर ध्यान न देनें की अपील की गयी।

तिलक गांव का मुख्य मार्ग बदहाल, ग्रामीण परेशान

शाह टाइम्स संवाददाता

तिलोई,अमेठी। विकासखंड तिलोई क्षेत्र के अंतर्गत कूरा ग्राम पंचायत के पूरे तिलक गांव का मुख्य चाकमार्ग बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। यह मार्ग जो जायस हाईवे से गांव को जोड़ता है, पवन वर्मा के खेत से शुरू होकर कन्हैयालाल के दरवाजे तक जाता है।

बरसात में यह रास्ता कीचड़ और गड्ढों से भर जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण पवन वर्मा, कन्हैयालाल, रिंकू पांडेय, अमरनाथ, पप्पू पांडे, तुलसीराम, जग्गा पासी समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वर्षो से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। रास्ते की हालत इतनी खराब हो गई है कि बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को आवागमन में भारी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से मांग की है कि गांव के इस मुख्य मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराई जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

तालाब में डूबे मासूम की गोताखोरों ने निकाली लाश

तिलोई,अमेठी। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे ग्राम फूला, थाना मोहनगंज क्षेत्र से एक डेढ़ वर्षीय मासूम बच्चा अमन पुत्र राम किशुन लापता हो गया। बच्चा घर के बाहर खेलते समय अचानक गायब हो गया, जिसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने आसपास खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सूचना पाकर ग्रामीणों की मदद से तलाश तेज की गई। आशंका के आधार पर गांव के ही एक गहरे तालाब में गोताखोरों की मदद ली गई। गोताखोर राम शंकर, अयोध्या प्रसाद, शत्रुघ्न और जागेश्वर (सभी निवासी टेरा बरौला, थाना बछरावां, रायबरेली) की कड़ी मशक्कत के बाद मासूम अमन का शव तालाब से बरामद किया गया। बच्चे का शव मिलते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

सुभाष पशुपतिनाथ विद्यापीठ तिलोई में करोड़ों का घोटाला

भवन जर्जर, प्रधानाचार्य व प्रबंधक कोर्ट में आमने-सामने

शाह टाइम्स संवाददाता

तिलोई, अमेठी। शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय आज खुद भ्रष्टाचार और लापरवाही का शिकार बनते जा रहे हैं। इसका एक ताजा उदाहरण है तिलोई क्षेत्र का प्रतिष्ठित विद्यालय सुभाष पशुपतिनाथ विद्यापीठ इंटर कालेज, जहां प्रधानाचार्य प्रेम कुमार मिश्रा और विद्यालय प्रबंधक सुरेश त्रिवेदी के बीच सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर विवाद न्यायालय में लंबित है।सूत्रों के अनुसार, विद्यालय भवन की मरम्मत और निर्माण कार्यों के नाम पर शासन द्वारा भेजे गए करोड़ों रुपये का दुरुपयोग हुआ। आरोप है कि पुराने और कमजोर ढांचे पर ही नया निर्माण कर दिया गया, जिससे भवन और भी अधिक खतरनाक हो गया है।

विद्यालय की वर्तमान स्थिति भयावह है कृ दीवारों में गहरी दरारें, छत से गिरता प्लास्टर और सीलन की भरमार। बारिश के मौसम में छात्रों की सुरक्षा और भी संकट में पड़ जाती है। छात्र-छात्राएं रोज़ाना जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं।इस गंभीर स्थिति पर प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी ने बयान देते हुए कहा कि यदि जल्द ही छात्रों के लिए सुरक्षित और समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो हम अभिभावकों और क्षेत्रीय जनता के साथ मिलकर एक बड़ा आंदोलन करेंगे। बच्चों की जान के साथ किसी भी कीमत पर खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम कुमार मिश्रा ने कोर्ट में याचिका दाखिल कर विद्यालय प्रबंधक सुरेश त्रिवेदी पर वित्तीय अनियमितताओं और फंड गबन के गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं, प्रबंधक इन आरोपों को निराधार बताते हुए कानूनी लड़ाई में अपनी सफाई देने को तैयार हैं।

स्थानीय अभिभावकों, जनप्रति. निधियों और नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों को शीघ्र दंडित किया जाए। साथ ही छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए वैकल्पिक स्थान या तात्कालिक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।अब देखना होगा कि प्रशासन इस संवे. दनशील मामले में कितनी तत्परता दिखाता है और न्यायालय क्या निर्णय देता है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह लापरवाही किसी भीषण दुर्घटना का कारण बन सकती है।

एक ओर वन महोत्सव दूसरी ओर हरे पेड़ों का कत्ल

तिलोई अमेठी। वन रेंज अंतर्गत थाना शिव रतनगंज क्षेत्र में शनिवार को एक ओर तिलोई विधायक एवं उत्तर प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण महिया सेंदुरिया में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण कर रहे थे तों वहीं वन माफिया पौधारोपण अभियान की हवा निकालने में जुटे हुए थे खबर हैं कि चौबे पुरवा मजरे रामपुर पवांरा गांव में आधा दर्जन से अधिक हरे भरे आम के पेड़ काट डाले गए एक ओर वन क्षेत्राधिकारी जहीर मिर्जा तथा डिप्टी रेंजर सचिन गौतम बीआईपी यानी राज्यमंत्री के द्वारा पौधारोपण करवा रहे थे तों वहीं दूसरी ओर वन विभाग की सांठगांठ से लकड़ी माफिया प्रतिबंधित हरे पेड़ों का सफाया करने में जुटे हुए थे। गांव के नागरिकों ने प्रशासन द्वारा करवाए जा रहे पौधारोपण अभियान पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है तमाम पर्यावरण प्रेमियों ने वन विभाग के जिम्मेदार लोगों को दोषी मानते हुए उन कठोर कार्रवाई की जिलाधिकारी से मांग की है। एक तरफ जिले के डीएम संजय चौहान पौधारोपण अभियान को लेकर पूरे जिले में पौधारोपण अभियान चलवा रहे है तो वहीं दूसरी ओर वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सांठगांठ से हरे पेड़ों का सफाया किया जा रहा है। सूत्रों का दावा हैं कि जब से पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है तबसे सैकड़ों पेड़ों का सफाया किया जा चुका है ताजा मामला शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के बेनीपुर पनहौना, चौबेपुरवा मजरे रामपुर पवारा, भिखारीपुर मजरे पनहौना, टढेई तिवारीपुर समेत तमाम गांवों में लकड़ी माफियाओं ने प्रतिबंधित हरे पेड़ों का सफाया कर प्रशासन के पौधारोपण अभियान की हवा निकाल कर रख दी है और वन विभाग को कठघरे में खड़ा कर दिया है। इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी जहीर मिर्जा से मोबाइल पर जानकारी लेने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

रालोद महासचिव अनिल दुबे मलिहाबाद में आमों की मिठास में डूबे

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ/मलिहाबाद। राष्ट्रीय लोक. दल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने रविवार को मलिहाबाद में आम की बहार का आनंद लेते हुए आम उत्पादकों की समस्याएं सुनीं और उन्हें हरसंभव समर्थन का भरोसा दिलाया।

वे मलिहाबाद के युवा नेता नरेंद्र यादव काटू के आवास पर आयोजित आम दावत में शामिल हुए, जहां सैकड़ों ग्रामीणों, बुजुर्गों और महिलाओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। पुष्पगुच्छ, पटका और स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया गया। अनिल दुबे रुने दशहरी, लंगड़ा, आम्रपाली और चौसा जैसे विभिन्न किस्मों का स्वाद चखा और कहा कि मलिहाबाद का दशहरी आम अपनी मिठास, रंग और सुगंध से दुनिया भर में मशहूर है। उन्होंने कहा कि यहां की जनता में भी आम की तरह ही मिठास और आत्मीयता है, जो यहां बार-बार आने को प्रेरित करती है। उन्होंने किसानों की मेहनत की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि गर्मियों में जब लोग आम की रसीली फांक का स्वाद लेते हैं, तो उसके पीछे किसानों का परिश्रम और पसीना छिपा होता है। उन्होंने आम में इस वर्ष बढ़े रोगों और कम उत्पादन की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल उद्यान विभाग से संपर्क कर वैज्ञानिक विश्लेषण और सुधार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा। दुबे ने बताया कि इस बार आंधी और असमय मौसम ने आम उत्पादन को प्रभावित किया, लेकिन सरकार द्वारा कई स्थानों पर की गई पैकिंग की व्यवस्थाओं और गुणवत्तापूर्ण आमों के चलते उत्पादकों को अच्छा भाव मिला है। उन्होंने सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यदि ऐसे कदम निरंतर उठाए जाएं तो आम उत्पादकों का जीवनस्तर सुधर सकता है। इस अवसर पर अपर शासकीय अधिवक्ता अरुण कुमार पांडे, नरेंद्र यादव काटू, इंद्रजीत बीडीसी, कपिल यादव सभासद, विजय यादव, शैलेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। चारों ओर आम की खुशबू और ऊपर से हल्की बारिश की फुहारों ने आम दावत को और भी यादगार बना दिया।

फर्जी एनएसजी कमांडो बन घूम रहा था रंजन

शाह टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। आलमबाग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्यवाही करते हुए एक फर्जी एनएसजी कमांडो को धर दबोचा है।

पकड़े गए आरोपी रंजन कुमार के पास से एक आटोमेटिक पिस्टल, फर्जी आईडी कार्ड, प्रशंसा चिन्ह, नियुक्ति पत्र, वाकी-टाकी वायर और अन्य कूटरचित दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक संदीप कुमार, उप निरीक्षक हरिओम प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल राजीव शंकर और कांस्टेबल अविनाश की संयुक्त टीम ने मुख्य भूमिका निभाई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी कई दिनों से फर्जी एनएसजी कमांडो बनकर भ्रम फैला रहा था। उसके द्वारा तैयार किए गए नकली दस्तावेजों की जांच की जा रही है। पुलिस अब इस बात की तह में जाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी किन-किन जगहों पर अपनी फर्जी पहचान का दुरुपयोग कर चुका है। पूरे मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है।

डीएम साहब चरम पर है वृक्षों का कटान, जगदीशपुर क्षेत्र बनेगा रेगिस्तान

शाह टाइम्स संवाददाता

गौरीगंज अमेठी। सरकार एक तरफ पर्यावरण को संतुलित रखने के उद्देश्य से पौधारोपण कराने का अभियान चला रही है तो वही जेबे भरने के चककर मे जिम्मेदार वन कर्मी व पुलिस वन माफियाओ से साठगांठ करके हरे भरे वृक्षो का सफाया करने मे रात दिन जुटे हुए हैं। जगदीशपुर विकास खंड के अंतर्गत स्थित हारीमऊ,हसवा सुरवन, नौडाड, देवकली, बगाही, गूंगे मऊ,हुसैनगंज कलां, अलमापुर, खैरातपुर, हरपालपुर, जलालपुर तिवारी आदि दर्जनों गांवो मे सागौन शीशम आम महुआ नीम जामुन गूलर समेत अन्य पर्जाति के हरे भरे वृक्षो को वन माफिया बेखौफ होकर रात दिन काटने मे जुटे हुए हैं लकडिया काट काटकर एकांत स्थान मे ढेर लगाकर वाहनो द्वरा बाहर भेजते रहते हैं इसके एवज मे जिम्मेदार वन कर्मी व पुलिस तयशुदा रकम जमा कराकर सबकुछ जानते हुए भी अंजान बने रहते हैं यदा कदा मामला उच्च अधिकारियो तक पहुंचने पर जिम्मेदार जुर्माने की रसीद काटकर मामला रफा दफा करते रहते हैं इस खेल के चलते वन माफिया बेखौफ होकर अपने काम को अंजाम देने मे मस्त हैं गौरतलब हो कि यदि इसी रफ्तार से हरे भरे वृक्षो की कटान होती रही आला अफसरो ने ध्यान ना दिया तो वह दिन दूर नहीं है कि पूरा इलाका रेगिस्तान मे तब्दील होकर लोगो का जीवन जीना दुश्वार हो जाएगा यही नहीं पर्यावरण संतुलन बिगड कर पर्दूषण के चलते लोगो को सांस लेना मुहाल हो जाएगा।इस संबंध मे वन क्षेत्राधिकारी ज्योतिमय शुक्ला ने बताया कि हरियाली नष्ट करने वाले वन माफियाओ के खिलाफ अभियान चलाकर जांच के पश्चात उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी वहीं यदि मेरे विभाग का कर्मी लिप्त पाया गया तो उसे भी नहीं बख्शा जाएगा।

वन महोत्सव के साथ साथ वृक्ष कटाओ अभियान चालू

एक तरफ जहां वन महोत्सव अभियान एक वृक्ष मां के नाम लगाकर पौधारोपण करने का कार्यक्रम चल रहा है तो वही जगह जगह वन माफियाओ की टीम हरियाली का सफाया कर रही है जिम्मेदार सबकुछ जान बूक्ष कर भी अंजान बने रहते हैं हैरत की बात है कि सरकार की मंशा पर पानी फेर कर जब रक्षक ही भक्षक बन जाएगे तो हरियाली कैसे सुरक्षित रह सकती है अब देखना यह है कि आला अफसर धुआं धार हो रही कटान पर अंकुश लगाते हैं या ठंढे बस्ते मे डाल देते है

डीएफओ ने दिया बेतुका बयान- इस संबंध मे वन विभाग के मुखिया जिले के डीएफओ अमेठी रणबीर मिश्रा ने बताया कि यदि कटान के मामले का शिकायती पत्र आएगा तब मामला संज्ञान मे लिया जाएगा।

डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हम सबके प्रेरणास्रोत: अचिन मेहरोत्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर सिधौली विधानसभा के कसमंडा मंडल के शक्ति केंद्र दहावा की बूथ शांख्या 50 पर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता अखंडता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। वे एक निशान - एक विधान - एक प्रधान के प्रणेता थे। भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय एकता अखंडता को अक्षुण्ण रखने हेतु सर्वोच्च बलिदान देने वाले थे। गोष्ठी शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहोत्रा ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको शत् शत् नमन वंदन किया। मुख्य अतिथि अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी हम सब कार्यकर्त्ताओ के प्रेरणाश्रोत है। उन्होंने भारत की एकता अखंडता के लिए अपने प्राणों को निछावर कर दिया। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जन्म से लेकर उनके द्वारा किए गए राष्ट्रवादी कार्यो को विस्तार से जनमानस के मध्य रखा। उन्होंने कहा की जनसंघ के संस्थापक डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने सदैव राष्ट्रवाद के लिए कार्य किया। उनका जीवन संघर्षो के बीच व्यतीत हुआ। लेकिन डा. साहब अपने मार्ग से विचलित नहीं हुए। डा. मुख़र्जी ने सदैव भारत की राष्ट्रवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अपने जीवन की अंतिम सांस तक कार्य किया। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने जो एक संकल्प लिया था अनुच्छेद 370 को हटाने का। उसको भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने अपने संपूर्ण जीवन में जम्मू कश्मीर से दो विधान दो निशान और दो प्रधान का पुरजोर विरोध किया।

यह उन्हीं के द्वारा डाली गई नींव का परिणाम है कि आज जम्मू-कश्मीर भी विकास के पथ पर अग्रसर है। गोष्टी को सम्बोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष सोनू शुक्ला ने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन किया। गोष्टी के समापन के बाद डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोनू शुक्ला ने की। गोष्ठी का संचालन जिला पंचायत सदस्य प्रेमदीप जायसवाल ने किया। कार्यक्रम संयोजक सत्येंद्र सिंह ,वरिष्ठ भाजपा नेता अंजनी शुक्ला, पूर्व विस्तारक राजेंद्र यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नवनीत पाण्डेय , सौरभ सिंह, प्रेमदीप जायसवाल,अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष पिंटू रावत, शिवशंकर भार्गव, अविरल अवस्थी, अनमोल कश्यप, सुबोध मिश्रा, उत्तम पाण्डेय, सत्यम सिंह, आरिफ, उपेंद्र सिंह, राजेश मिश्र मौजूद रहे।

पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

जगदीशपुर अमेठी। ग्राम सभा मंगौली स्थित कृषि भवन परिसर एवं बाबा हरि नारायण जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में, एवं वहां निर्मित पानी की टंकी के चारों ओर पौधारोपण कर एक सराहनीय पहल की गई।

यह कार्यक्रम ध्वनि फाउंडेशन (सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक संस्था) के तत्वावधान में एवं ग्रामवा. सियों के सक्रिय सहयोग से संपन्न हुआ। इस पुनीत कार्य में विशेष सहयोग रहा । श्री शिवकरण तिवारी, शिवकुमार तिवारी, विजय तिवारी, आदित्य नारायण तिवारी, राम उजा. गिर तिवारी, अमरनाथ तिवारी, हरि प्रताप सिंह, राकेश मिश्रा, आदित्य शुक्ला, रमापति मिश्रा, राम मनोहर तिवारी, गया प्रसाद तिवारी, अंकित तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, सत्यनारायण मिश्रा, रामनारायण मिश्रा, एवं उदित नारायण तिवारी जी का। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार, और ग्रामीणों में स्वच्छता एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का विकास करना। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती ऋचा तिवारी ने बताया कि इस प्रकार के कार्य ध्वनि फाउंडेशन की मूल दृष्टि में शामिल हैं, और भविष्य में भी जनहित के लिए ऐसे अभियान जारी रहेंगे। गांव के बच्चों और युवाओं में इस अवसर को लेकर खासा उत्साह देखा गया। पौधारोपण के बाद सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि इन पौधों की देखभाल पूरी निष्ठा से की जाएगी ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके।

ध्वनि फाउंडेशन के सौजन्य से ग्रामीणों ने दिखाई अनोखी जागरूकता

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।
सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎ 0522-4041004
मुख्यालयः
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत में एआई सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति में सहायक लेकिन चुनौतियां भी

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। तकनीकी विकास के इस दौर में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वैश्विक संवाद का केंद्रीय विषय बन चुकी है, भारत में इसकी भूमिका को लेकर गंभीर मंथन शुरू हो गया है।

भारत के विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका और सतत विकास लक्ष्य विषय पर एक शैक्षणिक मंच पर दिए गए व्याख्यान में वक्ता ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता भारत के करोड़ों नागरिकों के लिए एक क्रांतिकारी उपकरण बन सकता है, बशर्ते हम इसे नैतिकता और समावेशिता के साथ अपनाएं। वक्ता ने स्पष्ट किया कि भारत जैसे जनसंख्या प्रधान देश में गरीबी, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे क्षेत्रों में पारंपरिक उपाय अब अपर्याप्त हैं। एआई इन क्षेत्रों में न केवल सटीक और तेज़ समाधान दे सकता है, बल्कि सतत विकास के 17 लक्ष्यों में से कम से कम 12 में सीधा योगदान दे सकता है। उन्होंने बताया कि गरीबों तक योजनाओं की सटीक पहुंच, किसानों के लिए मौसम-आधारित फसल सलाह, ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा, और स्त्रियों के लिए सुरक्षा उपकरण जैसे समाधान एआई के माध्यम से संभव हैं। हालांकि, भाषण में यह भी चेताया गया कि अगर तकनीकी विभाजन, रोजगार संकट और निजता के उल्लंघन को समय रहते नहीं रोका गया, तो यही एआई एक असमान समाज को और भी असमान बना सकता है। वक्ता ने कहा कि भारत को चाहिए कि वह एआई को केवल मशीनों की बुद्धि न माने, बल्कि उसे मानवता की सेवा में संलग्न करे। हअगर भारत अपने करोड़ों हाथों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जोड़ दे, तो यह न केवल विश्वगुरु बनेगा, बल्कि सतत विकास का आदर्श भी,स्थापित कर सकता है।

किसानों को मिलेगा गोवंश, बनेगा स्वच्छ ईंधन और आत्मनिर्भरता का नया मार्ग

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक अभिनव कदम उठाया है। अब राज्य के किसान एक से चार गोवंश तक गोद ले सकेंगे।

यह योजना केवल गोवंश संरक्षण तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि किसानों को उनके आवासीय परिसर में ही मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत कैटल शेड और लघु बायोगैस यूनिट की सुविधा मिलेगी। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग द्वारा तैयार इस योजना के माध्यम से गोबर से स्वच्छ ईंधन का उत्पादन किया जाएगा, जिससे पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ रसोई की ऊर्जा जरूरत भी पूरी की जा सकेगी। यह पहल महिला स्वयं सहायता समूहों और नवयुवकों को भी आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करेगी। इस एकीकृत ग्रामीण विकास माडल में परंपरा और तकनीक का ऐसा समावेश किया गया है, जो ग्राम्य भारत की सामाजिक, आर्थिक और जैविक संरचना को नया आयाम देगा। जैविक खेती, गो आधारित खाद और स्वच्छ ईंधन उत्पादन जैसे आयामों से जुड़कर यह योजना ग्राम स्तर पर ऊर्जा और कृषि केंद्रित विकास को मजबूती देगी। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना न केवल गोवंश संरक्षण का माध्यम बनेगी, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता का प्रभावी माडल भी सृजित करेगी।

पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

तिलोई ,अमेठी। तिलोई मंडल में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्म जयंती के अवसर पर रविवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंडित जी के राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान और विचारों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार सिंह (मुन्ना सिंह) (ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि) रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पंकज अवस्थी ने की। श्री अवस्थी ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को आज के समय में भी प्रासंगिक बताया और संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने पंडित मुखर्जी के राष्ट्रवाद, जनसंघ की स्थापना, और एक देश, एक संविधान, एक निशान के सिद्धांत के लिए दिए गए बलिदान को याद किया। उन्होंने कहा कि पंडित जी का बलिदान भारत के अखंड स्वरूप की नींव है।इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याममूर्ति यादव, महामंत्री सोनू सिंह, संजय मिश्रा, मंडल पदा. धिकारी, सेक्टर संयोजक, और बूथ अध्यक्षगण उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

250 किलोमीटर की पैदल यात्रा बनी श्रद्धा की मिसाल

हर तरफ सुनाई दिए बम बोले के जयकारे

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। भक्ति, आस्था और अडिग संकल्प का अद्भुत संगम बनी है हरिद्वार से आहार की यह विशेष कांवड़ यात्रा, जिसमें शिवभक्तों का एक जत्था 101 लीटर गंगाजल के साथ 250 किलोमीटर का सफर तय कर रहा है। 23 जून को हरिद्वार से रवाना हुए ये भक्त शिव. रात्रि के पावन अवसर पर अपने गांव आहार स्थित श्री अंबेशकर महाराज शिव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे।

इस अनोखी यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं मिंटू, लालू, कपिल, डिम्पल, कलुआ, राहुल, कबकी जैकी, सौरभ, संदीप और गौरवख्रजिन्होंने न सिर्फ भारी जलकुंभ उठाया है, बल्कि पूरे रास्ते भक्ति गीतों, जयकारों और अनुशासन से यात्रा को भव्य बना दिया है। ये शिवभक्त प्रतिदिन सात-आठ किलोमीटर का कठिन पैदल सफर तय कर रहे हैं, तेज धूप, बारिश या थकान इनकी आस्था को डिगा नहीं पाई। उनके कांधे पर टिकी कांवड़ सिर्फ जल का भार नहीं, बल्कि उनकी श्रद्धा, तप और भगवान शिव के प्रति अटूट प्रेम का प्रतीक बन चुकी है। यात्रा मार्ग में जहां भी ये भक्त पहुंचते हैं, स्थानीय लोग इन्हें फूलों से स्वागत कर रहे हैं। कई जगह लोग जलपान व विश्राम की सेवा में भी जुटे हैं। इस यात्रा का सबसे खास पहलू है 101 लीटर जल का संकल्प जो सामान्य कांवड़ यात्राओं से इसे बिल्कुल अलग बनाता है। यह दिखाता है कि जब श्रद्धा सच्ची हो, तो हर असंभव कार्य भी सहज बन जाता है। सच ही कहा गया है कांवड़ नहीं बस एक रिवायत है, ये तो मन की श्रद्धा की परछाई है। जो हर कदम पर शिव की छाया में चलती है।

शिक्षा ही जीवन में सफलता का आधार: बौद्ध

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। रविवार को नगर के धनौरा मार्ग स्थित सिद्धार्थ बोर्डिंग एकेडमी का संस्थापक राम सिंह बौद्ध व उनकी पत्नी शीला देवी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। राम सिंह बौद्ध ने कहा कि यह शिक्षण संस्थान क्षेत्र के बच्चों को देश प्रदेश की बड़ी परीक्षाओं की तैयारियों के लिये एक अच्छे केन्द्र के रूप में काम करेगा। कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का आधार है, इसलिए अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा दिलाएं।

सिद्धार्थ बोर्डिंग एकेडमी का हुआ शुभारंभ

रविवार को सिद्धार्थ बोर्डिंग एकेडमी पर उद्घाटन समारोह के अवसर पर भवन व मुख्य द्वार को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। उद्घाटन के बाद संस्था के प्रबंधक रविराज सिंह ने एकेडमी में विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाएं, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये कराई जाने वाली तैयारियों और शुल्क आदि के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिये प्रवेश दिलाएं। इस अवसर पर एचसीएम/खैतान वर्ल्ड स्कूल के एमडी सर्वेन्द्र सिंह, शिक्षाविद् विपिन पंघाल, महेश सिंह चौहान, करन सिंह आदि मौजूद रहे।

युवती के गले से उचक्के ने उड़ाई सोने की चेन

आई थी मीरा बाबा की जात लगाने

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। वासुदेव तीर्थ पर स्थित मीरा की जात पर पहुंची युवती के गले से सोने की चेन गायब हो गई। भीड़ का फायदा उठाकर उचक्के ने चेन पर हाथ साफ कर दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

शहर के मोहल्ला पुष्कर नगर निवासी यशपाल सिंह सैनी की बेटी योगिता सैनी की शादी बिलारी में हुई है। बीती दो जून को वह मीरा की जात लगाने के लिए वासुदेव तीर्थ मंदिर पर आई थी। योगिता सैनी ने डेढ़ तोला सोने की चेन पहन रखी थी। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह मीरा और काली के मंदिर पर पहुंची, तभी भीड़ में शामिल किसी उचक्के में गले से चेन चोरी कर ली। पीड़िता ने तुरंत ही वासुदेव चौकी पपहुंचकर शिकायत की तो वहां मौजूद मिले पुलिसकर्मियों ने कहा कि यहां चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। ये सुनकर पीड़िता योगिता सैनी घर वापस चली गईं। बाद में शहर कोतवाली पहुंचकर मामले में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ चेन चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

एक देश एक संविधान के प्रबल पक्षधर थे डा.मुखर्जी: विधायक

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं 'एक देश, एक संविधान' के प्रबल पक्षधर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती के अवसर पर विधायक राजीव तरारा ने एमडीए कार्यालय स्थित जनसहयोग कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

विधायक राजीव तरारा ने कहा कि, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित था। उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। 'एक देश दो विधान, दो प्रधान, दो निशान' जैसी विभाजनकारी नीतियों का उन्होंने डटकर विरोध किया और 'एक देश, एक संविधान' का संकल्प लेकर बलिदान पथ चुना।कहा कि, आज का दिन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें डॉ. मुखर्जी के सिद्धांतों पर चलकर राष्ट्र निर्माण के कार्यों को और गति देनी चाहिए। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह औलख, सत्यपाल, सिंह पाल, सूरज सिंह पाल, जयप्रकाश सिंह गुरुजी, सुशील कुमार,सतवीर सिंह, सुरेंद्र चौधरी, मनजीत सिंह, रवि कुमार, विनोद कुमार भारत सिंह, निहार त्यागी, अमन अग्रवाल, परविंदर सिंह, गौरव सागर, अक्षय भारती आदि मौजूद रहे।

एक नजर

सांसद ने श्रीराम का लिया आशीर्वाद

शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर। सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि हम सभी को भगवान श्रीराम के आदर्शो को जीवन में ग्रहण कर उनके जैसा आज्ञकारी पुत्र बनना चाहिये। गांव झकड़ी में चल रही रामकथा के मौके पर सांसद संवर सिंह तंवर ने भी श्रीराम के चरणों में शीष झुकाकर उनका आशीर्वाद लिया। महामंडलेश्वर स्वामी कपिल मुनि महाराज, महंत केशव मुनि एवं अन्य संतों ने भी सांसद को आशीर्वाद दिया। इसके बाद सांसद ने नगर में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का फीता काटकर उदघाटन भी किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, मुकेश गुप्ता, मनोज शर्मा, शिवचरण अग्रवाल, महेन्द्र एडवोकेट, सतीश एड., महेश खडगवंशी, संजय शर्मा, अर्पण गुप्ता, कृष्ण कुमार, डा. भरतवीर, डीके अग्रवाल मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने श्यामा प्रसाद को किया याद

शाह टाइम्स संवाददाता जोया। भाजपाईयों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की याद में संगोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान उनके बताये रास्ते पर चलने का आह्वान किया गया। डिडौली में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जो मिट गया वतन की खातिर, वो नाम अमर कहलाया। श्यामा प्रसाद सा कोई नहीं जिसने भारत को अखंड बनाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कंचन सिंह, ब्लाक प्रमुख ममता गुर्जर, मयंक अग्रवाल, विजय वीर सिंह, वीर सिंह, नितिन गुप्ता, चन्द्रभान सिंह, सचिन चहल, पोपाल सिंह, मनोज, सतवीर, सोनू, गणेश सिंह, संदीप, धीरज, चमन सिंह, अवनीश, एहसान मौजूद रहे।

डा.मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना से जगाया राष्ट्रप्रेम

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनसंघ के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती पर उनके 'व्यक्तित्व तथा कृतित्व' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अमरो. हा नगरपालिका परिषद की चेयरमैन शशि जैन ने उनके जीवन वृत पर रोशनी डालते हुए कहा कि कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना कर जन जन के हृदय में राष्ट्र प्रेम जगाने का कार्य किया। जिला महामंत्री तथा विधानसभा प्रभारी राकेश वर्मा ने कहा कि डॉ.मुखर्जी एक महान देश प्रेमी तथा एक क्रांतिकारी योद्धा थे, उन्होंने कश्मीर में सर्वप्रथम धारा 370 हटाने के लिए संघर्ष किया। जिला मंत्री तथा मंडल प्रभारी सुमन सैनी ने डॉ.मुखर्जी की मृत्यु भी रहस्यमय तरीके से होने पर भी तत्कालीन सरकारों द्वारा जांच न कराए जाने की आलोचना की। मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन पर शोक जताया। इस अवसर पर एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन जाटव, उधम सिंह, महेन्द्र सिंह प्रजा. पति, अंकुर नागर, डॉ.राजीव शुक्ला, मंजीत सिंह, डॉ.उत्तम प्रजापति, रवि चौधरी, सूरजपाल पाल, सौरभ जैन, महिपाल चौहान, युद्धवीर सिंह, रामकृष्ण चौहान, प्रमोद कुमार, अंकुश पाल, रामवीर गुर्जर, सुरेंद्र सिंह, एड.मनमोहन सिंह, राजेंद्र सिंह, लखपत सिंह आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से मनेगी दक्ष भगवान की जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। भगवान ब्रह्मा के मानस पुत्र भगवान श्री दक्ष की जयंती को भव्य दिव्य रूप से मनाने के उद्देश्य से मौहल्ला मायापुरी में पूर्व सभासद विजय प्रजापति के आवास पर प्रजापति समाज की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता इंजी0 जोगेंद्र प्रजापति ने भगवान दक्ष की महिमा, उनके योगदान और सामाजिक एकता के

प्रजापति समाज की बैठक का आयोजन

महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने प्रदेश व केन्द्र सरकार से आह्वान करते हुए कहा कि, जैसे देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती प्रत्येक जनपद मंडल एवं बूथ मनाई गई है, वैसे ही भगवान श्री दक्ष जी की जयंती भी मनाई जानी चाहिए, क्योंकि सृष्टि निर्माता को भूलना नहीं चाहिए। कहा कि इस वर्ष श्री दक्ष जयंती का आयोजन आरपी फार्म हाउस पर श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा, जिसमें जनपद भर के प्रजापति बंधु पहुंचेंगे। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रजापति एकता सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.उत्तम सिंह प्रजापति, रजनीश प्रजापति, उमेश कुमार प्रजापति, विक्रम सिंह, रोहतास कुमार, डॉ0धर्मवीर सिंह, मुकेश कुमार, अंकित, महेंद्र, उचित नारायण सिंह, राजू, शेर सिंह, हरिओम सिंह, सुरेश कुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

महिला को चाकू मारा, पति को पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। कुछ समय पूर्व बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर एक पिता पुत्र ने पड़ोस की दम्पत्ति के घर पर चढ़ाई कर दी। महिला को चाकू मारकर घायल कर दिया तो वहीं बीच बचाव करने आए पति के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिये साम. ुदायिक स्वास्थय केन्द्र में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है, जबकि दूसरी घटना जलालपुर कलां गांव में हुई, यहां पर कुछ युवकों ने पकौड़ी विक्रेता का सामान फेंक दिया और विक्रेता के साथ मारपीट की।

नगर के मौहल्ला अम्बेडकर नगर निवासी महिला मुकलेश पत्नी नरोत्तम का आरोप है कि कुछ समय पूर्व उसके और पड़ोसी करन सिंह के बच्चों के बीच में विवाद हुआ था। जिसकी रंजिश में बीती रात करन सिंह अपने पुत्र के साथ उनके घर पर आ धमका और उसने चाकू मारकर घायल कर दिया, बीच बचाव करने आए मुकलेश के पति के साथ भी मारपीट की। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। वहीं दूसरी घटना गांव जलालपुर कलां में हुई। यहां पर गजरौला के मोहल्ला बसंत विहार निवासी मोहित ने पकौड़ी, समोसे व अन्य सामान की दुकान खोल रखी है। रविवार शाम को वह दुकान पर था कि तभी दबंग युवक वहां पहुंचे और दुकान में तोड़फोड़ करने शुरू कर दी, विरोध करने पर विक्रेता के साथ भी मारपीट की। घटना पास में लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई।

आम के हरे-भरे पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। माफियाओं ने आम के हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला कर उनको काट डाला। वन विभाग मामले की जांच कर रहा है। गांव में आम के पेड़ काटने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और विभागीय कार्रवाई करने में जुट गई। शासन की लाख पाबंदी के बाद भी हरियाली पर कुल्हाड़ी लगातार चल रही है।लकड़ी माफियाओं में शासन का कोई खौफ नजर नहीं आ रहा। या फिर यह कहिये की राजनी. तिक संरक्षण के चलते लगातार पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव उधनपुर में मदन पाल सिंह पुत्र राम सिंह का आम का बाग है। बाग मालिक द्वारा रविवार की सुबह अपने बाग में आम के पेड़ कटवाये जा रहे थे। किसी ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गई तो वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार द्वारा वन दरोगा अमित कुमार को मौके पर भेजा गया। वन विभाग की टीम को देखकर मौके से लकड़ी काटने वाले फरार हो गये। वही वन दरोगा द्वारा पूरी जानकारी की गई। ग्रामीणों की माने तो लगभग 8 से 10 आम के हरे पेड़ काटे गये हैं। वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार द्वारा बताया गया कि पेड़ काटने की सूचना पर वन दरोगा अमित कुमार को मौके पर भेजा गया है। लकड़ी कटी हुई पाई गई है। विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

रईस बने पसमांमा मुस्लिम समाज के अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा। सामाजिक बदलाव और हाशिए के समाज की बुलंद आवाज बनकर उभर रहे रहीस मंसूरी को पसमांदा मुस्लिम समाज का अमरोहा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह घोषणा स्वयं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीश मंसूरी ने करते हुए की। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रहीस मंसूरी ने संगठन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वह सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार और बराबरी के अधिकारों को लेकर जनजागरण अभियान चलाएंगे। उन्होंने वादा किया कि वे संगठन को गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचाएंगे और पसमांदा समाज के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करेंगे।

अम्बेडकर विकास मंच ने की आर्थिक मदद

शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर। अंबेडकर विकास मंच के तत्वाधान में गांव गंगा चोली में विनय पुत्र रमेश सिंह के एक्सीडेंट में एक टांग में गंभीर फ्रैक्चर होने पर पदाधिकारियों ने उनके आवास पर जाकर आर्थिक सहायता की। विनय के पिताजी रमेश सिंह की पहले ही एक्सीडेंट में एक टांग कट चुकी है। अंबेडकर विकास मंच के पदाधिकारियों को जैसे ही घटना की जानकारी हुई सभी ने उनके आवास पर जाकर उन्हें जरूरी इलाज की सलाह देते हुए आर्थिक सहायता की। अंबेडकर विकास मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि इस तरह घटना से परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत गंभीर बनी हुई है। परिवार को जरूरी सलाह भी दी गई। कहा अंबेडकर विकास मंच आपके साथ है। इस मौके पर ब्रह्म ज्ञान सिंह, सुशील भगत जी, डॉ राजेश कुमार, चंचल सागर, जगत सिंह, रामपाल नेताजी आदि लोग मौजूद रहे।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं भाजपा के पूर्व पदाधिकारी उपस्थित रहे। आईटी संयोजक एवं पूर्व शक्ति केंद्र प्रभारी अर्पण गुप्ता ने के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। उनका बलिदान 'एक राष्ट्र, एक संविधान' की नींव है। पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरि सिंह सैनी ने उन्हें भारत का असली सपूत बताते हुए कहा उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने स्वतंत्रता के समय थे। इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ सुरमित गुप्ता,गिरधारी लाल सैनी जी, आईटी संयोजक अर्पण गुप्ता, उमा नगर, संजय सहदेव, विक्रांत शर्मा, सत्येंद्र त्यागी, प्रदीप अग्रवाल, सचिन गुप्ता, संजय टाटा, देवेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे

चोरों के आतंक से उड़ी ग्रामीणों की नींद

शाह टाइम्स संवाददाता

रजबपुर। थाना क्षेत्र ग्रामीण इलाकों बीते 20 दिनो से चोरो का आंतक व्याप्त हैं इससे ग्रामीण इलाकों में दहशत का माहौल है,सहमे ग्रामीण अब रखवाली के लिए रात भर जगकर पहरा देने को विवश हैं। रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव महेन्द्र नगर, जगुवा खुर्द, शकरपुर, हिमायुनगर, खजूरी, नारजपुर, सदरपुर, हाफिजपुर, सदरपुर समेत दर्जन भर गांवों चोरो का आंतक बरकरार हैं। ग्रामीणों का कहना है कि चोरों के आने की आहट से उनकी नींद उड़ गई है। रात में चोरों के डर से ग्रामीण जागते रहते हैं और शोर मचाकर उन्हें भगाने की कोशिश करते हैं। कुछ जगह चोरों ने ग्रामीणों पर फायरिंग करते हुए फरार हो जाते हैं ,कुछ ग्रामीणों का कहना हैं कि शाम ढलते ही चोर जंगल में छिप जाते हैं रात होते ही गांवो में घुसने का प्रयास करने लगते हैं। जब गांव में चोर होने का पता चलते हैं इसी तरह रजबपुर क्षेत्र में दर्जन भर के आसपास के इलाकों में भी चोरो का आतंक बरकरार हैं। इस तरह की घटनाओं से ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा की भावना कम हो गई है और लोग डरे हुए हैं। कई गांवों में, ग्रामीण खुद ही रात में गश्त करने लगे हैं ताकि चोरों से अपने गांव की रक्षा कर सकें।

मोहर्रम पर निकले ताजिये

शाह टाइम्स संवाददाता रहरा। क्षेत्र के बांसका कला में मातमी धुन पर ताजियों का जुलूस निकाला गया। मुस्लिम समाज ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। जगह-जगह लंगर का आयोजन प्रस्तुत किए गए। जुलूस को लेकर प्रशासनिक व्यवस्थाएं पुख्ता रहीं। सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को मोहर्रम का जुलूस निकाला गया अन्य स्थानों पर ताजिए रखे गए। जूलुस को कर्बला ले जाया गया। शाम साढ़े सात बजे ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया।इस मौके पर ग्राम प्रधान जुनैद आलम,चाहत अली, फखरूद्दीन, चौधरी सब्बू, असलम यतीन, चौधरी शकील आदि लोग रहे।

जुआ खेलते पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। नगर के हसनपुर मार्ग पर स्थित उमंग डेयरी के पीछे बाग में जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने रंगे हाथों दबोच लिया। इनके पास से 5800 रूपये की नकदी व ताश की गड्डी बरामद हुई है। पुलिस ने वीडियो को गंभीरता से लिया और रविवार को चौपला चौक इंचार्ज प्रवीण कुमार ने हेड कांस्टेबल सूरज, कांस्टेबल मोहित भाटी, अश्वनि व बादल ढ़ाका ने उमंग डेयरी फैक्ट्री के पीछे छापेमारी करते हुए पांच जुआरियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। इनके पास से 5800 रूपये की नकदी व ताश की गड्डी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर थाने लाई और संबधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि जुआ खेलने वाले शबाव निवासी सिहाली जगीर थाना हसनपुर, राहुल निवासी मायापुरी थाना गजरौला, हरस्वरुप निवासी लौहरी खादर थाना हसनपुर, मेहराज निवासी मोहरक. ापट्टी थाना गजरौला व निसार पुत्र निवासी नवादा रोड थाना गजरौला के विरूद्ध मुक. दमा दर्ज करके चालान किया गया है।

ट्रैक्टर-ट्राली से भिड़ी ईको, छात्र की मौत

कार में सवार तीन महिलाएं भी घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

रहरा। ईको कार एवं ट्रैक्टर ट्राली की आमने-सामने की भिड़ंत में कार सवार बीएससी के छात्र की मौत हो गई। जबकि कार में सवार महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। छात्र की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मचा है।

बता दें कि रहरा थाना क्षेत्र के गांव सिरसा कला निवासी 20 वर्षीय नाजिम पुत्र सददीक बीएससी का छात्र था। नाजिम की मम्मी हशमती गांव में राशन डीलर है। शनिवार की देर रात नाजिम कार से परिवार के अपनी ताई मुन्नी देवी एवं तहेरे भाई मुशाहिद एवं मुजाहिद की पत्नी नाजरीन के साथ ईको कार में सवार होकर सैदनगली से अपने घर लौट रहे थे। रहरा में धर्मकांटे के निकट अलीगढ़ हसनपुर मार्ग पर सामने से आ रहे ट्रैक्टर से कार की भिड़ंत हो गई, जिसमें कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिसमें कार में बैठे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहरा में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने नाजिम की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन नाजिम को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही इस हादसे में घायल हुए मुशाहिद, नाजरीन तथा मुन्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां मुन्नी की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक आठ बहन भाइयों में तीसरे नंबर का था। मां हसमती गांव में राशन डीलर है। मां हशमती एवं भाई बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक बीएससी का छात्र था। पोस्टमार्टम होने के बाद देर शाम छात्र का शव गांव पहुंच गया है। थाना अध्यक्ष कुमरेश त्यागी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। कार व ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है। अज्ञात ट्रैक्टर के चालक के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया है।

परिषदीय विद्यालयों में आरटीई मानकों पर शिक्षक समायोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों के समायोजन को प्रभावी तरीके से लागू किया है। बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी विद्यालय एकल न रहे और हर छात्र को आवश्यक शिक्षकीय सहयोग सुलभ हो।

इसके लिए न केवल नियमित शिक्षकों की तैनाती की गई है, बल्कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को भी सहायक कार्यों में सक्रिय किया गया है। आरटीई की धारा 25 के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक विद्यालय में न्यूनतम एक शिक्षक या सहयोगी जरूर उपलब्ध हो। जिन विद्यालयों में शिक्षक संख्या सीमित है, वहां शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को शैक्षणिक व सहायक भूमिकाओं में लगाया गया है। विभाग के अनुसार, समायोजन के दो चरण पूरे हो चुके हैं। प्रथम चरण ने 16,646 शिक्षकों को अंतरजनपदीय एवं अंत: जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण का लाभ मिला है। द्वितीय चरण ने 543 शिक्षकों का आकांक्षात्मक जनपदों में समायोजन हो चुका है। अंत: जनपदीय ऑनलाइन आवेदन से कुल 20,182 शिक्षकों को लाभ मिला है। अब शेष सरप्लस शिक्षकों का समायोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा, ताकि छात्र-शिक्षक अनुपात आरटीई मानकों के अनुरूप सुनिश्चित हो सके। कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को स्कूल पेयरिंग मॉडल से जोड़ा गया है। महानिदेशक शिक्षा कंचन वर्मा के अनुसार, इन विद्यालयों में बाल वाटिका चलाई जा रही है और यू-डायस कोड यथावत रखा गया है, जिससे पहचान और शैक्षणिक सततता बनी रहे।

जहां छात्र संख्या कम है और शिक्षक अतिरिक्त (सरप्लस) हैं, वहां से उन्हें शिक्षक-अभावग्रस्त विद्यालयों में भेजा जा रहा है। इससे शिक्षकीय संसाधनों का न्यायोचित वितरण सुनिश्चित हो रहा है और आरटीई के मानकों के अनुसार न्यूनतम शिक्षक उपलब्धता भी। समायोजन प्रक्रिया के दौरान कुछ बिंदुओं को लेकर भ्रम की स्थिति न हो इसके लिए भी विभाग ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जैसे, जिन विद्यालयों में 50 से कम छात्र नामांकित हैं और एक शिक्षक का स्थानांतरण हो गया है, ऐसे अधिकांश विद्यालय स्कूल पेयरिंग मॉडल के अंतर्गत आते हैं, जहां शिक्षक यथावत शैक्षिक सहयोग में संलग्न रहते हैं। साथ ही, शिक्षामित्रों को भी शिक्षक गणना में सम्मिलित किया जाता है, जिससे विद्यालय एकल नहीं होता।

विभाग के अनुसार, लगभग 95 प्रतिशत मामलों में यह स्थिति पूरी तरह स्पष्ट और आरटीई के अनुरूप है। इसी तरह, जूनियर हाई स्कूल (कक्षा 6-8) में विषयगत शिक्षकों की असमानता की स्थिति में भी विभाग ने व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया है। उदाहरणस्वरूप, यदि किसी विद्यालय में पहले से दो शिक्षक हैं—एक गणित और एक हिंदी विषय के और तीसरे के रूप में पुन: गणित विषय के शिक्षक की तैनाती हो रही है, तो उसे भी अनुमति दी जाएगी। विभाग का कहना है कि एक शिक्षक गणित, दूसरा विज्ञान पढ़ा सकता है। चूंकि विषयवार शिक्षकों का वितरण जनपद स्तर पर असमान है, इसलिए इस अंतर को आगामी समायोजन चक्रों में संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार संतुलित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उन विद्यालयों में जहां छात्रों की संख्या 100 से कम है और प्रधानाध्यापक को सरप्लस घोषित किया गया है, वहां एक अन्य स्थिति उत्पन्न हुई कि प्रधानाध्यापक के हटने के बाद विद्यालय में केवल शिक्षामित्र रह जाते हैं। ऐसी स्थिति में स्पष्ट किया गया है कि प्रधानाध्यापक को तब तक कार्यमुक्त नहीं किया जाएगा जब तक उस विद्यालय में सहायक अध्यापक की तैनाती नहीं हो जाती या विद्यालय को किसी अन्य के साथ पेयर नहीं किया जाता। ऐसे मामलों की संख्या प्रत्येक जिले में औसतन एक ही पाई गई है।

मोहर्रम और सावन को लेकर जौनपुर पुलिस अलर्ट मोड में

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में मोहर्रम जुलूस और सावन माह में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था कर ली है। सुरक्षा की दृष्टि से न सिर्फ तकनीकी संसाधनों का सहारा लिया गया है बल्कि संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। कुल 23 संवे. दनशील स्थानों को चिन्हित किया गया है, जहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इन इलाकों में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय लोगों के साथ समन्वय बैठकें कर जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होने बताया कि प्रमुख शिवालयों और मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही 11 ड्रोन कैमरों की मदद से भीड़ और गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। निगरानी के लिए एक सेंट्रल कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जहां से पूरे जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर सीधी नजर रखी जाएगी। एसपी ने जानकारी दी कि आठ थाना क्षेत्रों में अस्थायी अस्पताल बनाए गए हैं, जिससे किसी भी आकस्मिक स्थिति में तीर्थयात्रियों व आमजन को तुरंत चिकित्सीय सहायता मिल सके। इसके साथ ही कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात की सुचारु व्यवस्था के लिए रूट डायवर्जन की भी योजना तैयार की गई है।

दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष की कैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) उमेश कुमार की अदालत ने अपनी ही 10 वर्षीय पुत्री से दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 25 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया।

अभियोजन के अनुसार जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्र निवासी एक युवक ने मुकदमा पंजीकृत करवाया कि उसके पिता ने 23 अगस्त 2022 के पहले उसकी नाबालिग बहन के साथ कई बार दुष्कर्म किया और बताने पर जान से मारने की धमकी देते थे। पिता पहली पत्नी की मृत्यु के बाद दूसरी शादी किए था और अपनी बेटियों का यौन शोषण व उत्पीड़न करता था। जिससे बड़ी पुत्री की मृत्यु हो चुकी है अब छोटी पुत्री के साथ भी दुष्कर्म कर रहे हैं।

बयान के दौरान किए कथन से पीड़ति व उसके भाई द्वारा जिरह के दौरान मुकर जाने के बावजूद अदालत ने पूर्व के बयान को दोष सिद्धि के लिये पर्याप्त मानते हुए आरोपी पिता को दुष्कर्म के आरोप में दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास व 25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन पक्ष की पैरवी शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार उपाध्याय व कमलेश राय ने किया।

वांछित फरार पर 50 हजार का इनाम घोषित

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश में प्रताप गढ़ जिले के थाना कुण्डा से संबंधित वांछित फरार अभियुक्त गुलशन यादव पुत्र स्वर्गीय सुंदर लाल यादव निवासी मऊ दारा थाना मानिक पुर जनपद प्रताप गढ़ पर पुलिस ने 50 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया है। इन पर प्रताप गढ़ और प्रयाग राज के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी, गुंडा, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक अधिनियम , गैंगस्टर जैसे 53 अपराधिक मुकदमे पंजीकृत है। गुलशन यादव गम्भीर आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहते हुए दीर्घकाल से फरार चल रहे है, गौरतलब है कि फरार चल रहा अभियुक्त गुलशन यादव समा. जवादी पार्टी का नेता है।

जेपी आंदोलन के नाम पर नई पीढ़ी को गुमराह न करें अखिलेश: भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) पर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि सपा सुप्रीमो को पता होना चाहिये कि नई पीढ़ी को जेपी आंदोलन के नाम पर गुमराह नहीं किया जा सकता। भाजपा प्रवक्ता आलोक अवस्थी ने कहा कि जेपी आंदोलन जनता की क्रांति थी, किसी परिवार की जागीर नहीं थी।

अगर जेपी के विचारों से सच्चा जुड़ाव होता, तो समाजवाद की आड़ में परिवारवाद और अवसरवाद की खेती नहीं होती और फाइव स्टार कल्चर नहीं होता। उन्होने कहा कि अखिलेश सरकार में जेपीएनआईसी एक सफेद हाथी बन गया था, जनता का पैसा बर्बाद किया गया जिसका उपयोग शून्य था। उन्होने अखिलेश की ओर इशारा करते हुए कहा कि जब तक आपकी कुर्सी थी, तब तक आपको जेपीएनआईसी की याद नहीं आई, अब सत्ता छिनने के बाद भावनात्मक लगाव जाग गया। जनता जानती है कि ये आपका भावनात्मक नहीं बल्कि राजनीतिक निवेश था।

श्री अवस्थी ने कहा कि जेपीएनआईसी को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंपना एक प्रशासनिक निर्णय और स्वागत योग्य कदम है । ताकि भवन का उपयोग हो, न कि दुरुपयोग, यह किसी के परिवार की मिल्कियत नहीं है। एलडीए की आलोचना करने वाले भूल गए कि उसी गोमत. ीनगर की जमीन पर अपने रिश्तेदारों के नाम प्लॉट दिलवाए थे। प्रदीप

एक नजर

प्राचीन शिव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य सात दिनों में होगा पूर्ण: डॉ दिनेश

जौनपुर। उत्तरप्रदेश में जौनपुर जिले के जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र के द्वारा रविवार को तहसील बदलापुर के राजस्व ग्राम नूरुद्दीनपुर के ग्राम पंचायत देवरिया में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर जनसहभागिता से हो रहे जीर्णोद्धार के कार्य का औचक निरीक्षण किया गया और कहा कि मंदिर के झंडू धार का काम कार्य 7 दिनों में पूर्ण हो जाएगा। जिलाधिकारी ने रविवार को पीली नदी पर खुदाई के कार्य के निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों को पीली नदी के तट पर स्थित शिव मंदिर की प्राचीनता तथा दिव्यता से अवगत कराते हुए मंदिर का जीर्णोद्धार कराए जाने हेतु अनुरोध किया गया था, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा विगत कुछ दिनों पूर्व पीली नदी के निरीक्षण के दौरान 10 दिनों में जनसहभागिता के साथ कार्य कराते हुए मंदिर का सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश उपजिलाधिकाधिकारी बदलापुर को दिए गए थे। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी द्वारा पुनः मंदिर पर किए जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने कहा कि आगामी 07 दिनों में इस दिव्य और भव्य प्राचीन मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने उपस्थित श्रमिकों से संवाद करते हुए उनके कार्यों की सराहना की तथा श्रमिकों सहित स्थानीय निवासियों में मिष्ठान्न और फल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि श्रावण मास प्रारंभ होने से पूर्व मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। श्रमिकों द्वारा जीर्णोद्धार के कार्य को तीव्र गति से किया जा रहा है। यह प्राचीन मंदिर स्थानीय श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र है। इस श्रावण मास में श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन पूजन करने के दौरान कोई परेशानी नहीं होगी। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा पीली नदी पर हो रहे खुदाई के कार्य का भी औचक निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन के समन्वय, जनसहयोग, तथा विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र के सहयोग से अब तक 90 प्रतिशत से अधिक खुदाई का कार्य हो चुका है। 11 जून 2025 से यह कार्य प्रारंभ किया गया था तथा बारिश से अब जगह जगह पर पानी भी दिखने लगा है। जिलाधिकारी ने इस कार्य में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से अपना सहयोग देने वाले, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सभी सम्मानितजनों, श्रमिकों, समाजसेवियों आदि का आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के आह्वान पर प्रत्येक जनपद में एक नदी का जीर्णोद्धार किया जाना था, जो विलुप्त होने के कगार पर है। इसी क्रम में हमने जनपद में विलुप्त हो रही पीली नदी के जीर्णोद्धार का जो संकल्प लिया था, वह अब यथार्थ रूप ले रहा है तथा पीली नदी अब जीवंत होने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बदलापुर, संबंधित अधिकारीगण, ग्राम प्रधान, स्थानीय निवासी सहित अन्य उपस्थित रहे।

विश्व युवा कौशल दिवस से पहले यूपी में लगेंगे रोजगार मेले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में आगामी 15 जुलाई को पूरे प्रदेश में विश्व युवा कौशल दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इस कार्यक्रम की श्रृंखला में जिलों की सुविधानुसार 12, 13 या 14 जुलाई को रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय उद्योगों और कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को सीधी नियुक्ति का अवसर दिया जाएगा। रोजगार मेले की तैयारी के लिए जिलाधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी नियुक्त किए जा रहे हैं। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने बताया कि 15 जुलाई को आयोजित विश्व युवा कौशल दिवस के मुख्य कार्यक्रम में कौशल विकास की सफल कहानियां, प्रशिक्षण केंद्रों की प्रदर्शनी, प्रेरक संवाद सत्र और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी। जिले के सफल प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया जाएगा और उन्हें मंच पर अपनी कहानी साझा करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जिले में स्थापित महत्वपूर्ण उद्योगों के प्रतिनिधियों का भी सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही, कार्यक्रम स्थल के बाहर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें समस्त प्रशिक्षण प्रदाता हिस्सा लेंगे। प्रदर्शनी में वो उत्पाद रखे जाएंगे जो इन संस्थानों के छात्र या छात्राओं द्वारा निर्मित किए गए हों। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों की उपस्थिति रहेगी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में कौशल विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है।

पिता की पिटाई मामले में हुई मौत, आरोपी पुत्र गिरफ्तार

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के मिल एरिया इलाके में बेटों की मारपीट के बीच में आये पिता की मृत्यु के मामले में पुलिस ने आज आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को मृतक के दो बेटों में आपसी मारपीट की घटना में बीचबचाव करने पहुंचे बुजुर्ग पिता रामदुलारे (75) की गंभीर चोटें आयीं। इन चोटों के कारण रामदुलारे की हुई मृत्यु में पुलिस ने आरोपी बड़े बेटे दिलीप को आज गिरफ्तार कर जबकि अन्य आरोपी की तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिल एरिया इलाके के हरदासपुर गांव में रामदुलारे के दो बेटे दिलीप और रामकेवल अपने परिवारों के साथ अलग रहते हैं शुक्रवार को किसी बात को लेकर उनमें आपस मे कहासुनी शुरू हो गई जिसके बाद कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई।

लापरवाही बरतने के आरोप में तीन पुलिसकर्मी निलंबित

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया में कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को यहां बताया कि पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने शनिवार की रात कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले तीन पुलिसकर्मियो गौरीबाजार थाने में तैनात मुख्य आरक्षी ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव, आरक्षी विजय शंकर यादव तथा थाना सलेमपुर में तैनात आरक्षी सूबेदार यादव को ड्यूटी के दौरान कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया।

जेवर एयरपोर्ट और टेस्टिंग पार्क से आम निर्यात को मिलेगा नया आयाम: दिनेश प्रताप

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट और टेस्टिंग पार्क से आम निर्यात को मिलेगा नया आयाम मिलेगा।

श्री सिंह ने आम महोत्सव के दौरान एक कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश की उर्वर भूमि में उपजा आम अब केवल स्वाद का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रदेश की आर्थिक समृद्धि और वैश्विक पहचान का वाहक बन चुका है। सरकार के प्रयासों से फलों का यह 'राजा' अब दोहा, सिंगापुर, बेल्जियम, इटली, कतर, रूस, ऑस्ट्रेलिया और ओमान जैसे देशों की रसोइयों तक पहुंच चुका है। जल्द ही जेवर एयरपोर्ट का संचालन प्रारंभ होगा, जिससे निर्यात लागत में भारी कमी आएगी।

इसके पास बन रहा इंटीग्रेटेड टेलस्टग पार्क किसानों को वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्पाद तैयार करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि कागज की थैली तकनीक से आम की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगरा में 110 करोड़ रुपये की लागत से आलू अनुसंधान केंद्र और पेरू की शाखा खोलने का ऐतिहा. सिक निर्णय लिया गया है। साथ ही खजूर, स्ट्रॉबेरी और ड्रैगन फ्रूट जैसे फलों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की गई है। अवध शिल्पग्राम में महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होने कहा कि योगी सरकार किसानों के जीवन में समृद्धि लाने के लिए प्रतिबद्ध है। आम महोत्सव केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि किसानों के परिश्रम और नवाचार का उत्सव है। उन्होंने वैज्ञानिकों से आम को सड़ने से बचाने के लिए दीर्घकालिक समाधान खोजने का आग्रह किया, ताकि आम के स्वाद का आनंद पूरे वर्ष लिया जा सके। महोत्सव में 800 से अधिक देशी, कलमी, संकर, प्रसंस्कृत और विद. ेशी प्रजातियों के आमों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई।

उप मुख्यमंत्री ने इन विविध प्रजातियों का अवलोकन किया और आम उत्पादक लखीमपुर के हरप्रीत सिंह तथा बदायूं के अमरपाल सिंह को शॉल, प्रशस्ति पत्र और पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

बांदा में पिता की हत्या के आरोपी को उम्रकैद

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा में एक स्थानीय अदालत ने अपने पिता को लजदा जलाकर हत्या के आरोपी पुत्र को आजीवन कारावास व 22 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। लोक अभियोजक श्रवण तिवारी ने बताया कि तिं. दवारी थाना क्षेत्र के भिड़ौरा गांव निवासी रामखेलावन सिंह की दो शादियां हुई थी।

इसी विवाद के चलते रामखेलावन सिंह की पहली पत्नी के पुत्र विश्वनाथ प्रताप सिंह ने गत 29 सितंबर 2017 को अपने पिता के ऊपर पेट्रोल डालकर उसे लजदा जलाया था। जिसकी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। घटना का मुकदमा मृतक के पुत्र विश्वनाथ प्रताप सिंह के विरुद्ध उसकी सौतेली मां ने दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने घटना की विस्तृत विवेचना की और अदालत में आरा. ेप पत्र दाखिल किया। जहां अभियोजन पक्ष द्वारा 10 साक्ष्य पेश किए। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम चंद्रपाल द्वितीय की अदालत में पक्ष- विपक्ष की दलीलों और पत्रावली में मौजूद साक्ष्यों के आधार पर पिता की हत्या के आरोपी पुत्र विश्वनाथ प्रताप सिंह को आजीवन कारावास व 22 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

मेधावी अभिनंदन समारोह में हुआ 55 छात्र-छात्राओं का सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास द्वारा रविवार को मेधावी अभिनंदन समारोह 2025 का आयोजन किया गया जिसमें जिले के लगभग 55 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

यहां नगर के ठाकुर हुकुम सिंह किसान पी-जी- कॉलेज के जेबी सिंह सभागार में हुआ, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के कुलपति प्रोफेसर रविशंकर सिंह थे, जिन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूकता आवश्यक है और निर्धारित लक्ष्य के साथ मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने युवाओं को अपने उज्जवल भविष्य के प्रति शुभकामनाएं दी। विशेष अतिथि भाजपा विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, समाजसेवी अशोक जायसवाल, प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ एस-पी- सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ न्यास के प्रदेश अध्यक्ष डॉ- देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत किया और न्यास के कार्यों की जानकारी दी।

अवैध धर्मातरण का आरोपी 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने अवैध रूप से धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड और 50 हजार रुपये के इनामी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसके साथी नीतू उर्फ नसरीन को गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस इससे पहले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश ने यहां बताया कि बलरामपुर के ग्राम मधपुर में पीर साहब, नसरीन, जमालुददीन, महबूब आदि के नाम से कई संदिग्ध व्यक्तियों के रहने, विदेशी फलण्डग से एक साल के अंदर करोघें रुपये की संपत्ति, शोरूम, बंगला, लग्जरी गाडियां खरीदने की जानकारी प्राप्त हुई थी। इस पर मामले की जांच एटीएस की दी गई। एटीएस की जांच में सामने आया कि यह गिरोह सुनियोजित तरीके से युवतियों को प्रेमजाल में फंसाकर धर्म परिवर्तन कराता था। जांच के अनुसार, गिरोह के सदस्यों ने लगभग 40 बार इस्लामिक देशों की यात्रा की थी। साथ ही, उन्होंने अपने नाम और फर्जी संस्थाओं के नाम से 40 से अधिक बैंक खाते खुलवाए थे, जिनमें लगभग 100 करोड़ का लेन-देन हुआ। ये फंड विदेशो स्रोतों से प्राप्त किए गए थे, जिनसे शोरूम, बंगले और लग्जरी गाड़ियों जैसी संपत्तियां खरीदी गईं। इस पर यूपी एटीएस ने बलरामपुर के ग्राम मधपुर गांव से जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसके साथी नीतू उर्फ नसरीन को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा खुद को पीर बाबा और हज़रत बाबा जलालुद्दीन के नाम से प्रचारित करता था। उसने 'शिजर-ए-तैय्यबा' नामक पुस्तक भी प्रकाशित की थी, जिसका उपयोग वह और उसके सदस्य इस्लाम धर्म के प्रचार-प्रसार और ब्रेनवालशग में किया जाता था। जमालुद्ध्दीन की काफी समय से तलाश की जा रही थी। इस पर 50 हजार रुपये का इनामी भी घोषित था। एडीजी लॉ एंड आर्डर ने बताया कि गिरोह की साजिशें बेहद खतरनाक थीं। हिंदू समाज की लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाकर, झूठे नामों से शादी का झांसा देकर उनका ब्रेनवाश किया जाता था। उन्होंने बताया कि लखनऊ निवासी गुंजा गुप्ता को 'अबू अंसारी' नामक युवक ने 'अमित' बनकर फंसाया और छांगुर बाबा की दरगाह ले गया, जहां उसका नाम बदलकर 'अलीना अंसारी' कर दिया गया। इसके बदले उन्हें अच्छी ज़िन्दगी, पैसे और सुरक्षा का लालच दिया गया। गिरोह ने हिंदू लड़कियों के धर्म परिवर्तन के लिए बाकायदा दरें तय कर रखी थीं। एटीएस की जांच में सामने आया कि ब्राह्मण, क्षत्रिय और सिख लड़कियों के लिए 15.16 लाख, पिछड़ी जातियों के लिए 10.12 लाख और अन्य जातियों के लिए 8. 10 लाख तक की राशि निर्धारित थी। यह धर्म परिवर्तन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि पूरी तरह से संगठित आर्थिक अपराध था। सिर्फ प्रेमजाल ही नहीं, बल्कि गरीब और असहाय लोगों को भी यह गिरोह निशाना बनाता था। यदि कोई धर्मांतरण से इनकार करता, तो उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जाती।

लूट और चोरी की वारदातों के शामिल अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के मटौन्ध थाना क्षेत्र में पुलिस ने महिलाओं के गहने लूटने व चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह के साथ बीती देर रात हुई सशस्त्र मुठभेड़ में गोली से घायल बदमाश सहित 07 अभियुक्तों को लाखों रुपए के जेवर सहित गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार बदमाश बागपत, हापुड़ और मुजफ्फरनगर जिले के निवासी है, जिनके पास से पुलिस ने लगभग 17 लाख के सोने चांदी के जेवर ,21 हजार से अधिक रुपए नकद, दो तमंचे व खाली भरे कारतूस आदि बरामद किए। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने रविवार दोपहर को यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र से बस, टेंपो, ऑटो, रिक्शा आदि में यात्रा करने वाली महिलाओं के जेवर व नगदी बैग आदि काट कर चोरी करने व लूट आदि की शिकायतें बड़ी संख्या में मिल रही थी।

जिनका पर्दाफाश करने हेतु पुलिस टीम जुटी हुई थी। इसी दौरान शनिवार को देर रात्रि खैरार रेलवे जंक्शन के पास एक कई संदिग्ध लोगों के एकत्र होने की सूचना पर कोतवाली नगर व मटौन्ध पुलिस एसओजी टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को देख मौजूद बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जहां पुलिस ने भी आत्मरक्षक गोली चलाई। जिसमें पैर में पुलिस की गोली लगने से बागपत जिले के लोधी नगर थाना क्षेत्र के अब्दुल्ला खुर्द निवासी मोहिसिन घायल हो गया और बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर घायल बदमाश सहित बागपत जिले के बिनौली थाना क्षेत्र के दोझा निवासी हारून, इमरान, नूरुद्दीन, फारुक, हापुड़ जिले के बाबू गढ़ थाना क्षेत्र के कुचेसर निवासी मनोज व मुजफ्फरनगर जिले के खतौली थाना क्षेत्र के खेड़ी कुरेरा निवासी इस्लामुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया।

शाहजहांपुर में छात्र हत्या मामले का पुलिस ने किया खुलासा

शाह टाइम्स ब्यूरो

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना पुवाया क्षेत्र में नाबालिग छात्र की गोली मारकर की गई हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ और साक्ष्यों से पता चला कि छात्र ने अपनी मृतक मां की याद में खुदको गोली मार कर आत्म हत्या की थी।

रंजिशन मुकदमे बाजी के चलते मृतक के मामा ने आत्महत्या को हत्या बताकर गांव की पांच लोगों के खिलाफ हत्या का झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने रविवार को बताया कि पुवायां थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर जप्ती में अपने मामा के घर रहने वाले छात्र अपूर्व अवस्थी की 03 जुलाई को जमीनी विवाद में गांव के ही रहने वाले पांच लोगों के खिलाफ मामा प्रमोद ने थाने पर तहरीर देकर अमित मिश्रा ,अनुज मिश्रा ,आलोक मिश्रा, गौरव और विजय के खिलाफ गोली मार कर हत्या करने की का 103(1)/191(2) / 191(3)/190 बीएनएस धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक पुवायां ने विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण कर सीडीआर व सीसीटीवी फुटेज देखने तथा पूछताछ में पुलिस को हत्या करने का कोई साक्ष्य नहीं मिला।इसके बाद पुलिस कुंवरपुर जप्ती गांव पहुंची जहां अपूर्व अपने मामा के घर रहता था। घटना वाले दिन काम कर रहे राजमिस्त्री व मजदूरो से गोपनीय रूप से जानक. ारी की गई तो मजदूरो द्वारा घटना के सम्बन्ध में सही जानकारी देते हुए बताया कि घटना वाले दिन मृतक अपूर्व अवस्थी घर पर ही मौजूद था। घर पर केवल महिलाएं थी। हम सभी मजदूर अपना काम कर रहे थे तभी मकान में फायर की आवाज सुनायी दी। हम लोग ने जाकर देखा तो घर में रहने वाले एक लड़के जिसका नाम अपूर्व उर्फ देव था, उसने स्वंय को गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी।

रसूलपुर में मोहर्रम पर मातम और ताजियादारी

शिया समुदाय ने पेश की अकीदत

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। ग्राम रसूलपुर में 10 मोहर्रम के मौके पर शिया मुस्लिम समुदाय द्वारा परंपरागत तरीके से मजलिस और मातम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चेन्नई से तशरीफ लाए मौलाना घ्यात नकवी ने मजलिस को संबोधित किया और कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश की।

मौलाना ने कहा कि कर्बला की जंग हक और बातिल के बीच थी, जहां इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ इस्लाम की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। उन्होंने बताया कि यह बलिदान मानवता, सच्चाई और न्याय के लिए हमेशा मिसाल रहेगा।

मजलिस के बाद इमामबाड़ा भारगाट से ताजियादारी का जुलूस निकाला गया, जिसमें अलम, जुलजनाह और ताजिया शामिल रहे। अकीदतमंदों ने काले कपड़े पहनकर नौहाख्वानी और सीनाजनी की। या हुसैन, हाय हुसैन की सदा गूंजती रही और माहौल गमगीन हो गया। अकीद. तमंदों ने छुरियों और आग पर चलकर मातम किया, जिसे देखकर वहां मौजूद लोग भावुक हो उठे। जुलूस गांव के मुख्य मार्गों से होता हुआ हसनी चौक तक पहुंचा और अंत में कर्बला मैदान में समापन हुआ, जहां ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मौलाना मोहम्मद अब्बास आरिफ काजमी रसूलपुरी ने किया। नौहे फैज धामपुरी ने पढ़े, जो सुनकर कई लोग रो पड़े। इस मौके पर मंत्री मूलचंद्र चौहान भी उपस्थित रहे और उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जुलूस का संयोजन पूर्व प्रधान अनीस जैदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिलशाद अली, इन्तेखाब हैदी, समर अनीस, अली मेहदी, अब्दुल्ला, जहीर अब्बास, अजब हैदी, हैदर अब्बास, अशरफ, इजाज, आकिब, सकलेन, वली हसन, जीशान, तसलीम रब्बानी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। समारोह शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ और प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

करौंदा में निकलते हैं तीन अखाड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

कोतवाली देहात। ग्राम करौंदा में सदियों से मोहर्रम पर अखाड़े निकलते आ रहे हैं। गांव में तीन अखाड़े खेले जाते हैं। अखाड़ा खेलने से पहले एक जुलूस भी निकाला जाता है। यह जुलूस सैयद बिरादरी का निकलता है। जुलूस में नोहे पढ़े जाते हैं। शहीदों को याद किया जाता है और जंजीरों का मातम भी होता है, उसके बाद अखाड़े शुरू हो जाते हैं।

अखाड़े तीन बिरादरी के होते हैं जो अपनी जगह पर ही अखाड़े रहते हैं। अखाड़े तीन बिरादरी के खेले जाते हैं। एक अखाड़ा कुरैशी बिरादरी का, दूसरा अखाड़ा कसार बिरादरी का, तीसरा अखाड़ा अंसारी बिरादरी का रहता है। इन अखाड़ों में बाहर के खिलाड़ी अपना हुनर दिखाते हैं। कसार बिरादरी का खलीफा लतीफ, खुर्शीद, यासीन, यूनुस अपने खेल के हुनर दिखाते हैं। कुरैशी बिरादरी में खलीफा तस्लीम कुरैशी, फरीद कुरैशी, फुरकान कुरैशी भी अपने अखाड़े में अपने हुनर दिखाते हैं। तस्लीम खलीफा, फरीद खलीफा अपने खेल के लिए जाने जाते हैं। लकड़ी के बहुत बड़े खिलाड़ी है। इन अखाड़े में बिजनौर, नगीना, नजीबा. बाद, नहटौर, धामपुर, शेरकोट के खिलाड़ी आकर अपना हुनर और खेल दिखाते हैं। अखाड़े के अलावा एक बाजार भी लगता है। बाजार में हलवे परांठे की दुकान, मीना बाजार आदि दुकान लगती है। यह अखाड़े लगभग 100 साल से खेलते आ रहे हैं। कुरैशी बिरादरी के तालिब एडवोकेट, राशिद पत्रकार, प्रधान वसीम कुरैशी, सलीम कुरैशी, इरशाद कुरैशी, अनीस, नदीम, हाजी फुरकान आदि मौजूद थे।

सुभासपा की मासिक बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ रहे। संचालन अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि ने किया।

बैठक में आगामी जिला पंचायत चुनाव को लेकर चर्चा हुई और पार्टी के हाई कमान उत्तर प्रदेश कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की विचारधारा को आगे बढ़ाने की बात कही। इस दौरान जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़ ने मोर्चे /प्रकोष्ठ के सभी जिला अध्यक्षों से उनके विधानसभा व ब्लॉक अध्यक्ष की तत्काल सूची अवगत कराने को निर्देशित किया। इस दौरान प्रदेश सचिव विवेक नायक, जिला सदस्यता प्रभारी रणवीर सिंह निराला, प्रदेश महासचिव राजपाल गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नेपाल चौधरी, जिला महासचिव अनुसूचित रवि कुमार, रूपचंद, रूपेंद्र सिंह, विनोद कुमार, चंद्रवीर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शांति नर्सिंग होम क्षेत्र के लिए सौगात: बॉबी

बास्टा में नर्सिंग होम का उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

चांदपुर। कस्बा बास्टा में शांति नर्सिंग होम का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बॉबी द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में आज अच्छे और अनुभवी चिकित्सकों की सख्त जरूरत है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शांति नर्सिंग होम नगर के वरिष्ट चिकित्सक डॉ. लाखन सिंह चौधरी व उनके सुपुत्र डॉ. आकाशदीप चौधरी एवं पुत्रवधू अंशु चौधरी द्वारा खोला गया सभी सुविधाओं से युक्त एक ऐसा नर्सिंग होम होगा। जिसमें यही डॉक्टर्स बास्टा क्षेत्र में अपनी सेवायें देने के लिए आए है। मैं अपनी और बास्टा क्षेत्र की जनता की ओर से शांती नर्सिंग होम संचालकों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं और इन सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मैं शांती नर्सिंग होम संचालकों से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों की चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में बेहतर सेवा करने की अपेक्षा करता हूं। उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सभी सुविधाओं से युक्त यह पहला अस्पताल होगा। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के बीमार लोगों का बेहतर ईलाज और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी।

इस मौके पर नगर के वरिष्ट चिकित्सक डॉ. लाखन सिंह चौधरी ने कहा कि मेरा बड़ा बेटा जो कि वरिष्ट बाल रोग विषेशज्ञ है। डॉ. संदीप चौधरी का चांदपुर में पहले से ही शांती नर्सिंग होम एवं बाल रोग चिकित्सालय नूरपुर रोड चांदपुर में अपनी सेवायें दे रहा है। अब ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र अंचल में अपना एक और नया अस्पताल खुलने से क्षेत्रवासियों के लिये यह अस्पताल बहुत ही लाभकारी सिद्ध होगा। उद्घाटनावसर पर डॉ. लाखन चौधरी, डॉ. मदनपाल सिंह, डॉ. महेन्द्र मलिक, डॉ.नरेन्द्र तोमर, प्रधान लव कुमार, रूप सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख पुत्र रवि धारीवाल, मुकेश कुमार, विकास गहलौत, डॉ. संतराम सिंह, डॉ. के.पी. सिंह, डॉ. वीपी सिंह, राजेश तोमर, आकाश ढाका, डॉ. सुयश, डॉ. कपिल कुमार, अश्विनी कुमार, सचिन अहलावत, एड. बादल तोमर, डॉ. विकास तोमर (तोमर पैथलेब चांदपुर) सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के अनेक नागरिक, व्यापारी चिकित्सक आदि उपस्थित रहे।

चांगीपुर शुगर मिल में लगने जा रही मृदा परीक्षण लैब

शाह टाइम्स संवाददाता

चांदपुर। बिंदल पेपर्स एण्ड डिस्टलरी (प्रा.) लिमिटेड यूनिट शुगर मिल चांगीपुर में मृदा परीक्षण हेतु लैब के कार्य प्रारम्भ कर देने से किसानों को दूर जाना नहीं पड़ेगा। साथ ही समय की बचत होगी।

मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह ने बताया कि चांगीपुर मिल किसानों की जमीनों की जांच हेतु लैब की स्थापना करने जा रही है। इसके लिये मिल परिसर में कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों के खेतों की मिट्टी की जांच लैब द्वारा कराने के बाद किसान को लाभ होगा। उनका कहना है कि जिले की कई अन्य मिलों में यह व्यवस्था है, अब चांगीपुर मिल में भी यह व्यवस्था होने जा रही है। चीनी मिल के पास अपनी लैब होने के कई अन्य लाभ किसानों को प्राप्त होंगे। किसान अपने खेतों की मिट्टी का जांच करा सकेंगे। मृदा परीक्षण लैब के चांगीपुर मिल में स्थापित होने की मिल रही सूचनाओं को लेकर क्षेत्र किसानों में खुशी की लहर है। इससे किसानों को अपने खेतों की मिट्टी की जांच कराकर अपनी फसलों को सही समय पर सही खाद व दवाई आदि देने का एक अच्छा विकल्प उनके सामने होगा।

ताजियों के साथ निकाला मोहर्रम का जुलूस

शाह टाइम्स संवाददाता

नांगल सोती। ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी में मोहर्रम की 10 तारीख को अलम ताजियों के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस पंचायती इमामबाड़े से शुरू होकर हुसैनी चौक से होता हुआ कर्बला पहुंच कर समाप्त हुआ।

रविवार को शिया समुदाय के लोगों ने मोहर्रम का मातमी जुलूस निकाला गया। जुलुस में मर्सिया ख्वानी जनाब जव्वार अली, अंजार अली, बल्लन ने की और नोहा ख्वानी कैफ जैदीं, रईस अब्बास, फराज जैदी, अरूज जैदी, आरजू जैदी, नवाब हैदर, परवेज हैदर, जमाल, कमर अब्बास, मो. फैजी, काशिफ जैदी, अली मेहदी आदि ने की। हुसैनी चौक पर मौलाना जमरूल हसन (बनारस) ने तकरीर कर पैगाम ए कर्बला दिया और जंजीरों मातम हुआ। जिसके बाद बूढ़ा कुआ कब्रिस्तान पर पहुंच कर मौलाना मसूद अब्बास (बिहार) ने तकरीर कर मजलूम ए कर्बला इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के मसायेब पढ़े और मातम हुआ।

सोगवारों में जाकिर अली, मो. अब्बास, मोजिज अली, विकार अली, मो. हैदर, नायाब, रईस हैदर, शाहनवाज हुसैन, तनवीर जैदी, अमजद अली, अब्बास नकवी, मोहम्मद हैदर, शाहबाज जैदी, मुसर्रत हुसैन, नवाब हैदर, अली रजा, हसन मेंहदी, रिहान हैदर, लकी जैदी, लड्डन आदि लोग उपस्थित रहे, जिसके बाद सुन्नी समुदाय के लोगों ने अखाड़ा निकला।

अखाड़ा मुबाशिर के मकान से शुरू होकर बूढ़ा कुआं पर जाकर समाप्त हुआ। अखाड़े के खलीफा मेहर अली, पूर्व प्रधान हमराज अली, नवाजिश हुसैन, गालिब हुसैन, शाहिद अख्तर, फहीम अहमद, आदि लोग मौजूद रहे।

शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने साथियों को मनाया

विद्यालयों का भ्रमण कर शिक्षकों से करेंगे वार्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी वायरल वीडियो तथा जनपद में हो रही विभिन्न चर्चाओं के बीच जेवीएम इंटर कॉलेज पहुंचे तथा वहां के शिक्षकों के साथ वार्ता कर समस्त प्रकरण से उनको अवगत कराया।

प्राप्त समाचार के अनुसार संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि विगत दिनों जनपद में वायरल एक वीडियो को लेकर उपजे विवाद के सम्बन्ध में दोनों पदाधिकारी शनिवार को जेवीएम इंटर कॉलेज पहुंचे। संगठन के जिला संरक्षक विनेश कुमार त्यागी के साथ विद्यालय में पहुंचकर दोनों पदाधिकारियों ने जेवीएम इंटर कॉलेज के शिक्षकों से वार्ता की। उनकी शिकायत सुनने तथा पीड़ा व्यक्त करने के उपरांत दोनों पदाधिकारियों ने मूल संदर्भ से अवगत करते हुए वायरल वीडियो में कहे गए अपशब्दों के लिए क्षमा प्रार्थना की। इस अवसर पर जिला मंत्री विनोद कुमार ने कहा कि उनका संगठन सभी समाज के प्रति आदर एवं समानता की भावना रखता है। जेवीएम की शाखा से संगठन को सदैव मजबूती मिली है। भविष्य में भी यह शाखा संगठन को मजबूत करेगी। उन्होंने ऐसी आशा प्रकट की। विनोद कुमार ने साथियों से रविवार को एमडीएस इंटर कॉलेज नजीबाबाद में आयोजित सभा में प्रतिभाग करने की अपील भी की। इस अवसर पर जेवीएम के शिक्षकों प्रदीप कुमार, भूदेव सिंह, राहुल कुमार आदि ने वायरल वीडियो को लेकर नाराजगी तथा अपनी पीड़ा व्यक्त की । किंतु संगठन के संरक्षक विनेश त्यागी के आह्वान पर, उनके द्वारा भी क्षमा याचना करने के बाद विद्यालय के शिक्षकों ने उनके मन में किसी प्रकार की कोई दुर्भावना न होने की बात कही तथा सोमवार को प्रधानाचार्य के आने पर प्रकरण को समाप्त कर संगठन में वापसी का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य किसी कार्य से बाहर होने के कारण सभा में उपस्थित नहीं हो सके। दोनों पदाधिकारियों ने शीघ्र ही अन्य विद्यालयों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सभी शिक्षकों से उक्त प्रकरण पर विस्तार से बात करने तथा प्रकरण पर खेद प्रकट करते हुए सभी साथियों के भ्रम को दूर करने की बात की है। जेवीएम में हुई शिक्षकों की वार्ता में सुधांशु कुमार, मुनेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, कामेंद्र कुमार, ललित कुमार, राहुल कुमार, कार्मेंद्र सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

नगीना में आधार सेवा केंद्र पर लोगों की भीड़

घंटों लाइनों में लगने को हो रहे मजबूर

शाह टाइम्स संवाददाता

नगीना। नगर के प्रधान डाकघर में आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने के लिए लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चिलचिलाती धूप और उमस भरे मौसम में छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को घंटों तक लाइन में खड़े रहना पड़ता है।

डाकघर में आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने की प्रक्रिया काफी जटिल और समय लेने वाली हो गई है। लोगों को सुबह 5 बजे से ही लाइन में लगना पड़ता है, लेकिन टोकन मिलने में भी घंटों इंतजार करना पड़ता है। टोकन आम तौर पर डाकघर खुलने और कर्मचारियों के आने के बाद करीब 9 बजे दिए जाते हैं। डाकघर में केवल एक कंप्यूटर सिस्टम होने के कारण काम धीमा होता है और लोगों को कई घंटे इंतजार करना पड़ता है।

शनिवार को आजाद समाज पार्टी के मुस्लिम भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक परवेज पाशी व नगीना नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी अन्य आसपा कार्यकर्ताओं के साथ एडीएम प्रशासन विनय कुमार से मिले और उनको ज्ञापन देकर मांग की है कि आधार कार्ड केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए और कंप्यूटर सिस्टम व स्टाफ की व्यवस्था बेहतर की जाए। इससे आम लोगों को आधार कार्ड बनवाने और अपडेट कराने में आ रही परेशानियों से निजात मिल सकेगी। इस मौके पर सलमान मलिक, परवेज पाशी, आफताब अहमद, असलम सिद्दीकी, जावेद अहमद, अहमद हसन, शाद अहमद, अथर मिर्जा, ज्ञान सिंह, हैदर अब्बास आदि मौजूद रहे।

प्रधान डाकघर के हेड पोस्ट मास्टर ने बताया कि आधार कार्ड बनवाने के लिए लंबी कतारों की समस्या को कम करने के लिए उन्होंने सिस्टम में बदलाव किया है। अब लोगों को टोकन दिए जा रहे हैं और प्रतिदिन लगभग 50 लोग अपने टोकन के अनुसार आधार कार्ड बनवा सकते हैं।

जुलूस अलम में मातम कर कबरला के शहीदों को किया याद

कोतवाली देहाता। 10 मोहर्रम पर स्थानीय इमाम बारगाह कोतवाली देहात से एक जुलूस अलम निकला गया, जिसमें मातमदारों नौहा और मातम करते हुए कर्बला की शहीदों को याद किया गया। जुलूस मुख्य चौराहे पर आकर एक सभा में परिवर्तित हो गया, जिसमें सभा को संबोधित करते हुए मौलाना शिकोह हैदर साहब ने कहा हुसैन (अ) के इनकारे बैयत ने और आपने अजीजो के जानी, माली नुकसान के एवज दीने इस्लाम को वो जिन्दगी अता फरमाई कि जिसके बाद बातिल हक को उस वक्त तक मगलूब (पराजित) नहीं कर सकता, जब तक कि वे जमीन पर कुर्बानी ए हुसैन (अ) की यादगार कायम है। उन्होंने कहा कि इमामे हुसैन अगर खामोश रहते तो आने वाली नस्ले जुल्म को इस्लाम का हिस्सा समझ बैठती। उनकी कुर्बानी ने हमेशा के लिए ये पैगाम दिया है की बातिल के खिलाफ खड़े होना ही हकीकी दीन है। जुलूस अपने निर्धारित मार्गो से होता हुआ कर्बला पर जाकर संपन्न हुआ। जुलूस में जिशान हैदर आजम जैदी, रविश अब्बास, दानिश नाज, आदिल वजाहत व शान आदि ने नौहा पढ़ा। जुलूस में कमर अब्बास, मौ. हैदर, जहीर हैदर, लका हैदर, समर बाबर, पटवारी नवाब हैदर, सुहेल शारिक तथा ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, व्यापार मंडल क्षेत्र के समाजसेवी व बुद्धिजीवी वर्ग आदि ने जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सहयोग किया।

परिषदीय स्कूलों के पेयरिंग का विरोध

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति जन जागृति महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

बिजनौर। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति जन जागृति महासंघ जनपद शाखा बिजनौर जिलाध्यक्ष योगेंद्र कुमार एवं जिला महामंत्री ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में परिषदीय स्कूलों के पेयरिंग के विरोध में मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि परिषदीय स्कूलों के पेयरिंग द्वारा प्राथमिक विद्यालय को बंद करने का षड्यंत्र शासन द्वारा रचा गया है। साथ ही संविधान के अनुच्छेद 21 ए और शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) का भी उल्लंघन किया गया है। आरटीई के अनुसार प्राथमिक विद्यालय की अधिकतम दूरी एक किलोमीटर व उच्च प्राथमिक विद्यालय की अधिकतम तीन किलोमीटर की दूरी होनी चाहिए लेकिन पेयरिंग से निश्चित यह दूरी बढ़ेगी। पेयरिंग से प्रदेश के लगभग 135000 सहायक अध्यापक को वह 27000 प्रधानाध्यापकों के पद भी समाप्त हो जाएंगे। पेयरिंग से निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा और वंचित वर्ग को शिक्षा के मूल धारा अलग किया जा रहा है। महासंघ ने परिषदीय स्कूलों के पेयरिंग की व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग की। जिससे परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का शिक्षा का मूल अधिकार सुरक्षित रह सके।

इस अवसर पर कोर कमेटी प्रभारी तेजपाल सिंह, मंडलाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, कोर कमेटी वरिष्ट सदस्य जयराम सिंह, डॉ. भूपेंद्र कुमार, उमेश कुमार, संजय कुमार, धर्मपाल सिंह, बृजेश कुमार, अमर सिंह, महेंद्र सिंह, अशोक कुमार, विक्की हल्दुआ, चंद्रहास सिंह, सोमदेव सिंह, गजेंद्र कुमार शर्मा, चंदू सिंह, तिलकराज, गुरदयाल सिंह, अंकुश कुमार, देवेन्द्र कुमार, राजेश कुमार रवि, आकाश दीप, वीरेन्द्र कुमार, सुदेश चंद्रायल, बालेश कुमार, तेजपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, गुलशन सिंह, अतर सिंह, कुलदीप कुमार, गणेश सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, राजवीर सिंह, यादराम सिंह, आरके सागर, डॉ. रामकुमार, छत्रपाल, सुमित कुमार, राहुल कुमार, संजीव कुमार, योगेंद्र कुमार, जगत सिंह, नहार सिंह, ओमप्रकाश सिंह, विरेन्द्र सिंह, शिवराज सिंह, अशोक कुमार, प्रमोद कुमार, जगराम सिंह, नरेश कुमार, मूलचंद सिंह, निर्मल कुमार, गोविंद सिंह, भीम सिंह, मुकेश कुमार, अरविंद कुमार, टेनीपाल, सुखराम सिंह, महेश पाल, सियाराम रावत, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, उमेश चन्द्रा, कीरतपाल, नितिन कुमार, जोगेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, उमराव सिंह, आशाराम, शैलेन्द्र कुमार, सुशील कुमार, चरण सिंह, वेद प्रकाश, जागेश कुमार, सौरभ कुमार, यादव सिंह, सत्यपाल सिंह आदि सैकड़ों महासंघ के सदस्य मौजूद रहे।

बजरंगबली बाबा का गुणगान

शाह टाइम्स संवाददाता

धामपुर। सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

मौहल्ला बाडवान में सेंट मैरी रोड पर स्थित दीपक वर्मा के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली, यह भजन सबको खूब पसंद आया सब ने तालियां बजाकर उसका उत्सवर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में वीरेंद्र वर्मा, शिवानी वर्मा, दीपक वर्मा, सुरभि वर्मा, सलोनी वर्मा, ममता वर्मा, राजेश वर्मा, अनीता वर्मा, अनिकेत वर्मा, राखी वर्मा, दिनेश वर्मा, माया वर्मा आदि शामिल रहे। श्रीमद हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, निखिल अरोरा, प्रवेश मिश्रा, संदीप भारद्वाज, सतीश रस्तोगी, नंदकिशोर रस्तोगी, सुनील चौहान आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने सहभोज का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

पत्रकार की वालिदा का इंतकाल

शेरकोट। नगर के युवा पत्रकार सुहैल इदरीशी की वाल्दा तसलीमा (56 वर्ष) कैंसर की बीमारी से लम्बे समय से लड़ते हुए रविवार सुबह जंग हार गयी, जिससे परिजनों मे कोहराम मच गया। नगर पत्रकारों, राजनैतिक दलों के नेताओं, सामाजिक संगठनों के लोगों ने सुहैल इदरीशी के आवास ग्राम मुस्तुफापुर तैयाब सराय पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए नमाज ए जनाजे में शिरकत की। बाद नमाज ए असर गमगीन माहौल में उन्हें कदीमी कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया। इस दौरान नमाज ए जनाजे में पूर्व चेयरमैन शेख कमरुल इस्लाम, युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अंसार अहमद, सपा नेता अदनान राईन, मनोज शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, मोहम्मद आसिफ, पत्रकार डॉक्टर शाहनवाज, विजय वर्मा, अमिश रश्तोगी, अबरार मंसूरी, शक्काफत एस भारती, सुशील चौहान, खालिद खान, दिलशाद अहमद, गुफरान राजा, विजय वर्मा, धर्मवर राजपूत, आकिब सिद्दीकी सभासद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

या हुसैन की सदाओं से गूंज उठा फलावदा

■ शहीद-ए-कर्बला की याद में निकाला गया अलम का जुलूस
■ पुलिस प्रशासन रहा मौजूद

शाह टाइम्स संवाददाता

फलावदा। कस्बे में शहीदे कर्बला की याद में ताजिया व अलम का जुलूस रविवार को निकाला गया। जुलूस के दौरान या हुसैन, या हुसैन की सदाओं से नगर गूंज उठा। मुहर्रम की 10 तारीख रोज आशूरा के दिन को नगर में जुलूस निकाला गया। जुलूस अपने अपने रास्ते से निकलकर कर्बला पहुंचा। इस दौरान सोगवारो ने अपने आप को लहूलुहान किया। कस्बे के मोहल्ला कानी पट्टी स्थित इमामबाड़े में मजलिस आयोजित हुई।

जिसमें मौलाना सफदर हुसैन नकवी ने कहा कि यह जुलूस कर्बला में शहीद हुए इमाम हुसैन और घर वालों सहित उनके भाई हजरत अब्बास की कादारी एवं उनकी कुर्बानी की याद में निकाला जाता है। इमाम हुसैन के काफिले में छोटे-छोटे बच्चे थे जो प्यास से तड़पने लगे इन बच्चों की प्यास बुझाने के लिए इमाम हुसैन अपने भाई हजरत अब्बास को पानी लाने दरिया पर भेजते हैं मगर कई हजार की संख्या में यजीदी सिपाहियों ने एक अकेले और निहत्ते हजरत अब्बास पर बेरहमी से हमला करते हैं कि उनके दोनों हाथ बदन से अलग हो जाते हैं। जिसके बाद कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन के उनके साथियों को तीन दिन का भूखा प्यासा शहीद किया गया। मजलिस के बाद नोहाख्वानी रजी अब्बास व अबुल हसन ने की। जुलूस इमाम बारगाह से शुरू होकर टावर वाली गली, मजनू चौक, दरबार, पैठ बाजार, मेन रोड, जूड रोड से होते हुए करबला पहुंचा। इस दौरान सदर शाही अब्बास, वाइज अब्बास, चांद रिजवी, अम्मार रिजवी, कमर अब्बास, नईम हसन, जरी अब्बास, अली अब्बास, शमीम हसन, नसीम हसन, जफर अब्बास, ओन मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

इम्तिहान में खाकी हुई पास

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। वैसे तो जनपद में जुलूस-ए-मोहरम हमेशा शांति पूर्वक रहा है। लेकिन फिर भी अब्दुल्लापुर खाकी के सिर का दर्द बना रहता है। क्योंकि वहां पर हल्का फूल्का फसाद हो ही जाता था। क्योंकि यहा पर शिया और सुन्नी दोनों समुदाय खासी तादात में रहते हैं और यही वजह है कि यहा पर अक्सर हल्की फुल्की छीटा कशी दोनों समुदाय में हो जाती है। जो पथराव जैसी स्थिति में सामने आती रही है। लेकिन रविवार को माहे मोहरम के दसवें दिन कुछ भी फसाद समाचार लिखे जाने तक सुनने को नहीं मिला। इसे प्रशासन की सफल कुटनीति के अलावा डीआईजी कलानिधि नैथानी और कप्तान विपिन ताडा की अच्छी कार्य योजना ही माना जाएगा।

शिविर व डीजे संचालकों के साथ डीएम-एसएसपी ने की बैठक

शिविर संचालक निर्धारित मानक के अनुसार लगाए शिविर: जिलाधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। कावड़ यात्रा को सकुशल शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस लाइन सभागार में डीएम वी.के. सिंह द्वारा शिविर संचालकों एवं डीजे संचालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कांवड़ यात्रा मार्ग पर लगने वाले शिविर के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

डीएम ने कहा कि समस्त शिविर संचालक निर्धारित किए गए मानक का शत् प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए शिविर लगाएंगे, संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया

कि शिविर संचालकों के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए उनके द्वारा की गई अपेक्षाओं का नियमानुसार निराकरण करते हुए समस्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीजे की लंबाई एवं चौड़ाई के संबंध में भी डीजे संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा की कांवड़ यात्रा सकुशल शांतिपूर्ण संचालन हेतु सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, एसडीएम सदर दीक्षा जोशी, सीएमओ डाक्टर अशोक कटारिया, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्रा उपस्थित रहे।

डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। दौराला ब्लाक सभागार में पंडित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के निमित्त संगोष्ठी बैठक हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे जिला महामंत्री हरीश चौधरी ने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताएं रास्तों पर चलने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने की और डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला और विस्तार से बताया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पाल, क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुख अभय कुमार, रोहटा मंडल अध्यक्ष बॉबी शर्मा, संध्या त्यागी, चेयरमैन धर्मेंद्र मलिक, रवि पूनिया आदि लोग मौजूद रहे।

भाकियू 9 को कमिश्नरी घेरेगी

किसानों की समस्याओं को लेकर नंगलाताशी में बैठक कर लिया निर्णय

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। भारतीय किसान यूनियन मेरठ की जिला कार्यकारणी बैठक कंकरखेड़ा के नंगलाताशी में जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में आयोजित हुई। जिसमें समस्त जिला कार्यकारणी के सदस्य और जिला पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी पदाधिकारियों से एकजुट होने का आह्वन किया।

किसान समस्याओं पर चर्चा करते हुए किसानों के छोटे छोटे काम सहमति से कुरेबंदी, डोलबंदी, खतौनी में नाम चढ़ने संबंधी कार्य भी पेंडिंग है। उन्हें कराने हेतु लेखपालों ने प्राइवेट कर्मचारी रख रखे वे दलाली करते है। और हर काम के पैसे मांगते

■ सरकारी विभाग में किसानों के काम करने के लिए मांगी जा रही है रिश्वत: अनुराग चौधरी

है। बिजली विभाग के कर्मचारियों की बेहद तानाशाही हो रही है। हर कार्य का सुविधा शुल्क तय कर रखा है। उसे उगाने को निजी व्यक्ति रखे हुए है। पोस्टमार्टम व्यवस्था हेतु कुशल प्रशिक्षित पुलिसकर्मी स्टाफ नहीं है। मृतक की लाश आठ से दस घंटे रखी रहती है जब पोस्टमार्टम होता है। सिंचाई के रजवाहे समय से साफ नहीं हो पा रहे सिंचाई विभाग के नाले बरसात से पहले साफ नहीं हो पाए इन सभी समस्याओं को लेकर एक चेता. वनी ज्ञापन 9 जुलाई को मंडलायुक्त मेरठ को सौंपेगे। भाकियू कार्यकर्ता जल्द समस्याओं का समाधान न होने भाकियू मेरठ इकाई अनिश्चितकाल. ीन धरना प्रदर्शन आरम्भ करने की शुरुआत विभागीय कार्यालयों पर करेंगे। अनुराग चौधरी ने कहा हम किसान समस्याओं को लेकर आर पार का संघर्ष तानाशाह अधिकारियों के विरुद्ध करने से पीछे नहीं हटेंगे। जिला संरक्षक मदनपाल यादव ने सभी से एकजुट होकर किसान समस्याओं पर संघर्ष करने का आह्वन करते हुए सभी से संगठन विस्तार करने की अपील की। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मदनपाल यादव, सुरेन्द्र सिंह, बबलू, मोनू, हरेंद्र गुर्जर, प्रशांत त्यागी, हरीश, डीके, हर्ष चहल, विभूति गुर्जर आदि रहे।

मासूम से रेप का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

किठौर। थाना क्षेत्र में एक पांच वर्षीय मासूम के साथ रेप का प्रयास किया गया। बच्ची को तलाशती मां मौके पर पहुंची तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता की मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे गांव का ही हर्षित पुत्र सत्ते उसकी पांच वर्षीय बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया। हर्षित रेप का प्रयास कर रहा था तभी बच्ची की मां मौके पर पहुंच गई। जिसे देख आरोपी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। वहीं पीड़िता ने बताया कि आरोपी की धमकी से वह भयभीत है उसे पुलिस से सुरक्षा भी चाहिये।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक ने धर्मपाल सिंह को दी सांत्वना

शाह टाइम्स संवाददाता

बहसूमा। रविवार की दोपहर मेरठ से बिजनौर प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह माता के देहांत होने के बाद अंतिम संस्कार के लिए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बृजेश पाठक बिजनौर बैराज पर पहुंचे जहां उन्होंने प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह को सांत्वना दी। वह मेरठ से अपनी गाड़ी से काफिला लेकर बैराज के लिए पहुंचे।

जब पुलिस प्रशासन को पता लगा तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। थाना पुलिस ने कस्बे में सड़क किनारे लगी दुकानों एवं ठेलियों को हटवाया। कुछ घंटे के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अपने काफिले के साथ वापस मेरठ की ओर प्रस्थान कर गये। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मीरपुर होते हुए खतौली हाईवे से निकल गये। रविवार को बिजनौर निवासी भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता का देहांत हो गया था। जिसका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर होना था। जब इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को पता लगा तो उन्होंने फोन पर सांत्वना दी, और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बृजेश पाठक अपने काफिले के साथ मेरठ से बिजनौर बैराज पर पहुंचे। जहां पुलिस प्रशासन को पता लगा तो उन्होंने सड़क के दोनों और लगे अतिक्रमण को हटवाया। जिसमें प्रशासन के उच्चाधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। इस मौके पर सांसद, पूर्व सांसद, प्रदेश के राज्यमंत्री, विधायक पूर्व विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके काफिले के साथ रहे।

लावड़ के नगर पंचायत सभागार में मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

लावड़। रविवार को कस्बे में नगर पंचायत सभागार में मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें चेयरपर्सन हज्जन आफताब सहित नगर पंचायत के सभासदगण और कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया और विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु पौधारोपण अभियान रहा, जिस पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। कार्यक्रम में सभासदगण एवं चेयरपर्सन ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण को शुद्ध रखने में मदद करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में भी सहायक है। इस अवसर पर चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी, शाहिद इस्लाम, मनोज जाटव, आरिफ फैजी, गुड्डू, देवेंद्र, गुलफाम, बिलाल आदि मौजूद रहे।

श्रीशिव दुर्गा मंदिर के स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

बहसूमा। मेरठ पौड़ी मार्ग स्थित निकट बस स्टैंड बहसूमा में श्रीशिव दुर्गा मंदिर की 20 वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें भंडारे से पहले मंदिर परिसर में मंदिर के पदाधिकारियों ने विशाल यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें मंत्रोच्चार करते हुए हवन में आहुति दी। बताते चले कि श्रीशिव दुर्गा उपासक मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर की स्थापना दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन करती आ रही है। जिसमें सर्वप्रथम यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर अपने परिवार की लंबी आयु की कामना करते हुए मन्नते मांगी। उसके बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

करोड़ों के किसान लाभांश में गन्ना विभाग के अफसरों का डाका

■ किसान व आरटीआई कार्यकर्ता ने शासन से शिकायत कर अपर गन्ना आयुक्त समितियों पर लगाए गंभीर आरोप, शिकायत पर कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

मवाना। पश्चिमी परिक्षेत्रों की गन्ना समितियों में जमा किसान लाभांश के करोड़ों रुपयों की बंदबांट करने में गन्ना विभाग के अफसर जी जान से जुटे हैं। लखनऊ स्तर के अधिकारियों के निर्देश पर समिति और जिला स्तर के अधिकारी अलग-अलग रास्तों से किसान लाभांश का गबन कर अपनी जेबें भर रहे हैं। शिकायतों के बावजूद तमाम जांचों को ठंडे बस्ते में डालकर योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का मजाक बनाने में गन्ना विभाग के अधिकारी अव्वल नजर आ रहे हैं। ताजा मामले में किसान एवं आरटीआई कार्यकर्ता ने पूरे खेल का जिम्मेदार अपर गन्ना आयुक्त समितियां लखनऊ को ठहराते हुए शासन से शिकायत की है। शिकायकर्ता ने कार्रवाई के साथ-साथ किसान लाभांश के गबन की पूर्ति दोषी अफसरों की रिकवरी से कराने की मांग की है।

करोड़ों के घोटाले उजागर, रिकवरी शून्य

हस्तिनापुर निवासी किसान एवं आरटीआई कार्यकर्ता सुरेश कुमार पिछले कई सालों से गन्ना विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहे हैं। सुरेश कुमार ने बताया कि मेरठ गन्ना समिति में 15 लाख, मेरठ की मलियाना परिषद में लगभग 12 करोड़, मवाना समिति में लगभग 24 लाख, जनपद अमरोहा में साढ़े सात करोड़, हापुड़ में 8 करोड़, जनपद शामली आदि कई जनपदों में करोड़ों का घोटाला उजागर हो चुका है। समिति में यह घोटाले की रकम समितियों में जमा किसान लाभांश से निकाली गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि सभी मामलों में रिकवरी के नाम पर महज खानापूर्ति की गई। शिकायकर्ता ने आरोप लगाया कि उनके द्वारा की गई कई शिकायतों की जांचों को मांग के विप. रीत अपर गन्ना आयुक्त समितियां लखनऊ ने अपने अनुसार कई-कई बार कराने के बाद लंबित रख दिया गया। जबकि सभी घोटालों और फर्जी नियुक्तियों व भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों के संबंध में उनके पास पर्याप्त साक्ष्य हैं।

योजना के तहत चार साल तक नहीं कराए चुनाव...

किसान सुरेश कुमार ने बताया कि समितियों में किसान लाभांश का करोड़ों रुपया जमा है। इसकी बंदरबांट करने के लिए पूरी योजनाबद्ध तरीके से



वर्ष 2020 से अक्टूबर 2024 प्रबंध समिति के चुनाव नहीं होने दिए गए। आरोप है कि अपर गन्ना आयुक्त समितियां ने इन चार सालों के बीच अपने चहेते समिति सचिवों से भवन निर्माण, फॉर्म मशीनरी गोदाम, एक्सपायरी बीएस-4 ट्रैक्टर/कृषि यंत्र खरीद, समिति भवनों में मेंटीनेंस आदि के नाम पर करोड़ों रुपए की वित्तीय धांधली कराकर किसान लाभांश से विभिन्न स्रोतों से करोड़ों रुपए का गबन कराया।

वित्त नियंत्रक से जांच कराने की मांग

किसान सुरेश कुमार ने शासन को पत्र लिखकर घोटालों की जांच वित्त नियंत्रक से कराने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने दोषी अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई व गबन की धनराशि की रिकवरी उन्हीं अधिकारियों से कराने की मांग भी की। उधर, इस मामले में जब अपर गन्ना आयुक्त समितियां से फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

अलविदा या हुसैन की सदाएं हुई बुलंद

शाह टाइम्स संवाददाता

किठौर। 10 मोहर्रम को नबी के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों के साथ कर्बला में शहीद कर दिया गया। जिसके शोक में ग्राम ईसापुर में कर्बला के 72 शहीदों का शोक मनाया गया, और सीना जानी जंजीर का मातम कर सोगवार ने खिराजे अकीदत पेश किया, और इस मौके पर प्रधान जफर हुसैन के घर पर मजलिस का एहतमाम किया गया। जिसमें मौलाना अली जनाब मोहम्मद काजिम साहब ने खिताब फरमाया इसके बाद इंतजार हुसैन के इमामबाड़े में मजलिस का एहतमाम किया गया। जिसमें मौलाना जमालुद्दीन कासमी साहब ने खिताब फरमाया उसके बाद नसीम हैदर सब के इमामबाड़े में मजलिस का एहतमाम किया गया। उसमें मौलाना ने खिताब फरमाया और उसके बाद नसीम हैदर सब के इमामबाड़ा से ताजिया जुलूस बरामद हुआ। जिसमें सोगवारों ने सीना जानी व जंजीर जनी करते हुए कर्बला तक ताजिए को ले गए और कर्बला में ताजिए को सुपुर्द खाक किया। अलविदा या हुसैन अलविदा या हुसैन कि सदा बुलंद की। वहीं कस्बा किठौर में हर साल की तरह इस बार भी जुबैर उर्फ लादेन के नेतृत्व में अखाड़ा निकाला गया। खिलाड़ियों ने विभिन्न करतब प्रस्तुत किए। तलवारबाजी, लाठी चलाना, अग्नि प्रदर्शन, हिलाल घुमाना और मानव पिरामिड बनाए गए। इन करतबों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। थाना पुलिस ने सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा। जगह-जगह सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। पुलिस बल लगातार गश्त करते रहे। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा गया। कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों ने हिस्सा लिया। इससे आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश पूरे क्षेत्र में फैला।

बातनौर में जुलूस ए इमाम हुसैन हुआ बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

फलावदा। हर साल की तरह इस साल भी ग्राम बातनौर में मोहर्रम की 10 तारीख को मजलिस का आयोजन हुआ। मजलिस को खिताब मोलाना किरताज नकवी ने किया। नोहाखवानी शाहम अब्बास, मीसम ने की सोगवारो ने जंजीर का मातम किया व जुलजनाह बरामद हुआ। सौगवारो ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। जुलूस इमाम बारगाह से होते हुए कर्बला पहुंचा वहां पर ताजिया दफन हुआ। इस मौके पर सैय्यद रेहानुद्दीन, नायब हुसैन, शहंशाह जफर, अली मसूद, शाकिर अब्बास, इमरान सैफी, हसन अली, कमर अब्बास, बाकिर नकवी, अहमद नकवी, कौसर नकवी आदि लोग मौजूद रहे।

इमाम हुसैन की याद में अब्दुल्लापुर में मातम करते सोगवार।

अब्दुल्लापुर में सोगवारों ने जंजीरों से किया मातम

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। 10 मोहर्रम को आशूर कहा जाता है। इस दिन हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को कर्बला की जंग में शहीद कर दिया गया था जिसके चलते 10 मोहर्रम को इमाम हुसैन का गम मनाया जाता है। अब्दुल्लापुर में 10 मोहर्रम को बड़ा ताजिया इमामबाड़ा असगर हुसैन से बरामद हुआ और मोहल्ला घड़ी में जाकर पहुंचा। उसके बाद जुलूस मोहल्ला घड़ी से शुरू होकर छिलोरा मार्ग होता हुआ किला रोड पहुंचा और वहां से हुसैनी चौक पहुंचा। एक जुलूस ए जुल्जना और अलम मोहल्ला कोट शाकिर महल से बरामद हुआ और हुसैनी चौक पहुंचा। ताजिए का जुलूस और जुल्जना का जुलूस दोनों एक साथ हुसैनी चौक से होकर कर्बला पहुंचे और ताजिए को दफन किया। जुलूस में मोहम्मद अब्बास, रोशन अब्बास, जामिन, मिसम नकवी, अम्मार ए यासिर, मेहंदी ने नोहे पड़े और हुसैनी चौक पर मौलाना की तकरीर हुई उसके बाद सौगवारों ने जंजीर का मातम किया और अपने आप को लहूलुहान किया। जुलूस में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात किया गया। जगह-जगह पर पुलिस का पहरा रहा। जुलूस में आरएएफ फोर्स भी तैनात रही। वहीं शिया समाज आशूर के दिन फाका रखते हैं और कर्बला में ताजिए दफन करने के बाद सब अपना अपना फाका खोलते हैं। वहीं रात्रि में एक मजलिस शाम ए गरीबा की इमामबारगाह कोट में हुई जुलूस में रजाकार कमेटी ओर मैनेजमेंट कमेटी का अहम सहयोग रहा जिसमें सरफराज अली, रजा अहमद, नादिर, मंसूर, रहबर अली मोहम्मद आमिर, फैजी, शाकिर जैदी शालू, जैगम अली, नायब अली, हिलाल नकवी, मोहल्ला जवाद, अली हुसैन, कुमैल नकवी, हानि हमजा आदि लोगों का जुलूस में सहयोग रहा।

महापुरूषों की जयंती एकजुट होकर मनानी चाहिए: अतुल

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। सरधना स्थित विधायक के आवास पर सरधना के विभिन्न गांवों के प्रजापति समाज के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयेजित की गई। जिसमें महाराज दक्ष प्रजापति की जयंती के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें निर्णय लिया गया है कि 10 जुलाई को महाराज दक्ष प्रजा. पति जी की जंयती को सरधना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव एवं कस्बे में भव्य और गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। कार्यक्रमों में महाराजा के चित्र पूजन, भजन कीर्तन, सभा, प्रसाद वितरण एवं समाज को जागरूक करने वाले सांस्कृतिक आयोजन शामिल रहेंगे।

सरधना विधायक अतुल प्रधान ने बताया है कि महापुरूषों का सम्मान समाज की आत्मा को जाग्रत करता है। महाराज दक्ष प्रजापति जी जैसे महान विभूतियों की जयंती समाज में नई ऊर्जा और एकता का संचार करती है। समाज को दिशा देने वाले महापुरूषों की जयंती हमें एकजुट होकर मनानी चाहिए। यह आयोजन हमारे समाज की एकता, गर्व और जागरूकता का प्रतीक बनेगा। समाज को और अधिक मजबूत, संगठित और जागरूक बनाया जा सकें। उन्होंने कहा कि यह बैठक महाराज दक्ष प्रजापति जंयती के आयोजन की पहली कड़ी के रूप में सफल रही जिसने समाज में जोश जागरूकता और सम्मान की भावना को प्रकट किया। बैठक लगभग 100 से भी अधिक ग्रामों के सम्मानित व्यक्ति शामिल रहे।

या हुसैन या हुसैन की सदाएं गूंजी फिजाओं में

■ सुन्नी समुदाय की ओर से निकाला गया जुलूस

शाह टाइम्स ब्यूरो

मुरादाबाद। नियाजी वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा दसवीं मोहर्रम को सुन्नी समुदाय की ओर से हर वर्ष की भांति इस साल भी खानकाह नियाजिया के खलीफा सैयद सलमान मियां नियाजी की कयादत में और हजरत शाह मेहंदी मियां नियाजी की जीरे सरपरस्ती में अलम का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस किले वाली मस्जिद से जोहर की नमाज के बाद सलमान मियां के निवास से उठाया गया और अपने तयशुदा रास्तों से होता हुआ कर्बला शरीफ पहुंचा ।यह जुलूस अपने निर्धारित रास्तों जैसे राजकीय इंटर कॉलेज सूफी जी की जियारत पर पहुंचा सैयद राशिद अली सैयद नासिर अली सैयद अनवर अली ने जुलूस का स्वागत किया और जुलूस में शामिल लोगों को शरबत पिलाया । जुलूस में शामिल लोग या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद कर रहे थे। जुलूस में सभी लोग हरे रंग के कपड़े टोपियां पहने थे हाथों में अलम आंखों में आंसू जुबान पर या हुसैन के नारे जारी थे। यह जुलूस प्रिंस रोड़ होता हुआ अंसार इंटर कॉलेज गलशहीद ईदगाह सम्भल फाटक होते हुए कर्बला में पहुंचा ।जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया और जुलूस में शामिल लोगों को नजरों नियाज तक्सीम की गई ।जुलूस के कर्बला पहुंचने पर नियाजिया वेलफेयर सोसाइटी की जानिब से लंगर तकसीम किया गया ।सैयद सलमान मियां नियाजी ने मुल्क अमन व कौम की तरक्की

के लिए दुआ कराई ।उन्होंने फरमाया कि हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने हमेशा इंसानियत का पैगाम दिया ।हम लोग भी हजरत इमाम हुसैन के मानने वाले हैं तो हमें चाहिए कि हम उनके बताए रास्ते पर चलें और अपने दरमियान आपसी भाईचारा कायम करें। जुलूस में मुख्य रूप से सैयद सलमान मियां नियाजी सैयद अम्मार मियां नियाजी सैयद जमीर मियां नियाजी फरीद मियां एडवोकेट सैयद ताबिश मियां नियाजी निजामिया मोइन हसन हसन अली हसन मियां इमरान मियां सैयद रियाजुल हसन मियां सैयद ओवैद मियां सैयद इमरान मियां सैयद नासिर अली रिजवी मियां सैयद अथर्मिया सैयद सफदर मियां सैयद हसनैन मियां अली हसन मियां नूरुल हसन मियां मुस्तफा मियां अहमद हसन मियां अबरार मियां हुसैन अली मियां और तमाम ही बच्चों ने इमामे हुसैन अली सलाम की बारगाह में नजराना है अकीदत पेश की और दुआएं मनी।इस अवसर पर नियाजी वेलफेयर सोसाइटी के सैयद रागिब मियां हनीफ मियां जमीर नियाजी शहजाद नियाजी नाजिम नियाजी आदि लोग मौजूद रहे।

मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

भोजपुर। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान प्रशासन की मौजूदगी में ताजियेदार जुलूस की शक्ल में ताजियों को लेकर कर्बला के मैदान पर पहुंचे। रास्तों में लोगों ताजियेदारों को शरबत एवं मिठाईयां खिलाकर हौसला अफजाई करते देखे गये। रविवार को मोहल्ला गढ़ी, खद्दर बाजार,घासमंडी, बड़ी मंडी, नक्कालान, धर्मपुर आंगा, गणेशपुर, आदमपुर के ताजियेदार पुलिस की मौजूदगी में छोटे ताजियों के साथ ढोल नगाड़े बजाते हुए कर्बला पहुंचे। निकटवर्ती गांवों गोदी, गनीमत नगर,रानी नांगल, इस्लामनगर, पीपल साना, सरदार नगर, अटरिया, लालुवाला आदि गांवों में भी मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखे रहे।

गर्मी से राहत को पिलाया शरबत

कांठ। राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव अमन ढिल्लो ने अपने गांव में सड़क पर आने जाने वाले राहगीरों को इस उमस भरी गर्मी में राहत देने के लिए ठंडा शरबत पिलाने का काम किया। सहयोग अरमान, फहीम, सत्यम, रब्बान, पवन, शिवा, सलमान, जूली, आसिफ आदि का रहा।

डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में महानगर के सभी दस मंडलों में शिक्षाविद,चिंतक एवं भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।सभी दस मंडलों में संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में महानगर के पूर्व जनप्रतिनिधिगण, प्रदेश पदाधिकारी गण एवं महानगर के पदाधिकारी शामिल रहे।सभी दस मंडलों में मुख्य वक्ताओं ने डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं उनके किए गए कार्यों की विस्तार से वर्णन किया।इसी क्रम में

महानगर के रामगंगा विहार मंडल में संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पुष्प अर्पित कर नमन कर संगोष्ठी का शुभारंभ किया। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1917 में मैट्रिक पास किया 1921 में बीए की उपाधि प्राप्त की 1923 में लॉ की उपाधि प्राप्त करने के उपरांत पर विदेश चले गए 1926 में इंग्लिश से बैरिस्टर बन के लौटे उन्होंने अल्पायु में ही विद्या अध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलताएं अर्जित की 33 वर्ष की आयु में वह कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने इस पर पद पर नियुक्ति पाने वाले वह सबसे कम उम्र के कुल. पति थे एक विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद के रूप में उनकी उपलब्धि और ख्याति दिन प्रतिदिन दिन बढ़ती गई। संगोष्ठी कार्यक्रम संयोजक शशि किरण, सह संयोजक धर्मेश सैनी व हरीश प्रजापति, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, बाल्मीकि हरिओम मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण शक्तिकेंद्र संयोजक आदि शामिल रहे।

एक नजर

22वीं पुण्यतिथि पर मरीजों को किए फल वितरित

मुरादाबाद। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के द्वारा जिला चिकित्सालय ओपीडी के सभागार में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक स्वर्गीय राम उजागर पांडे को याद करते हुए उनकी 22 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित की किये।पुण्यतिथि पर अपने विचार रखते हुए जिला मंत्री हेमंत चौधरी ने सभी फार्मासिस्ट व चीफ फार्मासिस्ट से स्वर्गीय राम उजागर पांडे के बताये आदर्शों पर चलने का आह्वान किया तथा संगठन को मजबूत करने वह मांगों के प्रति संघर्ष करने के विषय में स्वर्गीय राम उजागर पांडे जी के जीवन पर प्रकाश डाला।इसके पश्चात् मरीजों को फल वितरित किये गये।फल वितरण में डॉ शेर सिंह कक्कड़,पंकज पांडे,राज. श पाठक ,पी पी सिंह, त्रिवेंद्र चौहान, सीमा भारती, योगेश राजपूत, अंकुर चौहान, अनिल शर्मा, अमित सिंह आदि उपस्थित रहे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा ने की संगोष्ठी आयोजित

कांठ। भाजपा मंडल छजलैट द्वारा किसान इंटर कालेज भीकनपुर में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मंडल अध्यक्ष आंचल चौधरी की अध्यक्षता में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें उन्हें कार्यकर्ताओं द्वारा नमन किया गया। इसके बाद उनके जीवन परिचय की विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भजनलाल पाल क्षेत्रीय संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ, मंडल अध्यक्ष आंचल चौधरी, गन्ना डायरेक्टर गौरव सिंह एवं संजीव कुमार, देवेंद्र सिंह, जिला मंत्री युवा मोर्चा सुमित दिवाकर, मंडल महामंत्री विशेश्वर प्रसाद शर्मा एवं संजीव कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, सौवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, महेश शर्मा , संजय कुमार, निपेंद्र कुमार, पवन कुमार, दयानंद सिंह, हेमेंद्र सिंह, प्रदीप उर्फ मोंटी,अखिलेश विश्नोई, अंकित आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नई शिक्षा नीति के तहत परिषदीय स्कूलों के बच्चे सीखेंगे ग्राफिक डिजाइनिंग

कांठ। अब परिषदीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं से आठवीं तक पढ़ाई करने वाले बच्चों को ग्राफिक डिजाइनिंग की शिक्षा भी दी जाएगी। बेसिक शिक्षा परिषद के निर्देश के बाद इसकी तैयारी शुरू हो गई है। यह व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति के तहत रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है।परिषदीय विद्यालयों में कक्षा आठवीं के बच्चों को भी अब ग्राफिक डिजाइनिंग पढ़ाने की तैयारी है। उन्हें कंप्यूटर ग्राफिक्स के तहत डिजिटल कोलाज, पेंटिंग, इलस्ट्रेटर, कोरल ड्रा आदि का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। पाठ्यक्रम में कंप्यूटर के परिचय और कला में उपयोगिता, हार्डवेयर, साफ्टवेयर और आपरेटिंग सिस्टम, कंप्यूटर ग्राफिक्स की अवधारणा एवं सिद्धांत, कंप्यूटर ग्राफिक्स के - प्रकार और व्यावसायिक उपयोग,संयोजन, इमेज प्रोसेसिंग, वेक्टर और रास्टर इमेज में प्रयोग होने वाले साफ्टवेयर, एमएल पट, फोटोशाप, इलस्ट्रेटर, पेज मेकर, कोरल ड्रा, फ्लैश टूडी आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी।

डॉ. श्यामा प्रसाद की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ठाकुरद्वारा की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर होली का मंदिर मैं स्वर्गीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 में जयंती पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता ठाकुर राकेश सिंह चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं समृद्धि के संबोधित करते बताया कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक महान शिक्षाविद प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, देश की एकता एवं अखंडता के पर्याय थे ,उनके सेवा समर्पण और त्याग की गाथा आज भी हमें सिद्धांतों पर अधिक रहकर राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करती है। स्वर्गीय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की थी, इसका विरोध करते हुए 1953 में उन्होंने अपना बलिदान दे दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए 2019 में धारा 370 एवं 35 को समाप्त कर दिया। उनका नारा भारतवर्ष में दो प्रधान दो विधान नहीं चलेगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 का विकसित भारत का सपना हम सभी कार्यकर्ताओं को पूरा करना है।

कार्यक्रम में ब्लॉक ठाकुरद्वारा के प्रमुख पति डॉक्टर वीर सिंह सैनी पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान विधान सभा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति पवन पुष्पद इकराम कुरैशी ओम कुमार एडवोकेट उदयवीर सिंह मेरा मोर्चा अध्यक्ष रूपेश रानी चौहान धर्मेंद्र सिंह गौरव चौहान प्रदीप कुमार पाल प्रियांशु कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सतगुरु दुनिया को ब्रह्म ज्ञान प्रदान करके मोक्ष प्रदान करता है: राजपिता

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। नगर में वेयर हाउस के निकट स्थित निरंकारी सत्संग भवन पर साप्ताहिक साधसंगत का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और राजपिता रमित जी के विचारों को साधसंगत के समक्ष रखा। राजपिता जी ने कहा कि सतगुरु दुनिया को ब्रह्म ज्ञान प्रदान करके मोक्ष प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि सतगुरु हमें सत्य मार्ग पर चलाता है। हमें अपने मन में सदा दास भाव से रहना है।हमें मन से सतगुरु के चरणों में समर्पित होना चाहिए, तभी हम सही मायने में सतगुरु के दास कहलन के हकदार है। भक्ति में डूबे हुए संत निंदा, नफरत और अंहकार से दूर रहते हैं।एक भक्त हमेशा काम,क्रोध और मोह से मुक्त होकर जीवन जीता है।एक भक्त ईश्वर के भय में रहकर दुनिया में रहता है। सतगुरु शरीर नहीं होता, बल्कि ज्ञान ही सतगुरु होता है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज आज संसार को एकत्व और आत्म मंथन की राहें दिखा रहीं हैं। मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता ने प्रतिदिन सत्संग में आने के लिए प्रेरित किया तथा सेवादल संचालक डॉ रामकुमार ने कहा कि सतगुरु की सेवा से जीवन में रौनकें आ जाती हैं। लंगर की सेवा बहन शशि वर्मा जी की ओर से रही। मंच संच. ालन नरेश चंचल ने किया तथा साधसंगत में हर्षित चौहान, दीपक कुमार, योगेश कुमार, विवेक कुमार,रघुनाथ सिंह, कुलदीप कुमार, हर्षित चौहान, देवेंद्र नागपाल, डॉ नरेश कुमार, मुनेश कुमार, रमेश सिंह, सुरेन्द्र कुमार, मुनेश चौहान,हरकेश सिंह,वंदना, सुनीता अग्रवाल,प्रीति, मानसी, पूनम, माला सिंह, मो. निका, रितु गुप्ता, निशा रूहेला सहित सैकड़ो भक्तों ने साधसंगत में प्रतिभाग किया।

नगर में दस मोहर्रम का मुख्य मातमी जुलूस निकला

ऐतिहासिक कर्बला, जलालपुर खास, जाफरपुर, महमूदपुर कर्बला पर ताजिए दफन हुए, जुलूस में शिया समुदाय के युवकों ने छुरियों का मातम करके स्वयं को लहूलुहान किया

कुंदरकी। नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन ओर उनके 72 साथियों की शहादत के गम में दस मोहर्रम (आशुरा) का शिया व अहले सुन्नत का मुख्य मातमी जुलूस निकाला कर देर शाम कर्बला में ताजिए दफन किए गए ।जुलूस के दौरान शिया समुदाय के युवकों ने छुरियो से मातम करके स्वयं को लहूलुहान कर लिया। रविवार को दस मोहर्रम का शिया समुदाय का मातमी जुलूस शिया समुदाय के इमामबाडो ओर आजाखानो पर परचम अब्बास रिजवी, गुलाम अब्बास रिजवी, जव्वाद हैदर काजमी, जुहेर हबीब नकवी,कमर अब्बास काजमी लिए, आमिल अब्बास काजमी, गुलाम मेहंदी रिजवी ने मरसिया पढ़ा आज शब्बीर पे क्या आलमे तन्हाई हैं लाखों हमले हैं आहा कोई नहीं सय्यद को बचाने वाला हैं शोर सितमगारो में मार लो प्यासे को कोई नहीं इसका अब बचाने वाला जिसको सुनकर आजादारो की आँखे नम हो गई ओर नम आखों के बीच हाय हुसैन की सदाओ के साथ इमामबाडो व आजाखानो से अलम बरामद हुए तथा मरहूम साबिर हुसैन रिजवी के आजाखाने से जुलजिन्हा (घोड़ा) बरामद हुआ तथा लाला सुरेंद्र भूषण के फाटक पर लगी प्रशासनिक बल्ली से जुलाजिन्हा मरहूम जाकिर हुसैन रिजवी के महिलाओ के आजाखाने में पहुंचा तो महिलाओ में कोहराम मच गया ओर हाय हुसैन हाय अब्बास हाय प्यास की सदाए बुलंद हो गईं तथा शेष मुख्य मातमी जुलूस ताजिए अलम मुबारक के साथ रवाना हो गया जुलूस के दौरान अजहर अब्बास नकवी, काशिफ अब्बास काजमी, शानदार रजा, एजाज हाशिम नकवी ने हजरत इमाम हुसैन ओर उनके 72 साथियों की शहादत को ब्यान किया तथा जुलूस के दौरान हुसैन जिंदाबाद लब्बेक या हुसैन की सदाए गुंजी तथा जुलूस में अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अकबरी, अंजुमन हुसैनी, अंजुमन अल मूर्तजा, नजर हुसैन, अजहर हुसैन, फैसल रिजवी आदि ने नोहे ख्वानी की तथा जुलूस में शिया समुदाय के युवकों ने छुरियो का मातम करके स्वयं को लहूलुहान कर लिया। उधर अहले सुन्नत का जुलूस नगर के सदर इमामबाड़ा व अन्य इमामबाड़े व आजाखानो से अलम व ताजिए ढोल के साथ शुरू हुआ तथा जुलूस के दौरान अहले सुन्नत हजरत इमाम हुसैन के शहादत नामे पढ़ते तथा ढोल बजाकर हजरत इमाम हुसैन की जीत का तथा यजीद के हार का ऐलान करते चल रहे थे। शिया समुदाय का जुलूस आगे ओर अहले सुन्नत का जुलूस पीछे चल रहा था देर शाम शिया व अहले सुन्नत का जुलूस नगर की

इतिहासिक कर्बला पहुंचा तो फिजा में हाय हुसैन जिंदाबाद की सदाए गुंजने लगी तथा कर्बला पर नगर के अलावा ग्रामीण इलाके से आए ताजियो को दफन किया गया इसके आलावा ब्लाक क्षेत्र के महमूदपुर माफी, जलालपुर खास जाफरपुर स्थित कर्बला पर ग्रामीण इलाके के ताजिए दफन किए गए।

भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का वर्णन सुनकर झूमे श्रद्धालु

शाह टाइम्स संवाददाता

ठाकुरद्वारा। क्षेत्र के गांव शेरपुर पट्टी में मनो. कामना सिद्ध कुटी चरण दासी संत समागम श्री श्री 108 रामदास बाबा जी के स्थान पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन, कथा वाचक सर्वेश्वर महाराज ने अपने मुख से कथा मे भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का वर्णन किया जाता है। इस दिन, नंद बाबा के घर पर उत्सव का माहौल होता है और भक्त नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल जैसे जयकारों के साथ खुशियाँ मनाते हैं । श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन, आमतौर पर निम्नलिखित बातें होती हैं। भगवान कृष्ण का जन्म कथावाचक, भगवान कृष्ण के जन्म की कथा सुनाते हैं, जिसमें कंस की कारागार में वासुदेव और देवकी के यहाँ भाद्रपद मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में उनका जन्म होता है । नंदोत्सव नंद बाबा के घर पर जन्मोत्सव का उत्साहपूर्ण माहौल होता है, जिसमें भक्त नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल जैसे जयकारों से खुशियाँ मनाते हैं । भगवान का स्नेह कथावाचक बताते हैं कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह के रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आए हैं ।मिठाई और बधाई जन्मोत्सव के अवसर पर, भक्त एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और बधाई देकर खुशियाँ मनाते हैं । श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन, भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का वर्णन किया जाता है। इस दिन, नंद बाबा के घर पर उत्सव का माहौल होता है और भक्त नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल जैसे जयकारों के साथ खुशियाँ मनाते हैं । श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन, आमतौर पर निम्नलिखित बातें होती हैं ।भगवान कृष्ण का जन्म कथावाचक, भगवान कृष्ण के जन्म की कथा सुनाते हैं, जिसमें कंस की कारागार में वासुदेव और देवकी के यहाँ भाद्रपद मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में उनका जन्म होता है इस अवसर पर कथा मे बाबा हरिदास बाबा , बाबा बालक नाथ, बाबा चन्द्र गिरि, यशपाल सिंह, ब्रहमपाल , अंकुर , ललिता , सविता, पार्वती , पूजा, सुनीता , मिथलेश , मास्टर महीपाल सिंह आदि थे।

दस मोहर्रम पर इमाम हुसैन की सीरत बयान की

शाह टाइम्स संवाददाता

कुन्दरकी। नगर के मोहल्ला नूरउल्लाह सरक. ारी अस्पताल के पास सिद्दीके अकबर मस्जिद में पैगामे हक फाउंडेशन की जानिब से होने वाली दस रोजा यादे हुसैन कान्फ्रेंस में आखरी शब मुफ्ती राशिद अफाकी ने इमाम हुसैन की सीरत बयान की कान्फ्रेंस का आगाज कुरआन शरीफ की तिलावत से हाफिज मुहम्मद इमरान मंजरी ने किया मुब्लिगे दावते इस्लामी गुलाम नबी अत्तारी ने इमाम हुसैन की शान में कलाम पेश करते हुए कहा हमारे काईदो रहबर हुसैन जिंदा हैं इसके बाद मुफ्ती मोहम्मद राशिद अफाकी ने इमाम हुसैन सीरत बयान करते हुए बताया कत्ले हुसैन असल में मर्गे यजीद है इस्लाम जिन्दा होता है हर करबला के बाद उस आखिरी नमाज का आलम ने पूंछये इस्लाम जिन्दा कर गया सज्दा हुसैन का गरीब उम्मत की बे कसी पर हुसैन का सर कटा हे लेकिन यजीद जेसे शकी के आगे हुसैन का सर झुका नहीं है लिहाजा हमें भी इमाम हुसैन की सीरत पर अमल करते हुए नमाज की पाबंदी करनी चाहिए आखि में फाउंडेशन के

संस्थापक मुफ्ती मुहम्मद बिलाल रजा ने सबका शुक्रिया अदा किया और मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के लिए दुआ कराई और लगंरे हुसैनी भी तकसीम हुआ इस मौके पर मोलना गय्यूर अहमद आफाकी हाफिज फैजान हाफिज मुहम्मद कैफ बरकाती गुलाम मुरसलीन इन्तजार रजवी मुहम्मद अनीस जेद अत्तारी डॉ फुरकान डॉ मोहसिन अत्तारी आदि मौजूद रहे।

तुमने शहीदे कर्बला, इस्लाम जिंदा कर दिया

नगर में निकला ताजियों का जुलूस, देर सांय ताजिये कर्बला में किए गए दफन

अमरोहा। नगर में दस मोहर्रम को ताजिये का जुलूस निकालते अजादार।

शाह टाइम्स ब्यूरो

अमरोहा। कर्बला के मैदान में करीब 1400 साल पहले रेगिस्तान की तपती हुई रेत पर भूख और प्यास की शिद्दत के बीच दस मोहर्रम को हुई इमाम हुसैन की शहादत की याद में रविवार को शहर का माहौल गमगीन रहा। ताजियों और तुरबतों के जुलूस निकाल. कर दीने इस्लाम की खातिर दी गई नवासा-ए-रसूल की कुर्बानी को शिद्दत से याद किया गया। इमामबाड़ों से लेकर घरों तक मातम का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। शहादत को याद कर लोगों की आंखे नम हो गईं। फिजा में देर रात तक हर तरफ से सिर्फ या हुसैन-या हुसैन की सदाओं की गूंज सुनाई देती रही। वहीं, जिले में सभी स्थानों पर ताजियों के जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने पर पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने राहत की सांस ली।

यौमे आशूरा पर रविवार सुबह करीब छह बजे पहले जुलूस की शुरुआत मोहल्ला गुजरी स्थित इमामबाड़ा मुस्म्मात नूरन से हुई। यहां से निकला तुरबतों का जुलूस बाजार नौबतखाना से गुजरते हुए बिजनौर रोड स्थित कर्बला पहुंचा। या हुसैन-या हुसैन की सदाओं के बीच अजादारों ने करबला के मैदान में तुरबतों को दफन कर दिया। वहीं, आठ बजे इमामबाड़ा दानिशमंदान से शुरू हुआ तुरबतों का जुलूस रेलवे लाइन पार सुबोध नगर स्थित कर्बला पहुंचा। इसके बाद मोहल्ला हक्कानी, सट्टी, जाफरी, काजीजादा, पचदरा, गुजरी व इमामबाड़ा काजी गली से निकले जुलूस एक-एक कर बिजनौर रोड स्थित कर्बला पहुंचते रहे। गमगीन माहौल में तुरबतों को दफन किया जाता रहा। वहीं, इमामबाड़ा शफातपोता से भी तुरबतों का जुलूस निकाला गया। जुलूस में दुलदुल भी शामिल था। जुलूस मोहल्ला चाहगौरी से होते हुए वापस शफातपोता पहुंचकर संपन्न हुआ। इसके बाद दोपहर दो बजे से अलग-अलग इम्मामबाड़ों से ताजियों के जुलूस निकलने शुरू हुए। मोहल्ला लकड़ा, हक्कानी, सट्टी का ताजिया नौबतखाना चौराहे से होता हुआ खारी कुआं पहुंचा। जहां मोहल्ला जाफरी व सद्दो के ताजिए भी इसी जुलूस में शामिल हो गए। शाम को सभी ताजिए तयशुदा रूट पर गश्त करते हुए अपने-अपने इमामबाड़े पहुंचे। वहीं, इमामबाड़ों में मजलिसों का आयोजन किया गया। इमाम हुसैन की शहादत याद करते हुए अजादारों ने सीनाजनी कर खूब मातम बरपा किया। वहीं, सुबह में हजरत अब्बास की शहादत पर मोहल्ला लकड़ा स्थित इमामबाड़ा दरबार शाह विलायत में अजादारों ने जंजीर का मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। दूसरी तरफ पूर्व में हो चुके विवाद के मद्देनजर मोहल्ला चाहगौरी में पुलिस बल की मौजूदगी रही। देर शाम सभी जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने पर पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने राहत की सांस ली। दोपहर में डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित कुमार आनंद ने शहर के अलावा नौगावां सादात व डिडौली क्षेत्र में ताजियों के रूट का निरीक्षण किया। जुलूस सकुशल संपन्न कराने को लेकर दोनों अफसरों ने अधीनस्थ को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। जुलूस अंजुमन तहफ्फुज-ए-अजादारी की डीएम द्वारा नामित कमेटी में शामिल जिया एजाज नकवी, लियाकत अमरोहवी, नदीम नकवी, बाकर रजा, कासिम जैदी व शहजाद रजा की निगरानी में निकला, जिसका संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी के काईद गुलाम सज्जाद, जरनल सेकेट्री खुर्शीद हैदर जैदी, डा. चंदन नकवी, सलीम जैदी, मोहम्मद गालिब, हुसैन हैदर, इमदाद आबिदी आदि ने किया।

नौगांवा सादात। नगर में निकले जुलूस में शामिल ताजिया।

मोहर्रम पर निकाला गया ताजियों का जुलूस

देर सांय ताजिये कर्बला में किऐ दफन

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। ताजिया जुलूस में अव्यवस्थाओं का बोलबाला होने का आरोप लगाते हुए कमेटी ने उस रोक दिया। ताजिया जुलूस का रास्ता वाहनों के लिए बंद न कराये जाने से ताजिया जुलूस कमेटी के जिम्मेदार सूफी कैसर बिगड़ गये। उन्होंने जुलूस को रोक दिया। ताजिया जुलूस के रास्तों पर वाहनों के निकलने से हो रही भीड़भाड़ को देखकर कमेटी ने उसे रोक दिया। उसके बाद शहर इंचार्ज संदीप पवार ने पुलिस बल के साथ ताजिया जुलूस के रास्ते में आ रही ई रिक्शा बाइक व अन्य वाहनों को रोक दिया उसके बाद जुलूस को निकाला गया।हसनपुर। मोहर्रम पर पुरानी परंपरा के अनुसार ताजिया जुलूस स्थानीय नागरिकों एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से निकाला गया। इमाम हुसैन की शहादत को याद कर मातम किया गया।

रविवार को मोहल्ला काला शहीद स्थित इमाम बाड़े से ताजिया जुलूस पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रारंभ किया गया। जुलूस में ताजिया होने के साथ इमाम हुसैन की शहादत को याद कर मातम किया जा रहा था। जुलूस विभिन्न गलियों में होता हुआ वापस इमाम बाड़े पर आकर समापन हो गया। समाज सेवी संगठनों द्वारा जुलूस में मौजूद आजादारों को शरबत पिलाया गया। इस अवसर पर सूफी कैसर, सभासद तालिब खान, समीर खान, अकील पहलवान, असलम सलमानी, नवाब सैफी आदि मौजूद थे। ग्राम काला खेड़ा में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस मैन मार्ग से होता हुआ दि किसान सरकारी चीनी मिल के गेट पर स्थित दरगाह पर आकर समापन हो गया। जुलूस में इमाम हुसैन की शहादत को याद कर मातम किया जा रहा था। इस दौरान वहां पर बाजार भी लगाया गया था। जहां पर खाने-पीने के सामान के अलावा महिलाओं एवं बच्चों की जरूरत के सामान को भी बेचा जा रहा था। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हाफिज नूर मोहम्मद, मुखिया अमीर अहमद आदि मौजूद थे।

परम्परागत तरीके से निकला मोहर्रम का जुलूस

शाह टाइम्स संवाददाता,

गजरौला। मोहर्रम पर नगर के मौहल्ला सराय से ताजिए का जुलूस निकाला गया। जुलूस में अखाड़े के अज़ादारों ने करतब दिखाकर इमाम हुसैन की याद में मातम मनाया। परम्परागत मार्गों से जुलूस पक्के पुल के पास स्थित कर्बला में पहुंचा और यहां पर ताजिया दफन किया गया।

रविवार को मोहर्रम पर नगर के बस्ती स्थित मौहल्ला सराय से मोहर्रम कमेटी के सदर अयूब अली के नेतृत्व में ताजिए का जुलूस प्रारंभ हुआ। जुलूस में अखाड़े के अज़ादार करतब दिखाकर इमाम हुसैन की शहादत को याद कर रहे थे। जुलूस यहां से प्रारंभ होकर नगर पालिका कार्यालय के पास स्थित मजिस्द तक पहुंचा और यहां से वापस अग्रसैन मार्केट होते हुए मौहल्ला चौहानपुरी से निकलकर पक्के पुल स्थित कर्बला पर जाकर समाप्त हुआ और यहां पर ताजिए दफन किए गए। इस मौके पर अनवार, सरफराज, रऊफ, जरीफ, लियाकत, अली हसन, दिल हसन, तसलीम, नफीस आदि मौजूद रहे। वहीं मोहर्रम के जुलूस को लेकर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। यहां के अलावा थाना क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर डोर व मोहरकापट्टी में भी मोहर्रम पर ताजिए का जुलूस निकाला गया। यहां पर भी पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

नौगांवा में निकला 20 फिट ऊंचा ताजिया

दस मुहर्रम को अजादारों ने किया छुरियों व खमा का मातम

शाह टाइम्स ब्यूरो

नौगांवा सादात। नौगावां सादात में यौमे आशूरा यानि दस मोहर्रम को बस्ती में 20 फीट ऊंचे ताजियों का जुलूस निकाला गया। इमाम हुसैन की शहादत पर चारों अंजुमनों की कयादत में अजादारों ने जंजीर का मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। जुलूस में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे।

रविवार को ताजिया कमेटी के संयोजन में दस मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। दोपहर में गांव बीलना का ताजिया बस्ती पहुंचकर मुख्य जुलूस में शामिल हुआ। इसके बाद मोहल्ला हफ्ता बाजार व मोहल्ले अलीनगर के ताजिए भी मोहल्ला शाहफरीद से इस जुलूस में शामिल हो गए। यहां से सभी ताजिए वापस अपने-अपने इमामबाड़े पहुंचे। वहीं, दोपहर को अंजुमन सोगवारे हुसैनी, अंजुमन यादगारे हुसैनी, अंजुमन अबिदिया व अंजुमन हैदरी के कयादत में सैकड़ों अजादारों ने इमाम हुसैन की शहादत याद कर छुरियों का मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। मातम का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान हुई मर्सिया ख्वानी से माहौल गमगीन बना रहा। चारों अंजुमन बस्ती में तयशुदा रूट पर गश्त करती हुई कर्बला पहुंची। अजादारों में तबर्रुक तक्सीम किया गया। देर शाम इमाम बारगाह हाजी रजी हसन में शामे गरीबां की मजलिस आयोजित की गई। शिया धर्मगुरु ने कर्बला में हुई शहादत के बाद वहां के माहौल का पूरा वाक्या बयान किया। वहीं, शनिवार रात सभी इमामबाड़ों में रौशनी की गई। सुबह तक इबादत का दौर चलता रहा। सुरक्षा को लेकर एसडीएम सुनीता सिंह व सीओ अवधभान भदौरिया पुलिस बल के साथ आखिर तक मौजूद रहे। देर शाम जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने के बाद ही पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने राहत की सांस ली।

कर्बला के 72 शहीदों की याद में निकाला जुलूस

उझारी। नगर मोहल्ला सादात स्थित इमामबारगाहे बाबुल हवाईज में जुलूस से पूर्व मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस में मर्सियाख्वानी मंजूर उल हसन और उनके साथियों ने की। मजलिस को खिताब फरमाते हुए मौलाना हसन हैदर नौगांवी ने वाक्याते कर्बला पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इमाम हुसैन की शहादत बयान की। जिसे सुनकर आजादर दहाड़े मार-मार कर रो रहे थे। मजलिस के बाद जुलूस प्रारंभ हुआ और यह जुलूस नोहा ख्वानी व सीनाजनी करते हुए हुसैनी चौक होता हुआ इमामबारगाहे अबू तालिब पहुंचा। वहां पर मोहल्ला अंसारियां और गोल इमामबाड़े का जुलूस भी इसमें शामिल हो गया। लोग ताजिए उठाकर मर्सिया पढ़ते हुए हुसैनी चौक, चांदनी चौक, भाटो वाला कुआं पर पहुंचे। वहां पर लक्कड़ शाह के इमामबाड़े का ताजिया भी इसी जुलूस में शामिल हो गया। भाटो वाले कुएं से नोहा ख्वानी, सीनाजनी और छुरियों का मातम प्रारंभ हो गया। यहां से जुलूस मैन मार्केट, पुलिस चौकी, मदरसा चौक, कायस्थान, टीपू चौक, बस स्टैंड होता हुआ कर्बला में पहुंचा और ताजियों को दफना दिया गया। जुलूस में अकबर मेहंदी, मौ० जामिन, मौ० रजा बाकरी, कल्बे अब्बास आदि ने नौहा ख्वानी की। जुलूस में मुख्य रूप से कमाल अख्तर नूरुल हसन, जावेद केसर, शाने असगर, आफाक हुसैन बाकरी, चमन हैदर बाकरी, फहीम महल, हकीम चमन, सुल्तान मुस्तफा, रीहान मुस्तफा, कोकब इक्तदार, जिल्ले सिब्तैन, कुंवल अदनान महल, डा शहरोज, अलाउद्दीन सैफी, बिलाल बाकघ्री, चन्द्रपाल सैनी, कमर मेहंदी, हुसैन मेहंदी, चौ० बुध्दन, चौ० बब्बी, चौ० वसीम वारसी, जफर अब्बास, नासिर एड, मुस्तजाब एड, आदिल जैदी, मोहम्मद सादिक, अली चांद, सोहेल अब्बास, मौ०,राहिल, मौ०अयाज, इब्ने अब्बास, मौ० अब्बास, यावर अब्बास, रहबर अब्बास, डॉ राशिद, सुल्तान हैदर, बंदे हसन, मेहंदी हसन आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे

गजरौला। दस मोहर्रम को निकले जुलूस में करतब दिखाते युवा।

उझारी। नगर में दस मोहर्रम के जुलूस में जंजीरों का मातम करते अजादार।

गमगीन माहौल में निकला ताजियों का जुलूस

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। चुचैला कलां में दसवें मोहर्रम को कस्बे में गमगीन माहौल में शांति पूर्वक ताजियों का जुलूस बरामद किया गया। इस दौरान अजादारों ने सीनाजनी व मातमी धुन बजाकर कर्बला के शहीदों को याद किया।

कस्बे में कदीमी रिवायत के मुताबिक दोपहर बाद पहला ताजिया अंसारियान इमामबाड़े से बरामद हुआ जबकि दूसरा ताजिया सैफी इमामबाड़े से बरामद हुआ। जामा मस्जिद पर पहुंचने पर दोनों ताजियों का मिलाप हुआ। इस दौरान ताजिए तयशुदा मार्गों से होते हुए इमामबाड़े पर पहुंच कर समाप्त हुए। इससे पूर्व मातमी धुन बजाकर कर्बला के शहीदों को याद किया। दूसरी ओर फंदेड़ी सादात व डींगरा गांव में भी दसवें मोहर्रम पर ताजिए बरामद किए गए। यहां पर अजादारों ने गम -ए- हुसैन में जंजीरो का मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। ग्रामीण क्षेत्र में शांतिपूर्वक ताजिए निक. ाले जाने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

जन सहभागिता से बनती हैं नीतियां: बिरला

जोया चेयरमैन जुबैर अहमद ने की राष्ट्रीय सम्मेलन में शिरकत

शाह टाइम्स संवाददाता

जोया। नगर पंचायत अध्यक्ष जुबैर अहमद ने शहरी स्थानीय निकायों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में शिरकत की। उन्होंने बताया कि सरकार का गणतंत्र को मजबूत बनाने व निकायों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने का यह सार्थक प्रयास है।

बताते चलें कि प्रदेश की 762 नगर निकायों में से केवल आठ जनप्रति. निधियों को राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने हेतु नामित किया गया था। जिसमें अमरोहा चेयरमैन श्रीमति शशि जैन, जोया के चेयरमैन जुबैर अहमद व सभासद अंकित गुप्ता को हरियाणा के गुरूग्राम में आयोजित सम्मेलन में भाग लेने का सौभाग्य मिला। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। इसमें महापौरों व चेयरमैनों द्वारा अपने अपने नगरो के संबंध में संवाद किया गया। चेयरमैन जुबैर अहमद ने बताया कि सरकार का यह सराहनीय प्रयास है तथा निकायों को मूलभूत सुविधाएं

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व हरियाणा के सीएम ने किया संबोधित

दिलाने के लिए सरकार चिंतित है। सम्मेलन के दूसरे दिन जनप्रति. निधियों को मानेश्वर हरियाणा से बसों द्वारा पुराना संसद, संविधान सदन लाइब्रेरी एवं प्रेरणा स्थल का भ्रमण कराया गया। संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते 21वीं सदी के भारत ई गर्वनेंस को मजबूत करने व शहरों को स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। इस डेलीगेशन में डीपीएम नदीम अख्तर ने भी शिरकत की।

हर तरफ सुनाई दी या हुसैन की गूंज

शाह टाइम्स संवाददाता

जोया। डिडौली क्षेत्र में भी कई स्थानों पर दस मोहर्रम को ताजियों के जुलूस निकाले गए। कर्बला की तारीख का जिक्र करते हुए लोगों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। हर तरफ से बस या हुसैन-या हुसैन की गूंज सुनाई दी।

क्षेत्र के गांव पतेई खालसा में पैगम्बर-ए-इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में ताजियों के जुलूस की शुरुआत रविवार दोपहर दो बजे की गई। ताजिए की ऊंचाई मानक के मुता. बिक रखी गई। दो साल पहले इस गांव में ट्रांसमिशन की विद्युत लाइन से ताजिया टकराने से बड़ा हादसा हो गया था लिहा. जा इसी वजह से ताजिए की ऊंचाई को 12 फिट के आसपास रखा गया। जुलूस के दौरान या हुसैन-या हुसैन की सदाएं गूं. जती रहीं। गमगीन माहौल में ताजिए दफन किए गए। इससे पहले नौ मोहर्रम की रात में तैयार हुए ताजियों को घरों के बाहर रखा गया। लोगों ने रातभर जागकर इबादत की। रविवार सुबह मातम के बीच जुलूस की शक्ल में ताजिए को उठाया गया। छोटे ताजिए विभिन्न मार्गों से जुलूस के रूप में कर्बला तक ले जाए गए, जहां ताजियों को दफन किया गया। ताजिया देखने को लोगों की भीड़ उमड़ी रही। मातम के बीच उठे ताजिए के दीदार करने के लिए लोग उमड़ पड़े। जुलूस गांव की मुख्य रोड होते हुए देर रात कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ। वहीं जुलूस के दौरान जगह-जगह लंगर भी तकसीम किया गया। इस दौरान पुलिस अलर्ट मोड पर रही। इनके अलावा हरियाना, अशरफपुर फैजगंज, कमालपुर, ककराली, पलौला, श्योनली, फतेहपुर माफी, फतेहपुर अब्बू, ढकिया, पायंती कलां, पायंती खुर्द, असगरीपुर, दीपपुर, मिल्क गौसपुर, चौधरपुर, सैतली, गंदासपुर, शेखूपुरा माफी, पतेई खालसा, नीलीखेड़ी, सिनोरा व कनपुरा आदि गांवों में ही रविवार ताजियों के जुलूस निकाले गए। जिनमें हजारों में शामिल होकर इमाम हुसैन से अपनी अकीदत का इजहार किया।

ईओ जोया व गौशाला प्रभारी पर रिपोर्ट

गौवंश के संरक्षण में लापरवाही पर कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

जोया। नगर पालिका व नगर पंचायत स्तर से जिले में संचालित आश्रय स्थलों में गोवंशीय पशुओं की ठीक तरीके से देखभाल नहीं हो रही है।

बेतहाशा गर्मी के बीच धूप से तपते टीनशेड के नीचे बेजुबानों को बांधा जा रहा है। वहां उनके हरे चारे के लिए भी कोई खास इंतजाम नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि पशुओं को पीने के लिए पानी तक मयस्सर नहीं हो रहा है। डीएम निधि गुप्ता द्वारा शनिवार को कराए गए निरीक्षण में जोया में संचालित गौशाला में कुछ ऐसी ही तस्वीर सामने आई है। दरअसल, इससे पहले बीती 11 जून को भी जिलेभर में जगह-जगह संचालित गौशालाओं का औचक निरीक्षण कराया गया था। जिसमें खासकर हसनपुर, जोया व गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र में बनी गौशालाओं की हालत बेहद बदतर मिली थी लेकिन इसके बावजूद इन गौशालाओं में बिगड़े हालात को सुधारा गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम को

गौशाला में पानी व हरे चारे का नहीं किया था प्रबंध

जोया की गौशाला में चारे का कोई इंतजाम ही नहीं मिला।भूख से बिलख रहे गोवंशीय पशु कूड़े के ढेर में पड़ी पॉलिथिन व कचरा खाकर अपना पेट भरते मिले। उनके पीने के लिए पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। हर तरफ गंदगी पसरी हुई थी जबकि इन आश्रय स्थलों में स्वच्छता, पशुओं के लिए चारा और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराने की जिम्मेदारी नगर पंचायत की होती है। एसडीएम ने माना कि ईओ जोया व गोशाला प्रभारी अपने दायित्वों के प्रति लाप. रवाही बरत रहे हैं। निरीक्षण में दोनों की उदासीनता उजागर हुई। लिहाजा, उन्होंने निरीक्षण में मिली कमियों की रिपोर्ट जिला मुख्यालय भेज दी थी। जिसके बाद डीएम ने मामले में त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया था। गौरतलब है कि चार दिन पहले गुरेठा नंदी विहार गौशाला में गोवंशीय पशुओं की मौत के बाद उन्हें ट्रैक्टर से घसीटने का वीडियो वायरल हुआ था। हालांकि, जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों ने इस वीडियो को पुराना बताया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि मामले लेखपाल जितेंद्र शर्मा की तहरीर पर जोया ईओ विपिन कुमार सेंगर व गौशाला प्रभारी बृजपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

संक्षिप्त खेल समाचार

विश्व मुक्केबाजी कप में साक्षी ने जीता स्वर्ण पदक

अस्ताना, वार्ता। दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप - अस्ताना, कजाकिस्तान 2025 में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 वर्षीय साक्षी ने यूएसए की योसलाइन पेरेज के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और जजों से सर्वसम्मति से फैसला प्राप्त किया। यहां विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय दल का प्रदर्शन शानदार रहा और उसने कुल 11 पदक पक्के कर लिए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। रविवार को पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ही थीं जो गति और पंचों के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष पर रहीं। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा के फाइनल में स्थानीय पसंदीदा नाज़मि काइजेबे के खिलाफ़ जीत के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन 3-2 के फैसले से हार गईं। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक के साथ घर लौटेंगे।

नीरज ने अपने नाम का टूर्नामेंट जीता

नई दिल्ली, वार्ता। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने अपने ही नाम श्नीरज चोपड़ा क्लासिकश का टूर्नामेंट जीत लिया। बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में नीरज ने अपने घरेलू दर्शकों के साथ 86.18 मीटर भाला फेंका और पहले स्थान पर रहे। 27 साल के नीरज चोपड़ा पहली बार अपने देश में किसी वर्ल्ड क्लास इवेंट में हिस्सा ले रहे थे। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने इस टूर्नामेंट को श्एश कैटेगरी दी है। टाइटल जीतने के बाद नीरज ने कहा- मैं इस डिस्टेंस से खुश नहीं हूं।

बर्मिंघम में 58 साल बाद भारत की जीत

● दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 336 रन से हराया, आकाशदीप को 10 विकेट शुभमन गिल के 430 रन सीरीज 1-1 से बराबर

बर्मिंघम, वार्ता। भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को बर्मिंघम के एजबेस्टन ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 336 रन से हरा दिया। इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। 608 रन के टारगेट का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम मैच के आखिरी दिन 271 रन पर आलआउट हो गई। यह इंग्लैंड की धरती पर रन के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 279 रन से जीत का था। भारत ने 1986 में लीड्स में अंग्रेजों को इस अंतर से हराया था। साथ ही भारत ने बर्मिंघम में 58 साल में पहली जीत हासिल की है। इससे पहले यहां खेले 8 टेस्ट में से सात में भारत को हार मिली थी और 1 मुकाबला ड्रा हुआ था। मैच के आखिरी दिन इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 72 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बारिश के कारण मुक.ाबला करीब 90 मिनट की देरी से शुरू हुआ। लंच तक अंग्रेजों ने तीन विकेट और गंवा दिए। दूसरे सत्र में बाकी बचे चार विकेट गिरे। भारत के लिए आकाश दीप ने 6, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिए।

भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 587 रन बनाए थे। शुभमन गिल ने 269 रनों की पारी खेली। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमट गई। भारत ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 427 रन के स्कोर पर घोषित कर दी। गिल फिर टॉप स्कोरर रहे और 161 रन बनाए। 64वें ओवर में इंग्लैंड ने 9वां विकेट गंवा दिया। यहां जोश टंग (2 रन) को रवींद्र जडेजा ने मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। आकाश ने लगातार दो छक्के खाने के बाद स्मिथ को कैच कराया। 56वें ओवर में इंग्लैंड ने 8वां विकेट गंवाया। यहां जैमी स्मिथ (88 रन) को आकाश दीप ने वाशिंगटन सुंदर के हाथों कैच कराया। वे 5 विकेट ले चुके हैं। आकाश ने ओली पोप (24 रन), हैरी ब्रूक (23 रन), बेन डकेट और जो रूट के विकेट भी झटके। 53वें ओवर में इंग्लैंड ने 7वां विकेट गंवा दिया है। यहां प्रसिद्ध कृष्णा ने क्रिस वोक्स को सिराज के हाथों कैच कराया। वोक्स 7 रन बनाकर आउट हुए। इसी ओवर में जैमी स्मिथ डीआरएस लेकर पगबाधा होने से बच गए। फील्ड अंपायर ने उन्हें भारत की अपील पर आउट दे दिया था। रिप्ले से पता चला कि बाल स्टंप से ऊपर थी। जैमी स्मिथ ने वाशिंगटन सुंदर के ओवर में 17 रन बनाए। उन्होंने 49वां ओवर डाल रहे सुंदर की पहली बाल पर छक्का लगाया। फिर चौथी बाल पर चौका और 5वीं बाल पर छक्का लगाया। आखिरी बाल पर एक रन भी आया। इंग्लिश विकेटकीपर जैमी स्मिथ ने 47वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर के ओवर की तीसरी बाल पर

गिल ने मुझे पिछले भारतीय नंबर-4 की याद दिला दी: ट्रॉट

● जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ ट्रॉट ने 'मैच सेंटर लाइव' में कहा : मैं ईमानदारी से यहा आकर और उस पारी को देखकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं

बर्मिंघम, वार्ता। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल की जबरदस्त बल्लेबाजी की सराहना करते हुए कहा है कि गिल ने मुझे पिछले भारतीय नंबर चार की याद दिला दी। जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ ट्रॉट ने 'मैच सेंटर लाइव' में कहा कि मैं ईमानदारी से यहां आकर और उस पारी को देखकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ। मुझे याद नहीं आता कि उसने इंग्लिश गेंदबाजों को एक भी मौका दिया हो। जिस तरह से उसने गियर बदला - अपनी मर्जी से छक्के लगाए - बिना किसी स्लोगन के, सिर्फ शुद्ध क्रिकेट शॉट, वह कुछ खास था। उसने दिखाया कि वह कितना संपूर्ण बल्लेबाज है। इसने मुझे पिछले भारतीय नंबर चार की याद दिला दी कि लगभग उस प्रतिभा की कार्बन कॉपी। मुझे नहीं लगता कि वह इस दौरे पर अपने पहले दो टेस्ट मैचों में इससे बेहतर शुरुआत की कल्पना कर सकता था। निश्चित रूप से, वह हेडिंग्ले में जीतना चाहता था, लेकिन अब उम्मीद है कि वह यहां एक शानदार जीत दर्ज करेगा। मैच सेंटर लाइव' पर बोलते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ वरुण आरोन ने भी शुभमन गिल की शानदार पारी की भी प्रशंसा की कि शुभमन कभी भी कोई गलती नहीं कर सकते हैं, और मुझे उम्मीद है कि यह फ़ॉर्म यथासंभव लंबे समय तक जारी रहेगा। लेकिन यह संयोग से नहीं हुआ है। उन्होंने लाल गेंद के खिलाड़ी के रूप में सुधार करने के लिए बहुत मेहनत की है। आईपीएल के दौरान भी। उन्होंने अपनी रणनीति में बदलाव किया है, अपनी तकनीक में थोड़ा बदलाव किया है, और आप परिणाम देख सकते हैं। जब शुभमन गिल जैसा प्रतिभाशाली व्यक्ति कड़ी मेहनत करता है गज की दूरी तय करके, वह उस 'लीजेंड' क्षेत्र में कदम रखता है। आरोन ने इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण पर टिप्पणी की, ह्क्रिस वोक्स जैसे गेंदबाज में वास्तव में गति की कमी है। इस तरह के विकेट पर, आपको गति और लाइन की आवश्यकता होती है। वह एक बहुत अच्छा गेंदबाज है, इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन वह चोट से वापस आ रहा है और शायद अपनी चरम गति से गें.दबाजी नहीं कर रहा है। भले ही वह अच्छे क्षेत्रों में हिट कर रहा हो, लेकिन इसके पीछे पर्याप्त नहीं है। अधिकांश अंग्रेजी गेंदबाज हिट-द-डेक गेंदबाज हैं, जो इस विकेट के लिए कुछ हद तक अनुकूल है - लेकिन उन्होंने बहुत कम गेंदबाजी की है। वरुण आरोन ने कहा कि 'पहले टेस्ट में, स्टोक्स ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन इस बार, वह उतना प्रभावी नहीं रहा है। इसलिए, यदि आप शीर्ष तीन अंग्रेजी गेंदबाजों को देखें, तो वे इन परिस्थितियों के अनुक.ूल नहीं लगते हैं। दूसरी ओर, सिराज और आकाश दीप जैसे भारतीय गेंदबाज़ बहुत कम गति से गेंदबाजी कर रहे हैं। स्वस्थ गति - लगातार 140 किमी प्रति घंटा - और पूरे समय स्टंप पर हमला किया है। हर बार जब वे स्टंप के लिए गए हैं, तो कुछ हुआ है। उन्होंने सीम को जोर से मारा है और क्रीज का वास्तव में अच्छा उपयोग किया है। यह पांच बहुत अलग गेंदबाज हैं जो

एक टेस्ट में 430 रन बनाने वाले पहले भारतीय बने शुभमन गिल

● भारत ने पहली बार हजार रन बनाए, शुभमन गिल ने 11 छक्के लगाए

बर्मिंघम, वार्ता। बर्मिंघम टेस्ट के चौथे दिन भारत से शुभमन गिल ने 161 रन बनाए। उन्होंने पहली पारी में 269 रन बनाए थे, इसी के साथ वे एक टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले पहले भारतीय बने। टीम इंडिया ने टेस्ट की दोनों पारियां मिलाकर 1014 रन बनाए। टेस्ट इतिहास में भारत ने पहली बार ही एक मैच में हजार रन का आंकड़ा पार किया। शुभमन एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बना दिए। उन्होंने एक टेस्ट में 430 रन बना दिए। यह किसी भारतीय कप्तान से एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ मैच में 293 रन बनाए थे। शुभमन 400 रन बनाने वाले पहले भारतीय शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 344 रन बनाए थे। तब गावस्कर ने पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाया था। गिल एक पारी में शतक और दूसरी में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के दूसरे ही खिलाड़ी बने। शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड से महज 27 रन दूर रह गए। एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड इंग्लैंड के ग्राहम गूच के नाम है। जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ ही 456 रन बनाए थे। शुभमन टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले दुनिया के 5वें ही प्लेयर बने। शुभमन गिल ने पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 8 छक्के लगाए। उन्होंने 11 सिक्स लगाकर अपनी बैटिंग खत्म की। इसी के साथ वे इंग्लैंड में एक टेस्ट में सबसे

गावस्कर का 774 रन का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं गिल

नई दिल्ली, वार्ता। मौजूदा भारतीय कप्तान शुभमन गिल पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में 774 रन बनाने का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

गावस्कर ने 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में चार मैचों में 774 रन बनाये थे और उनका वो रिकॉर्ड आज तक कायम है। कोई भी भारतीय इस रिकॉर्ड को तोड़ नहीं पाया है। दूसरे नंबर पर भी गावस्कर ही हैं जिन्होंने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में छह मैचों में 732 रन बनाये थे। तीसरे नंबर पर मौजूदा ओपनर यशस्वी जायसवाल हैं जिन्होंने 2023-24 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में पांच मैचों में 712 रन बनाये थे। रन मशीन विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014-15 की सीरीज में चार मैचों में 692 रन बनाये थे। गिल ने एजबेस्टन टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ कुल 430 रन बनाए हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे अधिक रन हैं, पहले नंबर पर ग्राहम गूच हैं, जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ 456 रन बनाए थे। गिल ने इस इंग्लैंड दौरे पर पहले दो टेस्ट में 585 रन बनाए हैं, जो सीरीज के पहले दो टेस्ट में दूसरे सबसे अधिक रन हैं। पहले नंबर पर ग्रीम स्मिथ हैं, जिन्होंने 2003 में इंग्लैंड में 621 रन बनाए थे। गिल अब बतौर कप्तान पहले दो टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं, उन्होंने कोहली के 449 रनों को पछाड़ा। गिल दूसरे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने दो बार टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाए हैं, उनसे पहले ऐसा 1980 में एलेन बॉर्डर ने पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर में नाबाद 150 और 153 रन बनाकर किया था। गिल उन नौ बल्लेबाज़ों में से एक बन गए हैं, जिन्होंने एक टेस्ट में शतक और दोहरा शतक लगाया है।

कार्लसन ने गुकेश को हराया, बढ़त बनाई

ज़ाग्रेब, वार्ता। मैग्नस कार्लसन ने ब्लिट्ज प्रारूप में भारत के डी गुकेश को हराया और यहां खेले जा रहे 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज में बढ़त हासिल कर ली। गुकेश ने 3 जुलाई को रैपिड प्रारूप में कार्लसन को हराया था, लेकिन कल नॉर्वे के खिलाड़ी ने उन पर आसान जीत हासिल की। गुकेश क्लासिकल प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं, जबकि कार्लसन रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं। 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज के रैपिड प्रारूप में शीर्ष पर रहने वाले गुकेश का शनिवार को दिन बहुत खराब रहा, क्योंकि गुकेश ब्लिट्ज के नौ राउंड में से सात हार चुके हैं। उनकी एकमात्र जीत विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना के खिलाफ थी, और उन्होंने हमवतन अनीश गिरी के खिलाफ एक ड्रॉ खेला। कार्लसन अब कुल 17.5 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं, जान-क्रिज़ूटोफ़ डूडा 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और डी गुकेश 15-5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

मोर्न मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ की

बर्मिंघम, वार्ता। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ़ की, जिन्होंने मिलकर 13 विकेट लिए हैं, जिससे भारत को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने का शानदार मौका मिला है।

● जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत ने यह कर दिखाया है, जिससे मोर्कल और भी खुश है

भारत को इंग्लैंड को 608 रन का लक्ष्य देने के बाद अंतिम दिन सात विकेट की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत ने यह कर दिखाया है, जिससे मोर्कल और भी खुश हैं। मोर्कल ने कहा कि अभी तक मैं बहुत-बहुत खुश हूं। पिछले टेस्ट के बाद हमने इस बारे में गहन चर्चा की थी कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करना है और मुझे लगता है कि हमने ऐसा किया है। इसलिए यह बढ़ते हुए गेंदबाजी आक्रमण का एक सुखद संकेत है, क्योंकि उनके पास सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक की कमी है, इसलिए वे इस तरह की चीजों पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं। सिराज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में बिना किसी पांच विकेट के हरी घास वाले विकेट पर खेला, लेकिन इंग्लैंड में अपना पहला पांच विकेट हॉल हासिल किया, शायद इस सदी में भारत ने इस देश में सबसे सपाट पिच का सामना किया है। मोर्कल ने कहा कि यह पांच विकेट सभी मैचों में अच्छी गेंदबाजी का इनाम था। मोर्कल ने कहा कि 'सिराज एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो हमेशा अपनी क्षमता के अनुसार खेलता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी उसका दोषी पक्ष बहुत अधिक प्रयास करता है। यह उस तरह की आक्रामकता और तीव्रता को प्रबंधित करने के बारे में है क्योंकि वह वास्तव में अपने दिल की बात कहता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी इस तरह की चीजें आपको असंगति दे सकती हैं। अब जब वह मैच में आक्रमण का नेतृत्व कर रहा है, तो उसने विकेट हासिल किए, लेकिन मेरे लिए प्रयास और ऊर्जा के मामले में और शरीर में दर्द के बावजूद, वह हमेशा तैयार रहता है और अपना हाथ ऊपर रखता है, और वह उस ओवर में गेंदबाजी करना चाहता है। मुझे नहीं लगता कि कभी-कभी हम उसे इसके लिए पर्याप्त श्रेय देते हैं। मोर्कल ने कहा कि आक.ाश दीप की आक्रमण शैली ने भारत को नई गेंद के कुछ समय के अंतराल में कुछ करने की क्षमता दी। मोर्कल ने कहा कि 'वह एक आक्रामक गेंदबाज है जो सवाल पूछता है, स्टंप पर बहुत गेंदबाजी करता है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड में यह एक सुनहरा नियम है : स्टंप पर लगातार सवाल पूछना। इसलिए ब्रिटेन में इस तरह की परिस्थितियों के लिए, यह उसकी शैली के अनुकूल है। और चोट से वापस आकर उसे तेज गति से दौड़ते हुए देखना, हमारे लिए एक अच्छा संकेत है। वह एक स्वप्निल गेंद थी शीर्ष गुणवत्ता वाले खिलाड़ी जो रूट और उन्हें इस तरह से आउट करना आकाश की गुणवत्ता को दर्शाता है, कि वह क्या कर सकते हैं। मुझे लगता है कि वह भी हम सभी की तरह ही एक व्यक्ति हैं। आप उन्हें जितना अधिक आत्मविश्वास देंगे, लगभग ऐसा लगेगा कि गेंद के पीछे थोड़ी अधिक ऊर्जा है और उम्मीद है कि वह आज रात उस गेंद को अपने फोन पर देखेंगे और फिर कल कुछ और गेंदें लाएंगे। हालांकि, मोर्कल ने कहा कि यह आसान नहीं होने वाला है क्योंकि

स्मिथ-ग्रीन के अर्द्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने बनाई मैच पर पकड़

● स्टीव स्मिथ 71, कैमरून ग्रीन 52 रनों की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच में मजबूत पकड़ बना ली

सेंट जॉर्ज, वार्ता। स्टीव स्मिथ (71), कैमरून ग्रीन (52), ट्रैविस हेड (39) और एलेक्स कैरी (नाबाद 26) रनों की जूझारू पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने के समय सात विकेट पर 221 रन बनाकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के दो विकेट पर 12 रन से आगे खेलना शुरु किया। शनिवार को सुबह के सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने अभी स्कोर में 16 रन का इजाफा किया था कि जोसेफ ने नेथन लायन (आठ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए स्टीव स्मिथ ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 93 रन जोड़े। कैमरून ग्रीन को भी जोसेफ ने आउट किया। कैमरून ग्रीन ने 123 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट स्टीव स्मिथ के रूप में गिरा। उन्हें जस्टिन ग्रीव्स ने पगबाधा आउट किया। स्टीव स्मिथ ने 119 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से (71) रन बनाये। बो वेब्स्टर (दो) को भी ग्रीव्स ने आउट किया। ट्रैविस हेड 60 गेंदों में (39) रन बनाकर आउट हुये। स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 64-3 ओवर में सात विकेट पर 221 रन बना लिये थे। एलेक्स कैरी (नाबाद 26) और कप्तान पैट कमिंस (नाबाद चार) क्रीज पर मौजूद थे।

श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा आर्म रेसलिंग कप में जीता स्वर्ण पदक

नई दिल्ली, वार्ता। पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में प्लस 80 किलोग्राम वर्ग की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्रीमंत झा ने चार से छह जुलाई तक आयोजित लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप प्रतियोगिता में जर्मनी के ओलेकसांद्र लीशुकोव को हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपनी इस जीत को अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को समर्पित किया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही बुल्गारिया में होने वाली विश्व पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है।

रियल मैड्रिड-पीएसजी फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे

न्यूयॉर्क, वार्ता। रियल मैड्रिड और पीएसजी फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे। यूरोप के दिग्गज फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड और पीएसजी ने शनिवार को खेले गए अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुक.ाबलों में जीत दर्ज कर फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में जगह बनाई। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में रियल मैड्रिड ने आखिरी क्षणों में संघर्ष करते हुए बोरूसिया डॉर्टमंड पर 3-2 से जीत हासिल की।

राफेल के खिलाफ मुहिम

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सात मई को भारत और पाकिस्तान के बीच उस समय संघर्ष छिड़ गया था, भारत में सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये पाकिस्तानी आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमला बोला था। इस संघर्ष में मिसाइलों और लड़ाके विमानों का इस्तेमाल हुआ था। तब पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने भारत के पांच लड़ाकू विमान गिराए थे, जिनमें 3 राफेल जेट भी शामिल हैं, तभी से राफेल विमान को लेकर एक नई बहस छिड़ गई। हालांकि भारत ने कभी यह स्वीकार नहीं किया कि उस संघर्ष में हमारा कितना नुकसान हुआ, लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमारे सैनिक अधिकारियों के माध्यम से ऐसी बातें सामने आई, जो यह बताती हैं कि हमारा भी काफी नुकसान हुआ। सीडीएस अनिल चौहान ने सिंगापुर में यह स्वीकार किया था कि आरंभिक चरण में हमारा कुछ नुकसान हुआ है। उनके बाद सेना उप प्रमुख ने भी माना कि हमने कुछ विमान खोए। अब फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसी ने एक कदम आगे जाकर एक नया खुलासा किया है जिसमें कहा गया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिये फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और इस विमान पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। फ्रांस के वायु सेना प्रमुख जनरल जेरोंग बेलेंजर ने भी यह कहा है कि भारत ने संभवत: तीन लड़ाकू विमान खोए, जिनमें एक राफेल, एक सुखोई और एक मिराज 200 शामिल हैं। उनका यह भी कहना है कि फ्रांस ने अभी तक जितने भी देशों को विमान भेजे हैं, उनमें पहली बार राफेल को निशाना बनाने की बात सामने आई है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि लड़ाकू विमान अगर गिरा है तो इस बारे में उस देश से सवाल पूछा जाना चाहिए। जाहिर है, उनका इशारा भारत की तरफ था, क्योंकि भारत ने फ्रांस से ही राफेल विमान को खरीदा है। यह विमान पांचवीं पीढ़ी का विमान है और बेहद उन्नत माना जाता है। वैसे होना तो यह चाहिए था कि सबसे पहले इस तरह की बहस भारत में ही होनी चाहिए थी कि आखिर पाक के साथ क्षेत्रीय संघर्ष में हमने क्या खोया, क्या पाया, लेकिन जो भी समाचार युद्ध के संबंध में आ रहे हैं वह विदेशी धरती से ही आ रहे हैं। भारत में इस संबंध में कोई ज्यादा बात नहीं हो रही है। विपक्षी दल भी बार-बार सरकार को इस मुद्दे पर घेरते रहे हैं और संसद सत्र बुलाने की मांग भी विशेष रूप से करते रहे हैं, ताकि इस संबंध में चर्चा की जा सके। सरकार ने भी विपक्ष की इस मांग को कभी नहीं स्वीकारा। जाहिर है, जब सरकार अति सतर्कता बरतेगी, तो तरह-तरह की भ्रांतियां तो पैदा होंगी ही। सीज फायर को लेकर भी यह भ्रांतियां हो रही हैं। ट्रम्प ने जाने कितनी बार अमेरिका में और बाहर भी यह कहते रहे हैं कि सीजफायर उन्होंने कराया और वह भी व्यापार की धमकी देकर जबकि भारत बराबर इन्कार करता रहा है, लेकिन ट्रम्प पर इस बात का कोई प्रभाव पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि चीन का पाकिस्तान पर बड़ा प्रभाव है और ऐसा माना जाता है कि पाक में सैन्य हथियारों के मामले में 82 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। जाहिर है चीन यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि उसके हथियार ज्यादा कारगर साबित हुए।

महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद

रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान जैसे युद्धों के कारण दुनियाभर में टकराव का माहौल बन गया है, स्थिति बन रही है जिससे कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है, बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है, आज पूरी दुनिया में संघर्ष का वातावरण है, रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जारी हैं, कभी भी वर्ल्ड वॉर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है, भारत बुद्ध की धरती है, जिसने दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया है, युद्ध की तकनीक अब पूरी तरह बदल चुकी है, अब टैंक और पारंपरिक विमान कम उपयोगी हो गए हैं, जबकि मिसाइल और ड्रोन जैसे आधुनिक शस्त्रों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है।

-नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री

बांग्लादेश के चुनाव आयोग के तत्कालीन सुधारों को समझिए

हफीज किदवई

आज जानिए की बांग्लादेश चुनाव में वहां के चुनाव आयोग ने क्या किया था। क्या वजह थी कि शेख हसीना प्रचंड बहुमत से जीती। जिस जनता ने इतनी महान विजय दी, वही ने उसे सालभर में निर्वासन पर क्यों भेज दिया। इसे समझना हो, तो बांग्लादेश के चुनाव आयोग के तत्कालीन सुधारों को समझिए।

वोटर लिस्ट में क्या किया गया था

मतदाता सूची का पुनरीक्षण- चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने दावा किया कि देशभर में डिजिटल मतदाता सूची का अपडेट किया गया है। कई जगह बायोमेट्रिक सत्यापन के जरिए मृत मतदाताओं के नाम हटाए गए और नए युवाओं को जोड़ा गया।

नोट- विपक्ष कहता रहा कि यह प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है मगर किसी ने नहीं सुनी फर्जी और डुप्लिकेट वोटर शामिल करने के आरोप लगा। कई रिपोर्टों में सामने आया कि फर्जी नाम, डुप्लिकेट आईडी और काल्पनिक मतदाता सूची में शामिल किए गए थे। कुछ इलाकों में एक ही व्यक्ति के नाम से दो बार वोट डालने की घटनाएं सामने आईं। एक ही घर से उसके परिवार के सदस्यों की संख्या से कई गुना अधिक वोट डाले गए। विपक्ष ने तब भी कहा कि यह सब शेख हसीना की पार्टी को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया। मगर किसी ने नहीं सुना फिर आया सबसे महत्वपूर्ण Ghost Voters (भूतिया मतदाता) का मामला। कुछ स्वतंत्र मीडिया रिपोर्ट्स जैसे The Guardian Reuters में कहा गया कि कई मतदान केंद्रों पर ऐसे लोगों के वोट दिखाए गए जो या तो विदेश में थे, मृत थे या वहां कभी रहते ही नहीं थे। यह वोटर अचानक जुड़े, वोट किया, फिर गायब, इनकी संख्या बहुत बड़ी थी। फिर जो हुआ वह भी कम महत्वपूर्ण नहीं था। मतदाता अनुपस्थिति और वोट में असंगत संदिग्ध बढ़त हुई। चुनाव वाले दिन दोपहर तक केवल 27 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ था, लेकिन अचानक अंतिम आंकड़े 41 प्रतिशत तक पहुंचाए गए, जिससे यह संदेह गहरा हुआ कि कुछ बड़ी गड़बड़ की गई है। वोट प्रतिशत दिनभर 27-28 रहना और रात बीतने के बाद जब फाइनल वोट के आंकड़े देना, जिसमें 10 प्रतिशत के ऊपर की बढ़ोतरी ने संदिग्ध हालात पैदा किए। विपक्ष ने तब भी कहा कि चुनाव आयोग सही आंकड़े नहीं दे रहा। कुछ गड़बड़ कर रहा, मगर किसी ने नहीं सुना। चुनाव आयोग ने वहां बुजुर्ग और ग्रामीण इलाकों में गाइडेड वोटिंग भी करवाई, जो बुजुर्गों को अशक्त लोगों को सुविधा देने के नाम पर की गई। रिपोर्टों के मुताबिक, कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में वोटर्स से यह तक कहा गया कि किसे वोट देना है। कई बुजुर्ग मतदाता जिन्हें वोटिंग की प्रक्रिया स्पष्ट नहीं थी, उनके वोट एजेंट्स द्वारा प्रभावित किए गए। एजेंट्स ने खुद वोट डाल दिए। विपक्ष ने विवश होकर इस पर भी चेताया मगर किसी ने नहीं सुना। खूब सवाल उठे, तब क्या कहा गया आधिकारिक रूप से।

चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची पूरी तरह डिजिटल, अद्यतन और पारदर्शी है, लेकिन उन्होंने कुछ जिलों में संदेहास्पद गतिविधियों की आंतरिक जांच शुरू करने की भी बात मानी। यह कहा सब कुछ सही और पारदर्शी है। विपक्ष के आरोप बेबुनियाद हैं। एक आध घटना हो सकती हैं, उसकी जांच हो जाएगी, बाकी सारी प्रक्रिया पारदर्शी है। फिर परिणाम आए, शेख हसीना प्रचंड बहुमत से जीतीं। विपक्ष दहाई नहीं पार कर पाया। मगर सालभर में जब जनता को सच दिखने लगा, तब क्या हुआ। शेख हसीना को अपनी मिट्टी छोड़नी पड़ी। चुनाव आयोग पर कार्यवाही शुरू हुई। हर अधिकारी, बड़ा या छोटा, आज जेल में है और कानूनी कार्यवाही का सामना कर रहा है। देश अस्थिर हो गया। यह सब क्यों हुआ, क्योंकि उनकी एक संवैधानिक संस्था ने देश की जनता और देश से गद्दारी की थी। ज्यादा से ज्यादा क्या होता, शेख हसीना हार जाती मगर सिस्टम का कबाड़ा तो नहीं निकलता। आज उनके चुनाव अधिकारी हुलिया बदलकर छिपे छिपे घूम रहे। अपनी पहचान नहीं बता सकते, जैसे ही पहचाने जाते हैं, मारे जाते हैं। यह कमाया है बंगलादेश के चुनाव आयोग ने, पूरे देश को अराजकता की भेंट चढ़ा दिया। चुनाव आयोग के पास ताकत थी, संविधान ने उन्हें व्यवस्था दी थी मगर वह शेख हसीना के तलवों में लोटने लगे। देश की जनता ने अपने अधिकारों के साथ यह बर्ताव देखा। वोट की ताकत को छिन्न भिन्न होते देखा। हसीना और चुनाव आयोग, सबको उलट पलट दिया। यही होता है, जब कोई जनता के साथ खेल खेलता है। तब यही हश्र होता है मगर देश का तो नुकसान बड़ा हो जाता है। विपक्ष की बात उस वक्त सुन ली होती, तो आज यह दिन न होते की अधिकारी, कर्मचारी अपनी जान की भीख मांगते न फिर रहे होते। बांग्लादेश में बुरा हुआ। जनता के साथ पहले गलत हुआ। फिर जनता ने गलत कर दिया मगर उसके पास रास्ता ही क्या था।

केंचुआ सरकारी विभाग नहीं है, उसका काम तय है

वोटर यानी मतदाता का मतलब किसी चुनाव क्षेत्र में आमतौर पर रहने वाली आबादी का वह हिस्सा है जो 18 वर्ष से ऊपर का है। मतदाता सूची में इनका नाम दर्ज करने और इसकी जांच या प्राप्त आवेदन की पुष्टि के लिए बीएलओ होता है जो बताए गए पते पर जाकर तस्दीक करता है कि दावा सही है या नहीं। दावे की पुष्टि पड़ोसियों से भी की जा सकती है। इसके अलावा कोई नियम अभी तक नहीं रहा। सुविधा के लिए दस्तावेज मांगना और देना औपचारिकता है। 18 साल से ऊपर की आयु के दावे की पुष्टि के लिए जन्म प्रमाण पत्र जरूर मांगा जा सकता है, लेकिन यह उसी के लिए है जो 18 साल का होते ही मतदाता बनना चाहता है। केंचुआ सरकार से अलग, स्वायत्त और स्वतंत्र है। जो देखने में 18 साल से ऊपर का लगता है उससे कोई प्रमाण पत्र मांगने का रिवाज नहीं है। चुनाव आयोग का काम नागरिकता, जन्म, जन्म स्थान, आयु या माता-पिता के नाम की पुष्टि करना नहीं है। ना उसे मतदाता के लिए कोई प्रमाणपत्र जारी करना होता है। उसे चुनाव क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों का नाम उनके पते के अनुसार दर्ज करना है। वोटर बनाना और चुनाव कराना है। नतीजे बताना है। इसके अलावा कुछ नहीं। अगर किसी कारण कोई विदेशी नागरिक गलती से मतदाता सूची में आ जाए तो सरकार के संबंधित विभाग का काम है कि वह उनका नाम कटवाए या वोट देने से रोके, पर जो किसी चुनाव क्षेत्र में रह रहे हैं, विदेशी होना पक्का नहीं है उसे वोट देने का हक है। उनका वोट जरूर पड़े यह सुनिश्चित करना भी चुनाव आयोग का काम है।

-संजय कुमार सिंह

बारिश का कहर और विकास की विफलता

शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया। जब बारिश आती है, तो केवल इमारतें और सड़कें नहीं ढहतीं, आम लोगों का जीवन भी उजड़ जाता है। लोग रातोंरात बेघर हो जाते हैं। स्कूल, अस्पताल, बिजली-पानी की सुविधाएं बंद हो जाती हैं। प्रशासनिक अमला अकसर घटनास्थल पर देर से पहुंचता है और राहत कार्यों में राजनीतिक रस्साकशी आड़े आ जाती है। राहत कैंपों में भोजन, शौचालय और दवाइयों की भारी कमी रहती है।

बीते कुछ वर्षों में पहाड़ों में बारिश एवं बादल फटना अब डर, कहर और तबाही का पर्याय बन गई है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, और पूर्वोत्तर के अन्य पहाड़ी राज्यों में हर वर्ष मानसून के साथ भयावह भूस्खलन, बादल फटना, पुल बहना और सड़कें टूटना एक आम दृश्य बन गया है। यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थागत विफलता, सरकारी निर्माण की लापरवाही और अनियोजित विकास की पोल खोलने वाला यथार्थ है। निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है।

हर वर्ष जब मानसून की पहली बारिश पहाड़ों को भिगोती है, तो स्थानीय जनजीवन एक नई उम्मीद के साथ खिल उठता है। खेतों में हरियाली, नदियों में जल, और प्रकृति की शीतलता-मानसून एक उत्सव जैसा लगता है, लेकिन हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रूपए की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है। 2023 और 2024 के मानसून ने हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों में जो कहर बरपाया, वह केवल आंकड़ों में सीमित नहीं है। दर्जनों लोग मारे गए, सैकड़ों मकान जमींदोज हो गए, हजारों लोग बेघर हुए। हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, सड़कों, सुरंगों और इमारतों के निर्माण ने जिस तरह से पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना के साथ छेड़छाड़ की, वह अब प्रकृति के प्रतिशोध का कारण बन रही है। उत्तराखंड में ऑल वेदर रोड, हिमाचल में सुरंगें और जल विद्युत परियोजनाएं-इन सभी ने विकास के नाम पर जिस प्रकार अंधाधुंध खुदाई और कटान किए हैं, उससे पर्वतीय क्षेत्र अपनी स्थायित्व खोते जा रहे हैं। वैज्ञानिक चेतावनियों के बावजूद कई निर्माण कार्यों में भूगर्भीय सर्वेक्षण की अनदेखी की गई। नतीजा यह हुआ कि हल्की-सी भारी बारिश में ही सड़कें धंस जाती हैं, इमारतें दरकने लगती हैं, और पूरा गांव मलबे में दब जाता है।

वास्तव, पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालई पारिस्थिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इनकी तीव्रता और आवृत्ति में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। इसकी मुख्य वजहें हैं-अनियंत्रित पहाडों की कटिंग और खुदाई, बढ़ता भारी वाहन यातायात, जल निकासी की अव्यवस्था एवं वन क्षेत्र का अत्याधिक क्षरण। सरकारी निर्माण एजेंसियां अक्सर तय मानकों की अनदेखी करती हैं। निर्माण सामग्री घटिया होती है और मुनाफाखोरी के चक्कर में दीवारें और पुल बरसात में ताश के पत्तों की तरह ढह जाते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और पर्यावरण वैज्ञानिक लगातार चेताते रहे हैं कि हिमालई क्षेत्र बेहद संवेदनशील हैं। फिर भी, निर्माण कार्यों के लिए भू-सर्वेक्षण, पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) और जनसुनवाई की प्रक्रियाओं को या तो टाल दिया जाता है या खानापूर्ति भर की जाती है। चार धाम यात्रा मार्ग पर बनने वाली सड़क परियोजनाओं को सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार रोका और सुझाव दिए कि पहाड़ों को काटने की बजाय टनल या वैकल्पिक मार्ग बनाए जाएं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है।

निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का विनाश निश्चय ही भयावह है। वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है। इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों, सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नए सिरे से बहस छेड़ दी है। राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं। कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है।

-ललित गर्ग

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

निषादों की ऐतिहासिक भूमिका और उपेक्षा का संताप



वीरेश तरार

रामायण में एक अमिट प्रसंग आता है। भगवान राम को जब वनवास मिला तो वह लक्ष्मण और सीता के साथ गंगा पार करने के लिए निकले। वहीं उन्हें मिलते हैं केवट। वह राम के चरण धोकर उन्हें पार उतारता है। वह कहता है। प्रभु आपके चरणों से अहिल्या जैसी स्त्री पत्थर से नारी बन गई, मुझे डर है कहीं मेरी नाव भी नारी न बन जाए। यह प्रसंग करुणा, भक्ति और भोलेपन से भरा है, पर हमारे इतिहास ने इसी केवट को, इसी निषाद को केवल भक्ति का पात्र बनाकर छोड़ दिया। नतीजा यह है कि निषाद को अब साल में एक बार रामलीला के मंच पर याद किया जाता है, बस। क्या यह उस जाति के साथ अन्याय नहीं है जिसने भारत की सभ्यता के बीज बोए?

निषाद कोई एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक परंपरा है। नाव चलाना, जल आधारित उत्पादन करना, जलकुंभी, मखाना, सिंघाड़ा जैसे उत्पादों का व्यापार, नदी के दोनों किनारों से लोगों और माल को पार उतारना, नदी के जरिए सुदूर क्षेत्रों तक माल का ढोना, यही इनका परंपरागत कार्य रहा है। ये नदियों के किनारे रहते आए हैं, नाव बनाते हैं, चलाते हैं और जल मार्गों को जीवन देते हैं। यदि हम देखें कि भारतीय उपमहाद्वीप की समृद्ध सभ्यता कैसे बनी, तो पाएंगे कि नदियों के किनारे बसी बस्तियों से यह सभ्यता उठी और नदी ही वह माध्यम बनी जिसने कृषि, व्यापार और जीवन को जोड़ा। नदियां पहाड़ों से निकलती हैं। हिमालय और अन्य पर्वतों पर जमा बर्फ के पिघलने से, बारिश के जल से, वर्षा ऋतु की बाढ़ों से, ये नदियां मैदानों तक आती हैं। अपने साथ वे खनिज लाती हैं, बीज लाती हैं, उपजाऊ मिट्टी लाती हैं और नदी के किनारे की भूमि को उपजाऊ बना देती हैं। यही वह बिंदु है जहां जंगली शिकारी मानव समूहों की दृष्टि वनस्पतियों की ओर जाती है। वही मनुष्य जो जानवरों का शिकार करता था, अब वह देखता है कि नदी किनारे की घास, झाड़ियां और अनाज जैसे पौधे बार-बार उसी स्थान पर उगते हैं। यहीं से शुरू होती है खेती। गेहूं, जौ, दालें कृ सब की खेती नदी किनारे से प्रारंभ होती है, परंतु जब एक किसान उत्पादन करता है, तो उसकी अपनी जरूरतें भी होती हैं। नमक, मसाले, आभूषण, उपकरण ये सब उसके पास नहीं होते। तब उस तक ये चीजें कौन पहुंचाता है? यही वह बिंदु है जहां निषाद, केवट, मल्लाह, बंजारा, द्रविड़ जैसे समुदायों की भूमिका सामने आती है।

बंजारे चलते थे गांव-गांव, उनके साथ महिलाएं होती थीं जिन्हें बंजारिन कहा गया। वे मसाले, समुद्री उत्पाद, आभूषण, कोड़ी, शंख, मखाना और भी ढेर सारी चीजें किसान समुदाय तक पहुंचाते थे। बदले में वे उनसे अनाज लेते थे। मुद्रा की जगह वस्तु विनिमय होता था और इस प्रकार भारत की पहली व्यापारिक व्यवस्था स्थापित हुई।

जब निषाद नाव से एक ओर किसान की उपज ले जाते, तो दूसरी ओर समुद्र की चीजें लाकर उसे सौंपते। इसी क्रम में व्यापार के केंद्र बने। हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, राखीगढ़ी, कालीबंगा, लोथल और आज के आधुनिक शहर। सब नदियों के किनारे बसे हैं। भारत का पहला शहरवासी वर्ग इन नाविकों, व्यापारियों, और कृषि उत्पादकों से बना परंतु यही काम अन्य देशों ने भी किया। वास्को-डि-गामा, पुर्तगाल का नाविक, भारत पहुंचा तो वह एक व्यापारिक यात्रा पर निकला था। अरब देश के नाविकों ने भी व्यापार की श्रंखला बनाई। इनके पीछे उनके राजा, बादशाह और सुल्तान खड़े थे। यही कारण है कि यूरोप में नौकायन संस्कृति का विकास हुआ, समुद्री मार्गों से देशों को जोड़ा गया और कालांतर में व्यापार ने ही उन्हें इतना शक्तिशाली बना दिया कि इस्ट इंडिया जैसे नाविक कंपनी भारत से ही शुरू करके पूरे विश्व की सत्ता पर अपनी सत्ता का परचम फहरा सकी। पुर्तगाली नाविक भी तब एशिया के कई हिस्सों में अपनी समानांतर सत्ता चला रहे थे। जबकि भारत में हमारे नाविकों को, निषादों को, बंजारों को, मल्लाहों को कभी कोई संरक्षण नहीं मिला। वे सदियों तक मेहनत करते रहे, नाव खींचते रहे, समुद्र की लहरों में संघर्ष करते रहे, लेकिन उनकी तरफ किसी राजा ने देखा तक नहीं। निषाद समाज ने भारत को भारत बनाया, लेकिन खुद उपेक्षित रह गया। उसके ज्ञान, उसके कौशल, उसकी व्यापारिक सूझबूझ को कभी मान्यता नहीं मिली और आज भी वह उपेक्षित है। जब भारत के परंपरागत जल मार्ग बर्बाद हो गए, जब नदियों को उनके प्राकृतिक स्वरूप से मोड़ दिया गया, तो वह नाविक संस्कृति भी बर्बाद हो गई। आज कंपनियां खेत से सीधे उत्पाद खरीदती हैं और निषाद समाज जैसे परंपरागत बिचौलिए समाप्त कर दिए गए। यही कारण है कि यह समाज आज गरीबी, बेरोजगारी और राजनैतिक उपेक्षा से त्रस्त है। अब समय आ गया है कि भारत अपने अतीत की ओर लौटे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हमारी सभ्यता नदी आधारित रही है, नदियों से जीवन चलता है और उन नदियों के रक्षक, उनके साथी, उनके व्यापारी निषाद समुदाय हैं। यदि हम इन समुदायों को पुन: महत्व दें, जलमार्गों को फिर से विकसित करें, नदियों की सफाई करें, जल संग्रहण और परिवहन को पुनर्जीवित करें तो न केवल निषाद समाज उठेगा, बल्कि भारत फिर से एक शक्तिशाली राष्ट्र बनेगा।

भारत की आत्मा गांवों में है, पर उसकी धड़कनें नदियों में हैं। जब तक ये नदियां बहती रहेंगी, निषाद समाज नाव चलाता रहेगा, बंजारा व्यापार करता रहेगा, किसान हल चलाता रहेगा, बंजारिन सिर पर टोकरा रखे जाती रहेगी। तभी तक भारत भारत रहेगा, लेकिन आज भारत उस कौवे की तरह होता जा रहा है जो हंस की चाल चलने की नकल में अपनी चाल ही भूल गया है। अगर उसे जीवित रहना है, आगे बढ़ना है, तो उसे अपनी असली चाल, अपनी मिट्टी, अपनी नदियां, अपने निषाद, अपने बंजारे को फिर से पहचानना और अपनाना होगा। तभी भारत फिर से अपनी पहचान और गरिमा के साथ खड़ा हो सकेगा। हम यहां यह भी नहीं कहेंगे कि भारत के यह निषाद, बंजारे और द्रविड उन्हीं परम्परागत साधनों और पोशाकों के साथ मैदान में उतारे जाएं, बल्कि आधुनिक तनीकी से लैस उन्नत संसाधनों का भरपूर समावेश इनकी कार्ययोजना में शामिल किया जाए हमें तो इनके व्यवसायिक ज्ञान, पर्यावरणीय अनुभव आधारित समझ और असीम कार्यक्षमताओं का यथा सामर्थ्य उपयोग बस करना है और इन्हें उस प्रणाली की रीढ़ बनाने की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

रजत जयंती वर्ष 25 YEARS 2000–2025 ... ढाई दशक का सुनहरा सफर

शाह टाइम्स की रजत जयंती पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं